CMYK

तापमान
अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 19°C

सेंसेक्स
78,553.20
23,851.65

सोना चांदी
98,350
1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

नई दिल्ली, सोमवार 21 अप्रैल 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 19 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com

बैसाख कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082

22 शव्वाल 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

हजारों लोगों ने राष्ट्रपति ट्रम्प का आवास घेरा

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



धीमे ओवर रेट के लिए शुभमन गिल पर लगा जुर्माना

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

यूपी व उत्तराखंड सहित 20 राज्यों में आंधी-बारिश

मप्र के पांच जिलों में हीटवेव की चेतावनी

नई दिल्ली। देशभर में अप्रैल के शुरुआती दिनों में तेज गर्मी के बाद एक बार फिर मौसम बदला है। उप्र, उत्तराखंड, बिहार, हिमाचल प्रदेश, जम्मू- कश्मीर समेत 20 राज्यों में आंधी-बारिश की संभावना है।

केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश और तूफान का अलर्ट है। इधर राजस्थान, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हीटवेव की संभावना है। इन राज्यों के कई इलाकों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने मप्र के रतलाम, गुना, सागर, दमोह और सीधी में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। 26 शहरों में तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा।

जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से तबाही, बाढ़ व भूस्खलन से तीन की मौत

रामबन में 100 लोगों का रेस्क्यू

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। रामबन जिले के सेरी बागना इलाके में रविवार सुबह बारिश के बाद बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने करीब 100 लोगों को रेस्क्यू किया। सूत्रों ने बताया कि बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई।

पहाड़ का मलबा गांव की तरफ आ गया, जिसकी चपेट में कई लोग और घर आ गए। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। उधर, रामबन जिले के बनिहाल इलाके में कई जगह लैंडस्लाइड हुई हैं। इसकी वजह से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया है। सैकड़ों

वाहन फंसे हुए हैं। किश्तवाड़-पद्दर मार्ग भी बंद है। यहां वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। अधिकारियों ने मौसम साफ होने के बाद ही हाईवे पर सफर करने की अपील की है।

बेंगलुरु एयरपोर्ट पर खड़े इंडिगो प्लेन से टकराया टेंपो

बेंगलुरु, वार्ता

बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक टेंपो ट्रैवलर की इंडिगो प्लेन से टक्कर की फोटो वायरल हो रही है। ये हादसा शुक्रवार (18 अप्रैल) दोपहर का है, जब एक टेंपो ट्रैवलर खड़े हुए इंडिगो प्लेन से टकरा गया, जिसमें ड्राइवर को हल्की चोटें आईं।

हादसा दोपहर करीब 12:15 बजे एयरपोर्ट के अल्फा पार्किंग वे 71 पर हुआ। एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि टेंपो एक थर्ड-पार्टी ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी का था और उसे

ड्राइवर की लापरवाही से हुआ हादसा

एयरपोर्ट स्टाफ को छोड़ने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। जिस विमान से टेंपो टकराया, वह इंजन रिपेयर के चलते पहले से ही ग्राउंडेड था और अभी संचालन नहीं होना था। इस वजह से कोई भी यात्री मौजूद नहीं था। इंडिगो ने अपने बयान में कहा कि हादसा ड्राइवर की लापरवाही की वजह से हुआ। टेंपो विमान से जा टकराया, जिससे वाहन की छत और चालक की साइड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

संयुक्त अरब अमीरात में अपने जौहर दिखाएंगे भारतीय लड़ाकू विमान

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना के मिग-29 और जगुआर लड़ाकू विमान सोमवार (आज) से संयुक्त अरब अमीरात में प्रतिष्ठित हवाई युद्ध अभ्यास डेजर्ड फ्लैश -10 में अपने जौहर और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करेंगे। वायुसेना के प्रवक्ता ने रविवार को यहां बताया कि वायु सेना की टुकड़ी इस अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के अल धफरा एयर बेस पर पहुंच गई है। डेजर्ट फ्लैग अभ्यास संयुक्त अरब अमीरात वायुसेना द्वारा आयोजित एक बहुराष्ट्रीय अभ्यास है जिसमें भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, फ्रांस, जर्मनी, कतर, सऊदी अरब, कोरिया, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और अमेरिका की वायु सेनाएं भाग ले रही हैं। यह अभ्यास सोमवार (आज) से शुरू होकर आठ मई तक चलेगा।

विश्व में हर सेकंड होती है 1.63 करोड़ की साइबर ठगी

नई दिल्ली। इंटरनेट और तकनीक जीवन आसान बना रही हैं, लेकिन साइबर ठगों ने इसे खौफनाक जगह बना दिया है। 2024 में दुनिया में 498 लाख करोड़ से ज्यादा की साइबर ठगी हुई। यानी कि हर सेकंड 1.63 करोड़ की चपत लगी। भारत में 2023 में 9.2 लाख से ज्यादा शिकायतें आईं, जिनमें 6 हजार करोड़ की चपत लगी। गृह मंत्रलय की रिपोर्ट के अनुसार साइबर ठगी 6 साल में 42 गुना बढ़ गई। यह तकनीकी ही नहीं, बल्कि आर्थिक व कानूनी चुनौती भी बन गया है। ठगी की रकम की लॉन्ड्रिंग के लिए मनी म्यूल, क्रिप्टोकरेंसी व हवाला नेटवर्क इस्तेमाल हो रहे हैं। सरकारें साइबर सुरक्षा पर अरबों रुपये खर्च कर रही हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने 2025 में भारतीयों से 1.2 लाख करोड़ से ज्यादा की ठगी की आशंका जताई है। यह बिहार के बजट के 50 प्रतिशत के बराबर है। साइबर अपराध अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरा है। 2024 में दुनिया में साइबर क्राइम से 498 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ये कितना गंभीर है, यह इस तरीके से समझ सकते हैं।

रविशंकर प्रसाद ने BSF जवानों के साथ देखी 'ग्राउंड जीरो'

नई दिल्ली। भाजपा सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों के साथ एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म 'ग्राउंड ज़ीरो' देखी। सच्ची घटना पर बनी फिल्म ग्राउंड जीरो में बीएसएफ के पिछले 50 सालों की सबसे बड़ी ऑपरेशन की कहानी दिखाई गई है। 18 अप्रैल को ग्राउंड जीरो ने इतिहास रच दिया। पिछले 38 सालों में यह पहली फिल्म बनी, जिसका रेड कार्पेट प्रीमियर और स्पेशल स्क्रीनिंग श्रीनगर में हुई। यह पूरा इवेंट बीएसएफ जवानों के लिए रखा गया था। इस जज्बे को आगे बढ़ाते हुए ग्राउंड जीरो की टीम 19 अप्रैल को दिल्ली पहुंची, जहां एक और स्पेशल प्रीमियर रखा गया। इस मौके पर सांसद रवि शंकर प्रसाद ने भी बीएसएफ जवानों और फिल्म की टीम के साथ फिल्म देखी।

अमेरिका के नक्शे कदम पर भारत: नया कानून बनेगा

भारतीयों के डिपोर्टेशन के बाद केंद्र ने लिया फैसला

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्र सरकार विदेश में नौकरी के लिए जाने के नियम सख्त बना रही है। विदेश मंत्रालय नया कानून बना रहा है। बिल का ड्राफ्ट जल्द जारी होगा। जनता और विशेषज्ञों से राय लेने के बाद संसद के मानसून सत्र में इसे पेश किया जाएगा।

अवैध तरीके से अमेरिका गए भारतीयों के डिपोर्टेशन के बाद ये प्रक्रिया तेज हुई है। नया कानून 1983 के इमिग्रेशन एक्ट की जगह लेगा। इसका नाम इमिग्रेशन, ओवरसीज मोबिलिटी, फैसिलिटेशन एंड वेलफेयर बिल होगा। नौकरी के अलावा पढ़ाई और व्यवसाय के लिए विदेश जाने वालों की समस्याएं और मुद्दे भी इसमें शामिल हैं। इसमें भर्ती एजेंसियों की गैर-कानूनी गतिविधियां अपराध की श्रेणी में रखी जाएंगी। अब सिर्फ रजिस्ट्रेशन रद्द करने या ब्लैक लिस्टिंग जैसी कार्रवाई नहीं होगी। विदेश में नौकरी का झांसा देकर भारतीयों को फंसाने पर 5 से 10 साल की सजा और 1 से 10 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान होगा। विदेश मंत्रालय के अनुसार, अक्टूबर 2024 तक देश में 3094 गैर पंजीकृत एजेंट पहचाने गए थे। नौकरी के लिए विदेश जाने वालों के लिए डिक्लेरेशन

उल्लंघन पर पांच से 10 साल तक सजा संभव, एक से 10 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान होगा

अनिवार्य किया जा सकता है। इससे विदेशों में भारतीयों की संख्या का सही आंकड़ा रखा जा सकेगा। पुराने कानून में विदेश में पढ़ने जाने वालों के मुद्दे शामिल नहीं थे। नए बिल में ऐसे एजेंटों पर भी कार्रवाई होगी, जो छात्रों को झूठे वादे कर विदेश भेजते हैं। बिल मजबूत बनाने के लिए उन राज्यों से राय ली जाएगी, जहां से बड़ी संख्या में लोग नौकरी के लिए विदेश जाते हैं। भारतवंशियों के बीच काम करने वाले संगठनों को भी ड्राफ्ट भेजा जाएगा। दुनियाभर में इस समय साढ़े तीन करोड़ भारतीय फैले हैं। इनमें से 1.58 करोड़ एनआरआई हैं, जबकि 1.97 करोड़ भारतीय मूल के लोग हैं। अमेरिका ने हाल ही में अपने यहां अवैध तरीके से पहुंचे भारतीयों को बेड़ियों में जकड़कर डिपोर्ट किया था। माना जा रहा है कि अमेरिका के बाद अब अन्य देशों में भी इमिग्रेशन कानून सख्त हो सकते हैं। ऐसे में भारत सरकार इमिग्रेशन की एक पारदर्शी व सुरक्षित व्यवस्था तैयार करना चाहती है, ताकि भविष्य में किसी तरह की शर्मिंदगी और नागरिकों को होने वाली दिक्कतों से बचा जा सके।

भारत और फ्रांस 28 अप्रैल को साइन करेंगे 26 राफेल मरीन जेट डील

नई दिल्ली। भारत और फ्रांस 28 अप्रैल को 26 राफेल मरीन फाइटर जेट के लिए अब तक के सबसे बड़े रक्षा सौदे पर हस्ताक्षर करेंगे। डील पर साइन फ्रांसीसी रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकार्नू की मौजूदगी में होंगे। रक्षा सूत्रों के मुताबिक 64 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की डील पर साइन करते समय दोनों पक्षों का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ अधिकारी करेंगे। यह कार्यक्रम साउथ ब्लॉक में रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय के बाहर भी आयोजित करने की योजना है। फ्रांसीसी मंत्री का 27 अप्रैल की शाम को भारत पहुंचने और अगले दिन लौटने का शेड्यूल है। गौरतलब है कि भारत ने 9 अप्रैल को गवर्नमेंट-टु- गवर्नमेंट डील के तहत पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में फ्रांस के साथ 26 राफेल-मरीन लड़ाकू विमानों के लिए सौदे को मंजूरी दी थी। इस सौदे में 22 सिंगल-सीटर, 4 ट्विन-सीटर जेट शामिल होंगे। साथ ही बेड़े के रखरखाव, लॉजिस्टिक सपोर्ट, पर्सनल ट्रेनिंग और स्वदेशी निर्माण वाला पैकेज भी शामिल होगा। ये सभी 26 मरीन राफेल जेट आईएनएस विक्रांत से ऑपरेट होंगे और मौजूदा मिग-29 के बेड़े का सपोर्ट करेंगे। इस सौदे के साथ ही राफेल जेट की संख्या बढ़कर 62 हो जाएगी। 26 राफेल-एम फाइटर जेट खरीदने की डील पर पहले दौर की चर्चा जून 2024 में शुरू हुई थी। तब फ्रांस सरकार और दसा कंपनी के अधिकारियों ने रक्षा मंत्रालय की कॉन्ट्रैक्ट नेगोशिएशन कमेटी से चर्चा की थी।

भाजपा और आरएसएस बांटना चाहते हैं लोगों को: ममता

कोलकाता, वार्ता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस ने पश्चिम बंगाल में दुर्भावनापूर्ण झूठा अभियान शुरू किया है। ममता ने शनिवार देर रात दो पेज का खुला पत्र जारी कर ये आरोप लगाए।

उन्होंने मुर्शिदाबाद हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि ये ताकतें उकसावे पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना का इस्तेमाल बांटने वाली राजनीति के लिए कर रही हैं। ममता ने लोगों से शांति बनाए रखने का अपील की। साथ ही कहा कि बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदायों को एक-दूसरे का ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने लिखा कि हम सांप्रदायिक दंगों की निंदा करते हैं और उन्हें रोकना चाहिए। दंगों के पीछे के अपराधियों से सख्ती से निपटा जा रहा है। लेकिन हमें आपसी अविश्वास से बचना चाहिए।

सीएम ने खुला पत्र जारी किया कहा: दुर्भाग्यपूर्ण घटना का इस्तेमाल बांटने वाली राजनीति के लिए कर रहे

मुर्शिदाबाद हिंसा: बाप-बेटे की हत्या मामले में चौथी गिरफ्तारी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में हिंसक प्रदर्शन के दौरान बाप-बेटे की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह मामले में चौथी गिरफ्तारी है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जाफराबाद के पड़ोसी गांव सुलिताला पुरबापारा निवासी जियाउल शेख के रूप में हुई है।

आरोपी 12 अप्रैल से फरार था। शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और विशेष जांच दल (एसआईटी) ने उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार यह व्यक्ति मुख्य आरोपियों में से एक है, जिसने मृतक के घर तोड़फोड़ करने के लिए भीड़ को उकसाया था और 12 अप्रैल को हरगोबिंदो दास और उनके बेटे चंदन दास की हत्या कर दी थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और शेख के मोबाइल फोन लोकेशन से उसका पता लगाया। इससे पहले पुलिस ने दो भाइयों कालू नादर और दिलदार के साथ ही एक अन्य आरोपी इंजामुल हक को गिरफ्तार किया था। हरगोबिंदो दास (72) और उनके बेटे चंदन (40) को भीड़ ने उनके घर के सामने मार डाला था।

डिब्रूगढ़ जेल में ही बंद रहेगा अमृतपाल सिंह

नई दिल्ली, वार्ता

पंजाब के खडूर साहिब से निर्दलीय सांसद और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की डिटेंशन की अवधि को एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। अमृतपाल सिंह के ऊपर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाई गई है।

पहले इसकी अवधि दो साल थी, जो 23 अप्रैल को पूरी हो रही है। अब पंजाब सरकार ने इसे एक साल के लिए बढ़ा दिया है। ऐसे में अमृतपाल सिंह को अप्रैल 2026 तक जेल में रखा जाएगा। अमृतपाल सिंह पिछले

पंजाब सरकार ने एनएसए की अवधि एक साल और बढ़ाई

दो साल से असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। 23 अप्रैल को अमृतपाल की डिटेंशन के दो साल पूरे हो रहे हैं। अब उसके डिटेंशन की कुल अवधि तीन साल हो गई है। उसे 23 अप्रैल 2026 तक जेल में रखा जाएगा। पूरी संभावना है कि अगले एक साल तक उसे असम की डिब्रूगढ़ जेल में ही रखा जाएगा।

फ्लाइट डायवर्जन पर भड़के जम्मू-कश्मीर सीएम उमर अब्दुल्ला

नई दिल्ली। इंडिगो की फ्लाइट को जयपुर डायवर्ट किए जाने के बाद एयरपोर्ट अधिकारियों ने रविवार को सफाई दी। फ्लाइट डायवर्जन मौसम में अचानक बदलाव और रनवे अपग्रेडेशन के चलते हुआ। जम्मू- कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला इसी फ्लाइट से ट्रैवल कर रहे थे। वे शनिवार रात दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट डायवर्जन को लेकर भड़क गए। दिल्ली एयरपोर्ट पर पूरी तरह बर्बादी का नजारा है। अथॉरिटी ने उमर अब्दुल्ला को जवाब देते हुए लिखा कि डियर मिस्टर अब्दुल्ला, जैसा कि आप जानते हैं, हमने दिल्ली में अचानक बदलते मौसम और हवा की दिशा को लेकर कई एडवाइजरी पहले ही जारी की हैं।

वक्फ मामले में जमील मर्चेंट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

मुंबई, वार्ता

अधिनियमित वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर याचिका दायर करने वाले मुंबई के सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद जमील मर्चेंट, उन पांच याचिकाकर्ताओं में शामिल हैं, जिनकी याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होगी।

उच्चतम न्यायालय द्वारा जिन पांच याचिकाओं पर सुनवाई की जाएगी, उनमें मौलाना अरशद मदनी बनाम भारत संघ, मोहम्मद जमील मर्चेंट बनाम भारत संघ, मोहम्मद

फजलुर्रहीम और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य- फजलुर्रहीम ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव हैं, शेख नूरुल हसन बनाम भारत संघ और अन्य- मणिपुर नेशनल पीपुल्स पार्टी के विधायक और असदुद्दीन ओवैसी बनाम भारत संघ शामिल हैं। श्री मदनी एक इस्लामी विद्वान और मुस्लिम समुदाय की सर्वोच्च संस्था जमीयतुल उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष हैं। श्री मर्चेंट एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। श्री फजलुर्रहीम ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव हैं। श्री हसन मणिपुर नेशनल पीपुल्स पार्टी के विधायक हैं। श्री ओवैसी, एक अनुभवी सांसद, ऑल इंडिया मजलिस- ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष एवं हैदराबाद का प्रतिनिधित्व करने वाले लोकसभा सदस्य हैं। श्री मर्चेंट महाराष्ट्र से एकमात्र याचिकाकर्ता हैं।

कर्नाटक जनेऊ विवाद: प्रिंसिपल व स्टाफ मेंबर सस्पेंड

बेंगलुरु। कर्नाटक के बीदर जिले के साई स्पूर्थी पीयू कॉलेज में 17 अप्रैल को एक स्टूडेंट ने जनेऊ उतारने से मना किया तो उसे एग्जाम में बैठने नहीं दिया गया। मामला सुर्खियों में आया और इस पर विवाद हुआ। अब मामले में प्रिंसिपल डा. चंद्रशेखर बिरादर और स्टाफ मेंबर सतीश पवार को सस्पेंड कर दिया है। ऐसा ही एक मामला शिवमोगा जिले के आदिचुंचनगिरी स्कूल से भी सामने आया था, जहां कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) एग्जाम देने आए तीन स्टूडेंट का जनेऊ उतरवाया गया। कर्नाटक ब्राह्मण महासभा की तरफ से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।

वोटर्स लिस्ट से डुप्लीकेसी हटाने के लिए चलेगा अभियान

बिहार चुनाव से होगी शुरुआत , 22 करोड़ वोटर्स आधार से लिंक नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। चुनाव आयोग (ईसीआई) वोटर्स लिस्ट को साफ सुथरा बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी कवायद करने जा रहा है।

इसके लिए मतदाता पहचान पत्र को आधार से जोड़ने पर सहमति बन चुकी है, लेकिन इसकी शर्त को पूरा करने के लिए उन वोटर्स से कारण जानना जरूरी है, जिन्होंने अभी तक अपना आधार नंबर वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए नहीं दिया है। आयोग के पास अभी तक 66 करोड़ मतदाताओं के आधार एपिक नंबर (इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड नंबर) से लिंक्ड हुए हैं, लेकिन अब भी करीब 22 करोड़ मतदाताओं के आधार उपलब्ध नहीं हैं। इसका नतीजा ये है कि आधार के बेस पर मतदाता सूची से डुप्लीकेशन खत्म करने की प्रक्रिया शुरू भी नहीं हो पाई है। सूत्रों के अनुसार, मतदाता सूचियों से डुप्लीकेसी खत्म करने के लिए वोटर्स तक पहुंचने की योजना बनाई गई है। इसमें बूथ स्तर के अधिकारियों को सक्रिय किया जाएगा, जो मतदाताओं के घर जाकर संपर्क करेंगे। इस दौरान पता लगाया जाएगा कि अगर एपिक नंबर को आधार से लिंक किया गया है तो उसकी पुष्टि क्यों नहीं की? अगर लिंक नहीं किया है तो उसकी वजह जानी जाएगी। अपना संपर्क नंबर वोटर्स के साथ शेयर करेगा। वोटर्स तक पहुंचने का यह व्यापक अभियान विधानसभा चुनावों के समानांतर चलाया जाएगा। जिस राज्य में चुनाव आने वाले हैं, वहां यह प्रक्रिया

प्राथमिकता से पूरी की जाएगी। इस साल के आखिर में बिहार में होने वाले चुनाव में बीएलओ वोटर्स से संपर्क करेंगे। अगले साल पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल के मतदाताओं से संपर्क की योजना है। 2014 और 2018 के चुनावों में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में लाखों डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम सामने आए थे। एक अनुमान के मुताबिक, तेलंगाना में 20 लाख से ज्यादा डुप्लीकेट नाम थे। इसे रोके बिना निष्पक्ष चुनाव कराना मुश्किल है।

बीएलओ घर-घर करेंगे वेरिफिकेशन

अगले 20 महीने में बिहार के 7.80 करोड़, प. बंगाल के 7.57 करोड़, असम के 2.45 करोड़, केरल के 2.77 करोड़ और तमिलनाडु के 6.23 करोड़ मतदाताओं के घरों तक आयोग के बीएलओ पहुंचेंगे। क्योंकि, बिहार में इसी साल अक्टूबर-नवम्बर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

पश्चिम बंगाल, असम, केरल और तमिलनाडु में अगले साल मई में विधानसभा चुनाव होंगे। निर्वाचन आयोग ने वोटरों के वेरिफिकेशन और उनसे संपर्क का यह अभियान इन कारणों से शुरू किया। राजनीतिक दल बड़े पैमाने पर वोटर जोड़े जाने की शिकायत तो करते हैं, लेकिन इस बारे में होने वाली अपील और सेकेंड अपील के आंकड़ों में भारी फासला दिखाई देता है। सूत्रों के मुताबिक, महाराष्ट्र में लोस चुनाव के बाद 39 लाख नए वोटर जोड़ने को लेकर आरोप लगे पर जिला निर्वाचन अफसरों के स्तर पर 89 शिकायतें दर्ज हुईं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर सिर्फ एक शिकायत पहुंची। उन आरोपों की सच्चाई भी सामने आएगी कि एक ही पते पर कई वोटर्स पंजीकृत किए गए। बूथ लेवल अधिकारियों का मतदाताओं के साथ सीधा संवाद कायम हो सकेगा।

गौरैया को बचाने के लिए कोर्ट ने सीलबंद दुकान के ताले खुलवाए

कन्नूर। केरल के कन्नूर की उल्लीकल में एक सीलबंद कपड़ा दुकान के कांच के शोकेस के पीछे तीन दिनों से फंसी एक गौरैया को बचाने का वीडियो सामने आया है।

यह चिड़िया वहां बने एक छेद से अंदर चली गई, लेकिन बाहर निकलने का रास्ता नहीं खोज पाई। आसपास के लोगों ने उसे देखा, तो उसे खाने-पीने की चीजें दीं। लेकिन गर्मी के कारण उसके मरने की चिंता हुई। लेकिन फायर ब्रिगेड, ग्राम अधिकारी, कलेक्टर कोई भी दुकान तोड़ने की कार्रवाई नहीं कर सका, क्योंकि दुकान को कोर्ट के आदेश से सील कर दिया गया था। इसके बाद जिला कलेक्टर अरुण के. विजयन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पंचायत

सचिव को दुकान खोलने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। डिस्ट्रिक्ट जज निसार अहमद भी मौके पर मौजूद रहे। शटल खुलते ही गौरैया उड़ गई। डिस्ट्रिक्ट जज निसार अहमद ने कहा कि यह घटना हमें बताती है कि कानून को मनुष्यों या जानवरों के जीवन पर बोझ नहीं बनना चाहिए। हर जीवन मायने रखता है, यहां तक कि गौरैया का भी।

संक्षिप्त समाचार

डीजे बजाने को लेकर विवाद, एक की मौत, तीन घायल

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के सरडीहा गांव में शनिवार की रात शादी समारोह का जश्न उस समय मातम में बदल गया, जब डीजे की धुन पर नाचने के दौरान बरातियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में 17 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई व तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी दुद्धी प्रदीप सिंह चंदेल ने रविवार को बताया की दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के सरडीहा निवासी रामस्नेह विश्वकर्मा की बेटी की शादी थी। कल शनिवार की रात बरात बभनी थाना क्षेत्र के पोखरा चैनपुर से आई थी। बरात में शामिल बराती डीजे की धुन पर झूम रहे थे। इसी दौरान गाने को लेकर आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि बरातियों के दो पक्ष आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते मामला मारपीट में बदल गया। बरात देखने पहुंचे गांव के ही मोहित (17), मोतीलाल (22) और अशर्फीलाल (22) बरातियों से उलझ गए। आक्रोशित बरातियों ने लाठी-डंडों से तीनों युवकों की जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान मोहित को डंडे से सिर पर गंभीर वार किया गया। मारपीट से बचने के लिए मोहित और नीरज भागते हुए पास के कच्चे कुएं में गिर गए। नीरज किसी तरह बाहर निकल आया, लेकिन मोहित गंभीर चोट लगने के कारण कुएं में ही बेहोश हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

पति ने पत्नी का सिर काटा, साइकिल से लेकर थाने पहुंचा

गुवाहटी। असम में एक 60 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी पत्नी का सिर धड़ से अलग कर दिया। कटा हुआ सिर लेकर साइकिल से पुलिस स्टेशन पहुंचकर सरेंडर कर दिया। घटना 19 अप्रैल की रात को चिरांग जिले में हुई। पुलिस ने बताया कि आरोपी बितीश हाजोंग ने अपनी पत्नी बैजंती ने अपनी पत्नी का सिर धारदार हथियार से काटा और फिर साइकिल से पुलिस स्टेशन पहुंचा। उसने साइकिल की बास्केट में पत्नी का कटा हुआ सिर रखा था। पुलिस ने कहा कि आरोपी बितीश दिहाड़ी मजदूर है। उसके और पत्नी के बीच झगड़े होते थे, जिसके चलते बितीश ने पत्नी की हत्या कर दी। एक पड़ोसी ने बताया कि शनिवार रात को बितीश के काम से घर लौटने के बाद दोनों में काफी झगड़ा हुआ था। दोनों छोटी-छोटी बातों पर हर दिन झगड़ते थे। चिरांग की एएसपी रश्मि रेखा शर्मा ने कहा कि हमने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अवैध संबंधों के शक में पति ने पत्नी व बेटियों पर डाला तेजाब

शाहजहांपुर। प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना निगोही क्षेत्र मे पत्नी के अवैध संबंधों के शक में पति ने अपनी पत्नी व दो बेटियों पर सोते समय तेजाब डाल दिया है। गम्भीर रूप से झुलसी तीनों मां बेटियों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) देवेंद्र कुमार ने रविवार को बताया कि थाना निगोही क्षेत्र के टिकरी गांव में रहने वाली रामगुनी (33) अपनी दो बेटियों व एक बेटे के साथ टिकरी गांव में किराए के मकान में रहती है, जबकि इनका पति हरदोई जिले के थाना शाहाबाद में रहता है शुक्रवार देर रात में जब पत्नी अपनी बेटियों के साथ घर में सो रही थी, तभी उसका पति दीवार फांद कर घर में आ गया।

विधेयकों पर फैसला लेने के लिए समय सीमा पर विवाद बढ़ा

सुप्रीम कोर्ट पर विवादित बयान, घिरे भाजपा सांसद

नई दिल्ली, वार्ता

सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति को विधेयकों पर फैसला लेने के लिए एक समय सीमा तय करने का विवाद बढ़ता जा रहा है। इस पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने ऐतराज जताया है।

सांसद ने कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। ऐसे में आप (सीजेआई) किसी अपाइंटिंग अथारिटी को निर्देश कैसे दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि संसद इस देश का कानून बनाती है। क्या आप उस संसद को निर्देश देंगे। देश में गृह युद्ध के लिए चीफ जस्टिस आफ इंडिया संजीव खन्ना जिम्मेदार हैं। वहीं धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। कोर्ट अपनी सीमाओं से बाहर जा रहा है। अगर हर किसी को सारे मामलों के लिए सर्वोच्च अदालत जाना पड़े, तो संसद और विधानसभा बंद कर देनी चाहिए। वहीं निशिकांत के बयान से भाजपा ने किनारा किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा के न्यायपालिका एवं देश के चीफ जस्टिस पर दिए गए बयान से पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। यह इनका व्यक्तिगत बयान हैं। दरअसल ये मामला तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के बीच हुए विवाद से उठा था। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को आदेश दिया कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। वहीं बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। यह आर्डर 11 अप्रैल को सामने आया था। ओवैसी बोले- भाजपा कोर्ट को धार्मिक युद्ध की धमकी दे रही एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि भाजपा नेता इतने कट्टर हो गए हैं कि अब वे कोर्ट को भी धार्मिक युद्ध की धमकी देने लगे हैं। आप लोग (भाजपा वाले) ट्यूबलाइट हो। कोर्ट को इस तरह धमका रहे हो। तुम्हें पता है आर्टिकल 142 क्या है? इसे डा. अंबेडकर ने सँविधान में जोड़ा था। यह सुप्रीम कोर्ट को किसी भी मामले में पूर्ण न्याय देने का अधिकार देता है। निशिकांत ने धारा 377, आईटी एक्ट और मंदिर-मस्जिद विवाद पर सुप्रीम कोर्ट पर सवाल उठाए आर्टिकल 377, एक आर्टिकल 377 था, जिसमें समलैंगिकता एक अपराध था। अमेरिका में ट्रम्प सरकार ने कहा कि दुनिया में केवल दो ही लिंग है, एक- पुरुष, दूसरा- महिला। तीसरे की कोई जगह नहीं है। जितने भी धर्म हैं, चाहे हिंदू हो, मुस्लिम हो, जैन हो, सिख हो, ईसाई हो। सभी मानते हैं कि समलैंगिकता एक अपराध है। सुप्रीम कोर्ट एक सुबह उठती है वे कहते हैं कि हम यह आर्टिकल खत्म करते हैं। हमने आईटी एक्ट बनाया। जिसके तहत महिलाओं और बच्चों के पोर्न पर लगाम लगाने का काम किया गया। एक दिन सुप्रीम कोर्ट कहता है कि वे 66ए आईटी एक्ट को खत्म कर रहे हैं। मैंने आर्टिकल 141 का अध्ययन किया है। यह आर्टिकल कहता है कि हम जो कानून बनाते हैं वो लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लागू होता है। आर्टिकल 368 कहता है कि इस देश की संसद को कानून बनाने का अधिकार है और इसकी व्याख्या करने का अधिकार सुप्रीम कोर्ट को है। हमारे देश में सनातन की परंपरा रही है। लाखों साल की परंपरा है। जब राम मंदिर का विषय आता है, तो आप कहते हैं कि कागज दिखाओ। कृष्ण जन्मभूमि का मामला आएगा, तो कहेंगे कि कागज दिखाओ। यही बात ज्ञानवापी केस में कहेंगे। इस देश में धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सिर्फ और सिर्फ सुप्रीम कोर्ट जिम्मेदार है। नड्डा ने एक्स पोस्ट में लिखा कि भाजपा ऐसे बयानों से न तो कोई इत्तेफाक रखती है और न ही कभी भी ऐसे बयानों का समर्थन करती है। भाजपा इन बयान को सिरे से खारिज करती है।

पार्टी ने किया निशिकांत के बयान से किनारा

निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा के न्यायपालिका एवं चीफ जस्टिस पर दिए गए बयान से पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है: जेपी नड्डा

ओवैसी ने कहा- भाजपा सर्वोच्च न्यायालय को धार्मिक युद्ध की धमकी दे रही

2027 में भाजपा सरकार का अंत करेंगे: पवन पाण्डेय

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय ने कहा कि हम लोग ब्राह्मण समाज को जगाएंगे और भगवान परशुराम का फरसा उठकर 2027 में भाजपा सरकार का अंत करेंगे। पाण्डेय के शनिवार को जनपद आगमन पर मछलीशहर सीमा पर सपा नेता राहुल त्रिपाठी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री ने कहा भाजपा सरकार अपराध चरम पर है कानून राज खत्म हो गया है चारो तरफ अपराधियों का बोलबाला है। अपराधियों को संरक्षण भाजपा सरकार दे रही है, जो भाजपा के खिलाफ बोलेगा झूठे मुकदमे में फंसाकर सरकार उसे जेल भेजने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में ब्राह्मण समाज ठगी का शिकार हुआ है, जो भी ब्राह्मण समाज अगर भाजपा के खिलाफ है, तो उसे सरकार पचा नहीं पा रही है आए दिन उन पर फर्जी मुकदमे लगाकर जेल में बंद करने का काम करती है। जीते जी स्वर्गीय हरिशंकर तिवारी का योगी बाबा कुछ नहीं बिगाड़ पाये अब उनके न रहने पर उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है, उनका मकान बाउंड्री वॉल ढहाया जा रहा है यह सरकार की सोची समझी रणनीति है।

यूपी में विधायकों की औकात जीरो: बृजभूषण

गोंडा, वार्ता

■ पूर्व भाजपा सांसद ने कहा- डीएम के पैर छू रहे, सारी पावर एक जगह, ज्यादा बोलूंगा तो आग लग जाएगी

आज यूपी में विधायकों की औकात जीरो हो गई है। काम निकलवाने के लिए डीएम के पैर छूते हैं। उनकी मर्जी होगी तो काम होगा, नहीं तो नहीं होगा। इस विषय पर ज्यादा नहीं बोलूंगा, नहीं तो आग लग जाएगी। सारा पावर एक जगह सिमट गया है। अगर वह पावर अच्छा काम करेगा, तो सबकी नैया पार हो जाएगी। अगर नहीं किया, तो सभी फेल हो जाएंगे।

भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह ने एक पाडकास्ट के दौरान रविवार को ये बातें कहीं। बृजभूषण सिंह ने कहा कि आज मैं हेलीकॉप्टर से चलता हूं, लेकिन एक समय था, जब मैं मजदूरी करता था। बृजभूषण ने कहा कि अब मेरे फोन का असर किसी अधिकारी पर नहीं रहा। आज की राजनीति का तरीका बदल गया है। अब मेरे फोन का भी किसी अधिकारी पर असर नहीं है। आम आदमी तो हमेशा पिसता रहता है, लेकिन जो चल रहा है, उसे चलने देना चाहिए। आज विधायक की हैसियत ग्राम प्रधान से भी नीचे हो गई है। मैं सभी जगह की बात नहीं कर रहा हूं, लेकिन कई जगह हालात ऐसे ही हैं। विधायकों के कार्यकाल के 3 साल हो गए हैं। जनता के बीच किस उपलब्धि के साथ जाएंगे? इसका उत्तर न मेरे पास है, न ही किसी विधायक के पास। यह पूरी तरह उत्तर प्रदेश सरकार पर निर्भर है। इसमें विधायकों की कोई गलती नहीं है। विधायक केवल इतना कर सकते हैं कि अपने दरवाजे पर लोगों के सुख-दुख में शामिल हों। मेरा जीवन कंट्रोवर्सी से भरा हुआ है। मैं सलाह देने की स्थिति में नहीं हूं। मेरे गुरुदेव ने बचपन में एक बात सिखाई थी। कहा था- किसी गरीब और शरीफ इंसान को तकलीफ मत देना। अगर गलती से तकलीफ हो जाए, तो माफी मांग लेना। अगर वह न मिले, तो खुद प्रायश्चित कर लेना। छोटी-छोटी मछलियां रगड़ी जाती हैं। आप कभी अकेले मिलिए, तब बताऊंगा कि असली माफिया कौन है।

योगी ने जनता दर्शन में सुनी आम लोगों की गुहार

गोरखपुर, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में 300 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। एक-एककर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधानसुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने या परेशान होने की की जरूरत नहीं है। उन्होंने प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण, त्वरित गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि किसी को भी परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। इस दौरान एक महिला ने अपने परिजन के इलाज में आर्थिक दृष्टि से लाचार होने की बात कही, तो मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने तत्काल अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला के परिजन को हॉस्पिटल ले जाने भर्ती कराकर समुचित इलाज कराने की व्यवस्था की जाए औरए आगे किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर दिक्कत न हो इसके लिए आयुष्मान कार्ड भी बनवाया जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे।

खराब मौसम से प्रभावितों को वितरित करें राहत राशि: सीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में खराब मौसम को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करें। अधिकारी क्षेत्र भ्रमण करके सर्वे करें। राहत कार्य पर नजर रखें। आपदा से जनहानि और पशुहानि होने पर प्रभावितों को तत्काल राहत राशि वितरित करें। इसके अलावा घायलों का समुचित इलाज कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि अधिकारी सर्वे करवाकर फसल नुकसान की रिपोर्ट तैयार कराएं। इसकी आख्या शासन को भेजें। ताकि, समय पर आगे की कार्यवाही की जा सके। साथ ही जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराएं।

'मोइरंग दिवस' पर नेताजी सुभाष बोस को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर आईएनए ट्रस्ट की ओर से रविवार को 'मोइरंग दिवस' को श्रद्धापूर्वक एवं गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया।। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री टोकन साहू थे। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रवीन्द्र इंद्राज सिंह और शोभित विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डा. कुंवर शेखर विजेंद्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा आईएनए ट्रस्ट के अध्यक्ष ब्रिगेडियर आरएस छिकारा, न्यासी दिनेश सिंह, डा. निधि कुमार और रणनीतिक सलाहकार मंदीप मुखर्जी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। सुप्रसिद्ध नृत्यांगना एवं राज्य सभा सदस्य सोनल मान सिंह सांस्कृतिक संरक्षक के रूप में कार्यक्रम से प्रतीकात्मक रूप से जुड़ी रहीं।

सच्चाई छिपा झूठ फैलाने में माहिर भाजपा

प्रयागराज, वार्ता

■ महाकुंभ पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं से सच छिपाकर बेहतर व्यवस्था का झूठा प्रचार किया: अखिलेश

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर भ्रम फैलाने और सच को छिपाने का आरोप लगाया है।

समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने से पहले सिविल लाइंस में संवाददाताओं से बातचीत में यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सच छिपाने और झूठ के प्रचार में भाजपा को महारथ हासिल है। उसका जीता जागता प्रमाण महाकुंभ है। महाकुंभ पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं से सच छिपाकर बेहतर व्यवस्था का झूठा प्रचार किया गया। उन्होंने कहा कि पहले किसी सरकार में कोई मंत्री प्रोपोगंडा किया करता था, लेकिन यहां तो पूरी भाजपा सरकार ही प्रोपोगंडा पर चल रही है। उन्होंने कहा कि यह श्रद्धालुओं का महाकुंभ नहीं था यह पूरी तरह राजनीतिक कुंभ था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने दावा किया था कि महाकुंभ में 100 करोड़ लोगों की व्यवस्था की गई है, जो पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई है। महाकुंभ में व्यवस्था कम और प्रचार अधिक था। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मेला महाकुंभ के मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर हुई दर्दनाक हादसे को रोका जा सकता था, लेकिन इस सरकार में अहंकार इतना कि प्रबल है सुझाव और आशंकाओं को भी आलोचना समझा गया। अखिलेश ने कहा कि सपा सरकार ने 2013 में कुंभ का आयोजन कराया था। भाजपा को उसी अनुभव के आधार पर सुझाव दे रहे थे लेकिन उसे गंभीरता और सकारात्मक ढंग से लिया गया होता तो महाकुंभ के सबसे बड़े राजसी स्नान 'मौनी अमावस्या' पर हुई दर्दनाक घटना से बचा जा सकता था। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हर इवेंट को मुख्यमंत्री भाजपा का इवेंट बनाना चाहते हैं। यह पूरा मिसमैनेजमेंट किया गया है, महाकुंभ पर इतना बड़ा धब्बा लगा है, उसकी सच्चाई हमसे बेहतर आप लोग स्थानीय है बेहतर जानते हैं। हमारे पास बहुत सी बातें नहीं पहुंच पाती। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगम नोज पर हुई दर्दनाक हादसे में सरकार आंकड़े क्यों छुपा रही है। आंकड़े इसलिए छिपा रही है कि मुआवजा नहीं देना पड़े। संगम नोज पर उस रात झारखंड के शिवराज गुप्ता की मौत हो गई।

अर्थ व्यापार

तिमाही नतीजे तय करेंगे बाजार की चाल

मुंबई। अमेरिका के स्मार्टफोन, कंप्यूटर समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों में टैरिफ पर छूट दिए जाने के साथ ही मैक्सिको, कनाडा और अन्य देशों से आने वाले वाहनों और उनके पुर्जों पर लगने वाले शुल्क में संशोधन पर विचार करने के संकेत से विश्व बाजार समेत स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह साढ़े चार प्रतिशत के उछाल पर घरेलू शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजे से तय होगी।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 3395.94 अंक अर्थात 4.5 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर तेरह कारोबारी सत्र के बाद 78 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 78553.20 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 1023.1 अंक यानी 4.5 प्रतिशत मजबूत होकर 23851.65 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप सप्ताहांत पर 1706.24 अंक अर्थात 4.23 प्रतिशत की तेजी लेकर 41980.48 अंक और समॉलकैप 2148.31 अंक यानी 4.7 प्रतिशत उछलकर 47946.66 अंक हो गया। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, बीते सप्ताह छुट्टियों के कारण महज तीन के कारोबार में घरेलू शेयर बाजारों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली। अमेरिका के पारस्परिक टैरिफ फैसलों में स्थिरता, स्मार्टफोन और कंप्यूटर जैसे उत्पादों पर छूट और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के लगातार जारी निवेश प्रवाह ने इस तेजी को समर्थन दिया। इसके साथ ही सामान्य से बेहतर मानसून की भविष्यवाणी और अनुकूल मुद्रास्फीति दृष्टिकोण ने बाजार की धारणा को और मजबूत किया। बीते सप्ताह बैंक निफ्टी ने तेजी की अगुवाई की, जो जमा दरों में कटौती और सकारात्मक ब्याज मार्जिन दृष्टिकोण से प्रेरित था। यह सूचकांक अब अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, जिससे यह निवेशकों का पसंदीदा विकल्प बन गया है।

विदेशी मुद्रा भंडार इजाफे के साथ 677.8 अरब डॉलर पर

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 677.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.9 अरब डॉलर उछलकर 676.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 89.2 करोड़ डॉलर की मजबूती के साथ 574.9 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 63.8 अरब डॉलर उछलकर 79.9 अरब डॉलर हो गया। वहीं आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार 60 लाख डॉलर की गिरावट लेकर 18.4 अरब डॉलर रह गया।

अधिकांश खाद्य तेल सस्ते, चावल हुआ महंगा

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के भाव 816 रुपये प्रति क्विंटल तक गिर गए, जबकि आवक घटने से चावल महंगा हो गया, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 326 रिंगिट लुढ़ककर 4132 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.66 सेंट की तेजी के साथ 47.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिर गए। सरसों तेल 366 रुपये, सोया रिफाइंड 816 रुपये, पाम ऑयल 366 रुपये और वनस्पति तेल 365 रुपये प्रति क्विंटल उतर गए, जबकि मूंगफली तेल 366 रुपये और सूरजमुखी तेल के भाव 219 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गए। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15385 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19047 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14385 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13187 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा।

इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे। सप्ताहांत पर चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: अनाज मंडी में मिला. जुला रुख रहा। इस दौरान चावल 300 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया, जबकि गेहूं के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

फिल्म निर्माता, निर्देशक अनुराग कश्यप का फूंका पुतला

प्रयागराज। बॉलीवुड के फिल्म निर्माता, निर्देशक और पटकथा लेखक अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सुभाष चौराहे पर पुतला दहन किया गया।

ब्राह्मण समाज अधिवक्ता संघ इकाई के कार्यकर्ताओं ने कश्यप के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि बारंबार ब्राह्मण समाज पर तीखी टीका टिप्पणी करना बंद करें, यह किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि एक अच्छे निर्माता और निर्देशक को अपने दर्शकों की संवेदनाओं को ध्यान में रखना चाहिए। उसे हमेशा यह याद होना चाहिए कि किसी भी फिल्म को 'अर्स से फर्श तक' दर्शक ही पहुंचता है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय अधिवक्ता एवं पूर्व छात्र नेता इलाहाबाद विश्वविद्यालय आशीष तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज पर चाहे वह अनुराग कश्यप हो या किसी अन्य धर्म, जाति या वर्ग विशेष के लोग अगर इसी तरीके से अमर्यादित टिप्पणी जारी रखेंगे, तो इसका परिणाम उन्हें भुगतना पड़ेगा। अनुराग कश्यप को प्रयागराज आने पर पता चलेगा कि ब्राह्मण समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले का स्वागत कैसे किया जाता है, वह याद रखेंगे।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय अधिवक्ता एवं पूर्व छात्र नेता इलाहाबाद विश्वविद्यालय आशीष तिवारी ने कहा कि अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी के बाद महाराष्ट्र सहित पूरे देश में अब उनके खिलाफ ब्राह्मण समाज ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उन्होंने अनुराग कश्यप को आगाह किया कि यदि उन्होंने ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी को लेकर माफी नहीं मांगी हैं, तो उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज कर उन्हें उचित सबक सिखाए।

रोहित वेमुला अधिनियम प्रस्ताव पर सिद्दारमैया ने राहुल को लिखा पत्र

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पत्र लिखकर शैक्षणिक संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव पर उनकी चिंताओं के प्रति एकजुटता व्यक्त की है और घोषणा की है कि उनकी सरकार इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए रोहित वेमुला के नाम पर एक मसौदा कानून तैयार कर रही है। शनिवार को गांधी को संबोधित एक पत्र में, सिद्दारमैया ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के 16 अप्रैल को लिखे गए पिछले पत्र का जवाब दिया, जिसमें गांधी ने बीआर अंबेडकर के साथ हुए भेदभाव और हाशिए पर पड़े समुदायों की निरंतर दुर्दशा का उल्लेख किया था। सिद्दारमैया ने लिखा, मैं भी आपकी भावनाओं को गहराई से साझा करता हूं। हमें दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए हाथ मिलाना चाहिए।

हेराल्ड के झूठे मुकदमों में उलझा रही है सरकार: खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुनं खड़गे ने कहा है कि सरकार जिस नेशनल हेराल्ड मामले में झूठे मुकदमे लगाकर कांग्रेस नेतृत्व को उलझा रही है इसी अखबार को पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश की आजादी की लड़ाई के लिए शुरू किया था।

खड़गे ने रविवार को ट्वीट कर कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने नेशनल हेराल्ड की शुरुआत की थी। इसके अलावा नवजीवन अखबार और कौमी आवाज भी शुरू किया गया था। इन अखबारों को शुरू करने का मकसद देश को आजाद कराना, देश की जनता को जागरुक करने और लोगों की आवाज अंग्रेजी हुकूमत तक पहुंचाने का था। उन्होंने कहा कि आरएसएस व भाजपा के लोग षडयंत्र करने में माहिर हैं। इन दिनों उन्होंने कांग्रेस को झूठे मुकदमों में उलझाने की फिर से कोशिश की है। जैसे ही कांग्रेस का अधिवेशन अहमदाबाद में खत्म हुआ, एक दिन बाद नेशनल हेराल्ड की प्रॉपर्टी को अटैच करकर दी। दो दिन बाद कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नामआरोप पत्र में डाल दिया। हमारे नेताओं के ऊपर पिछले 11 सालों में अनगिनत रेड हुए। निकला कुछ नहीं, लेकिन बदनाम करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि हाल में नेशनल हेराल्ड मामले में जिस परिवार को बदनाम करने का प्रयास किया गया, उसके घर का हर सदस्य आजादी के आंदोलन में जेल में रहा। आजादी के पहले आनंद भवन और स्वराज भवन जैसी संपत्ति देश को समर्पित कर दिया था। इंदिरा गांधी जी देश के लिए शहीद हुईं, राजीव गांधीजी शहीद हुए। पिछले 11 सालों से कांग्रेस और विपक्षी दलों के साथ मोदी सरकार दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी इसलिए निशाना पर हैं, क्योंकि वह कांग्रेस की रीढ़ की हड्डी हैं। खड़गे ने कहा कि दूसरे ताकतवर विपक्षी नेताओं पर इसी तरह फर्जी मामले चलाए जा रहे हैं। जो भारतीय जनता पार्टी में चला जाता है, उसका केस बंद कर दिया जाता है। इनको शर्म आनी चाहिए कि 10 सालो में ईडी ने 193 नेताओं पर केस किया, लेकिन केवल दो मामले को वे साबित कर पाये। जब चाहते हैं घंटों पूछताछ करके ईडी के लोग फर्जी खबरें फैलाते हैं। हम लोग किसी से डरने वाले नहीं हैं, किसी के आगे झुकने वाले भी नहीं हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित कि

गोकशों पर कहर बनकर टूटी पुलिस

- चार गोकश गिरफ्तार, एक मुठभेड़ के बाद हुआ घायल
- बीते दिनों लावड़ क्षेत्र में दिया था गोकशी की घटना को अंजाम
- आरोपियों से तमंचा, कारतूस, बाइक के अलावा उपकरण बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

लावड़। इंचौली थाने के नवनियुक्त प्रभारी नितिन कुमार पांडे क्षेत्र में गौकशो पर भारी पड़ते दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने इंचौली थाने का चार्ज लेते ही गौकशो की कमर तोड़ दी है उन्हें थाने में आए हुए अभी एक सप्ताह ही हुआ है और एक सप्ताह में आधा दर्जन से अधिक गौकशो को उन्होंने सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। अब पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में चार गौकशो को गिरफ्तार कर लिया गया जिसमें एक गौकश गोली लगने से घायल हो गया पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

इंचौली थाना प्रभारी नितिन कुमार पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की थाना क्षेत्र में गोकशी की घटना को अंजाम देने वाले दो वांछित अभियुक्त अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है जो सफेद रंग की वरना गाड़ी में आ रहे हैं जिसके बाद थाना प्रभारी मय पुलिस फोर्स के बताए हुए स्थान पर पहुंचे तभी मसूरी फ्लाई ओवर के नीचे से बल प्रयोग करते हुए तीन गौकशों को वरना गाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम परवेश उर्फ पप्पू पुत्र शफीक निवासी नई बस्ती थाना फलावदा व वसीम पुत्र इरफान व आकिब पुत्र राशिद निवासीगण एसबीआई के पास अगवानपुर थाना परीक्षितगढ़ बताए। कड़ी पूछताछ में तीनों ने बताया कि पूर्व में हुई गौकशी की घटना उन्होंने ही की थी और आज भी अपने साथी आकिब पुत्र नवाब निवासी रार्धना इनायतपुर के साथ मिलकर गौकशी की घटना करने वाले थे उन्होंने बताया कि कादिर इंचौली खरदौनी मार्ग से आ रहा है जिसके बाद थाना प्रभारी बताए हुए स्थान पर पहुंचे उन्होंने एक बाईक सवार को रुकने का इशारा किया तो वो कच्चे रास्ते पर मुड़ गया और उसकी बाईक फिसल गई जिसके बाद उसने पुलिस टीम पर फायरिंग की और भागने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आकिब के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करते हुए जिला चिकित्सालय भेजा और उसके कब्जे से एक तमंचा 12 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक काले रंग की एक्स स्ट्रीम बाईक नम्बर यूपी 15 ई आर 0958, दो छुरे, एक दाव, एक कुल्हाड़ी बरामद की। गिरफ्तार

गौकश के खिलाफ पूर्व में भी मुकदमे दर्ज हैं। गोकशों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी नितिन पांडेय के अलावा कांस्टेबल कामिल, हैड कांस्टेबल अजीत रावत, हैड कांस्टेबल अरुण चौहान, कांस्टेबल सुनील कुमार मौजूद रहे। पुलिस की इस कार्रवाई की चर्चा क्षेत्र में है।

दिल्ली में मांस बेचकर कमाते थे मोटे रुपए... गिरफ्तार गोकशो ने बताया कि वो गोकशी करने के बाद मांस को दिल्ली जामा मस्जिद के पास जमील उर्फ ईद्दू कसाई निवासी टीकरी खेड़ा थाना दौजा फरीदाबाद को बेचकर मोटे रुपए कमा रहे थे और पूर्व में भी उसे बेचते आए हैं।

बढ़ते अपराध व दलितों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में भड़की कांग्रेस

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। महानगर में बढ़ते अपराध, रामपुर में हुई दलित मूकबधिर बच्ची के साथ दुष्कर्म और उत्तर प्रदेश में दलितों के साथ ही बढ़ रही घटनाओं के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष अवनीश काजला, पूर्व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी के नेतृत्व में कांग्रेसजन कलक्ट्रेट पर इकट्ठा हुए वहां से सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जुलूस के रूप में डीएम कार्यालय पर पहुंचे। कांग्रेसी डीएम ऑफिस के बाहर ही धरने पर बैठ गए जहां सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की सभी कार्यकर्ताओं ने एडीएम को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। रंजन शर्मा ने कहा जनपद मेरठ में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से चरमराई हुई है रोज अपराध बढ़ता जा रहा है। अपराधी खुले आम वारदातों को अंजाम दे रहे है। पूर्व जिला

डीएम ऑफिस के बाहर धरना देते कांग्रेसी।

अध्यक्ष अवनीश काजला और पूर्व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी ने कहा उत्तर प्रदेश में भी लगातार दलितों पर अत्याचार बढ़ रहे है प्रदेश के दलितों के मन में भय उत्पन हो रहा है अभी रामपुर जिले में 11 वर्षीय मूकबधिर बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म की घटना होना बड़ा ही दुखद मामला है। महानगर कांग्रेस कमेटी इस ज्ञापन के माध्यम से मांग करती है कि इन मामलों में संज्ञान लेकर जल्द ठोस कदम उठाएं जिससे प्रदेश मे कानून का राज हो। प्रदर्शन करने वालों में सलीम खान, मोनिंदर सूद वाल्मीकि, उमर अब्बासी, मुल्ला जी अशरफ, महेंद्र गुर्जर, अफशा खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पत्रकार जाकिर तुर्क का हाल जानने हॉस्पिटल पहुंचे अजय चौधरी व हरेन्द्र चौधरी

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। दैनिक अखबार के पत्रकार एंव ग्रमीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष जाकिर तुर्क, गुरुवार को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, वर्तमान में गढ़ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन हैं। दुर्घटना के कारण उन्हें सिर में गंभीर चोटें आई तथा मस्तिष्क में रक्त का थक्का पाया गया है।

उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नालिस्ट (उपज) के प्रदेश सचिव एवं अध्यक्ष अजय चौधरी ने अस्पताल पहुंचकर जाकिर तुर्क के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। चौधरी ने बताया कि ईश्वर की कृपा से उनकी हालत स्थिर है और वे अपने परिवार तथा शुभचिंतकों को पहचान भी पा रहे हैं, जो अत्यंत सुखद संकेत है। जाकिर तुर्क काफी समय उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नालिस्ट के जिला सचिव के पद पर रह चुके है। ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव हरेंद्र चौधरी व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष भी

अपने जिला उपाध्यक्ष का हाल जानने हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने परिवार जनों से मिलकर बात की तथा ईश्वर से जल्द स्वाथ्य होने की कामना की। शाह टाइम्स के ब्यूरो चीफ मेरठ शाह वेज खान ने अपने क्राइम रिपोटर जाकिर तुर्क का फोन कर हाल जाना परिवार जनों ने समस्त पत्रकार समुदाय और शुभचिंतकों से जाकिर तुर्क के शीघ्र स्वस्थता हेतु प्रार्थना करने का आग्रह किया।

22 अप्रैल को विकास भवन सभागार में होगी जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र दीपेन्द्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक 22 अप्रैल को सांय चार बजे विकास भवन सभागार में होनी निश्चित हुई है। उन्होंने समिति के सम्मनित सदस्यों से गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, विभिन्न विभागों में उद्यमियों की समस्याओं पर विचार चर्चा, अन्य बिंदुओं अध्यक्ष की अनुमति से संबंधित पूर्ण विवरण कृत कार्यवाही के साथ बैठक में भाग लेने हेतु अनुरोध किया है। बैठक में अधिकारी मौजूद रहें उन्होंने कहा कि उद्योग बंधु की बैठक में कई अहम फैसले लिए जाएंगें। जिसमें अधिकारी आने वाली समस्याओं का समय रहते निस्तारण करेंगे। इस बैठक में आना अनिवार्य होगा।

विद्या विवि के रैंप पर दिखा विद्यार्थियों के डिजाइनर कलेक्शन का जलवा

- धूमधाम से संपन्न हुआ इनफिनिटी 2025 द ग्रेजुएट फैशन शो

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। विद्या इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी कॉलेज के फैशन विभाग का वार्षिक कार्यक्रम 'इनफिनिटी 2025-द ग्रेजुएट फैशन शो' का आयोजन धूमधाम से हुआ। विद्यार्थियों के डिजाइन किये परिधानों को मॉडल ने रैंप पर उतारा तो दर्शकों ने खूब प्रशंसा की। एक से बढ़कर एक नये डिजाइन कलेक्शन ने साबित किया कि फैशन डिजाइनिंग में विद्या के विद्यार्थियों का कोई मुकाबला नहीं। किड्स वियर के प्रदर्शन ने बच्चों में फैशन की नई परिभाषा गढ़ दी।

इस पर सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। फैशन शो में अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने पहुंचे शहर की गणमान्य हस्तियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की तारीफ की और उनका उत्साहवर्धन किया। विद्या नॉलेज पार्क के विद्या इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी विभाग का कार्यक्रम 'इनफिनिटी 2025-द ग्रेजुएट फैशन शो धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडिशनल सचिव एआईयू, एमओई डॉ. ममता रानी अग्रवाल मौजूद रहे। वी.आ.ई.एफ.टी. निदेशक डॉ. रीमा वाष्णेय ने विद्या यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रदीप कुमार जैन, प्रो. चांसलर विशाल जैन, कुलपति डॉ. हिरेन दोशी

सहित सभी अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया। दीप प्रज्ज्वलन एवं विद्यागान के बाद उद्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ. ममता रानी अग्रवाल ने कहा कि आज ऐसी शिक्षा की जरूरत है जिससे विद्यार्थी इंडस्ट्री में जाकर नौकरी प्राप्त कर सकें। इससे विद्यार्थी स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं। इसके बाद धमाकेदार संगीत की धुन पर फैशन शो शुरू हुआ। इसमें विभिन्न मॉडल ने विद्यार्थियों के तैयार किये परिधानों को रैंप पर उतारा और नये डिजाइन का प्रदर्शन कर जलवा बिखेरा। कार्यक्रम के अंत में बेस्ट कॉमर्शियल कलेक्शन, बेस्ट सर्फेस ओरनामेंटेशन और बेस्ट डिजाइन कलेक्शन -2025 कैटेगरी में तीन सर्वश्रेष्ठ पुरस्कारों की घोषणा की गई। कार्यक्रम का संच. ालन पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थी अनमोल पाहवा और ईशिका रंजन ने किया।

बंगाल हिंसा की जांच एनआईए से कराने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष डॉ.अक्षय कुमार जैन के नेतृत्व में एक प्रदर्शन डीएम ऑफिस पर कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा है जिसमें उनका कहना था कि वह कानून के विरोध की आड़ में संपूर्ण बंगाल को जिस प्रकार हिंसा की आग में जलाया जा रहा है उससे हिंदुओं का उत्पीड़न हो रहा है। केंद्र सरकार को चाहिए कि वह बंगाल को अपने हाथ में लेकर आरोपी लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें उन्होंने मांग की है कि बंगाल में अभिलंब राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। बंगाल की हिंसा की जांच एनआईए के द्वारा करवाई जाए। बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में दिया जाए। इसके अलावा बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठ की पहचान कर उनको निष्कासित किया जाए। बंगाल व बांग्लादेश की 450 किलोमीटर की सीमा पर तार लगाने का काम भी जल्द शुरू हो। इस दौरान जिलाध्यक्ष अक्षय कुमार जैन, नवीन बादली, पवन कश्यप आदि मौजूद रहे।

कर्मण्य चैरिटेबल हॉस्पिटल के निर्माण और मिशन की संस्था ने की शुरुआत

स्वस्थ समाज, सशक्त राष्ट्र की भावना के साथ नई दिशा की ओर कदम

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। कर्मण्य संस्था द्वारा समाज की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक आधुनिक व सुलभ चैरिटेबल हॉस्पिटल के निर्माण की महत्त्वाकांक्षी योजना पर कार्य आरंभ किया गया है। इस हॉस्पिटल का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं निशुल्क अथवा न्यूनतम लागत पर उपलब्ध कराना है।

इस मुहिम को सफल बनाने के लिए मेरठ में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के पदाधिकारियों एवं समा. जसेवियों ने भाग लिया। बैठक में हॉस्पिटल निर्माण की योजना, भूमि एवं संसाधनों की व्यवस्था, बजट अनुमान तथा फंडरेजिंग की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त निर्माण प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने हेतु समितियों के गठन पर भी सहमति बनी। उपस्थित प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों में अंकुर अग्रवाल अध्यक्ष, कर्मण्य संस्था, कृष्ण मित्तल महासचिव , अमर सिंह रावल, उपाध्यक्ष, इनाम खान, अभिषेक चौधरी, विदित अहलावत (नेशनल अथलेट), राजीव तायल, वैभव तायल, अक्षित सैनी, अर्जुन मालिक, प्रशांत शाक्य, अमन गुप्ता, सतेंद्र, प्रदीप चौहान' आदि मौजूद रहे। अगली विस्तृत बैठक 21 अप्रैल को कर्मण्य संस्था के मेरठ स्थित कार्यालय, डाइज होटल के सामने, दीवान स्कूल के बराबर, मेट्रो लाइन के नीचे, दिल्ली रोड, मेरठ' में आयोजित की जाएगी। कर्मण्य संस्था सभी समाजसेवियों, औद्योगिक समूहों, कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी सीएसआर भागीदारों एवं जनमानस से इस जनकल्याणकारी प्रयास में तन मन धन से जुड़ने की अपील करती है।

बारिश से गेहूं की फसल को हुआ भारी नुकसान

शाह टाइम्स संवाददाता

फलावदा। शुक्रवार देर रात तेज आंधी के साथ अचानक जोरदार बारिश होने से किसानों के खेतों में गेहूं की फसल खराब हो गई। क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवो सहित गांव नगला काटर, निवासी किसान पीतम सिंह, फलावदा निवासी किसान प्रदीप बिश्नोई, कंवलसिंह, महावीर, जयप्रकाश, रविंद्र सैनी आदि का कहना है कि उनके खेत में खड़ी गेहूं की फसल तैयार हो गई थी। मजदूरों द्वारा फसल को काटकर मशीन से अनाज निकलवाने की तैयारी चल रही थी कि अचानक देर रात तेज हवा के साथ जोरदार बारिश होने से गेहूं की कटी हुई फसल में पानी भर गया, जिससे सैकड़ो बीघा गेहूं की फसल खराब हो गई है और कई किसानों के खेत में गेहूं कटाई के बाद भूस पड़ा हुआ था वह हवा में उड़ गया जिस कारण किसानों को बहुत भारी नुकसान हो गया है। अब गेहूं कटाई का कार्य बंद हो गया वहीं तेज बारिश से क्षेत्र के गांव गडीना, बातनौर, मन्दवाड़ी, अमरोली उर्फ बड़ागांव, खाता, नगला हरेरू, सना. ता, महलका, पिलोना, नैडू, दादूपुर, नागोरी, गगसोना, चरला, कुंडा, पिनाई आदि गांवों में किसानों के खेत में खड़ी गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है।

प्रो-डेस्क आईटी इंजीनियरिंग एंड सर्विसेज ने शोभित विवि मेरठ के छात्रों का किया चयन

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ परिसर में शनिवार को आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत प्रो-डेस्क आईटी इंजीनियरिंग एंड सर्विसेज कंपनी ने बीटेक एवं एमबीए कार्यक्रम के पांच छात्रों का चयन किया है। चयनित छात्रों को प्रारंभिक रूप में तीन लाख वार्षिक पैकेज की पेशकश की गई है।

चयन प्रक्रिया के पश्चात सभी चयनित छात्रों को ऑफर लेटर भी प्रदान किए गए, जिससे छात्रों में उत्साह और विश्वास का वातावरण बना। छात्रों का चयन टेक्निकल टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन एवं पर्सनल इंटरव्यू के आधार पर किया गया। इस अवसर पर चयनित छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए उद्योग उन्मुख प्रशिक्षण को दिया। शोभित विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर आयोजित की जा रही प्लेसमेंट गति. विधियां छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. वी. के. त्यागी एवं प्रति कुलपति प्रोफेसर डॉ. जयानंद ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्लेसमेंट ड्राइव के संयोजक डॉ. अभिषेक कुमार डबास ने कहा कि यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि छात्रों को सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और अवसर प्रदान किए जाएं, तो वे किसी भी प्रतिष्ठित कंपनी में अपनी जगह बना सकते हैं। विवि का प्रयास सदैव छात्रों को इंडस्ट्री-रेडी बनाना रहा है। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. गणेश भारद्वाज , शोभित विश्वविद्यालय गंगोह के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. नवीन, डायरेक्टर कंप्यूटर साइंस प्रोफेसर डॉ. निधि त्यागी, प्रोफेसर विजय माहेश्वरी, हर्षित एवं प्रियंका का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने इस प्लेसमेंट ड्राइव को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

मोइरंग दिवस पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि

- भारतीय राष्ट्रीय सेना ट्रस्ट द्वारा नई दिल्ली में हुआ भव्य आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। भारतीय राष्ट्रीय सेना ट्रस्ट द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर मोइरंग दिवस को श्रद्धापूर्वक एवं गरिमापूर्ण ढंग से नई दिल्ली के एफआईसीसीआई भवन में मनाया गया। मोइरंग दिवस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक गौरवशाली अध्याय है। 14 अप्रैल 1944 को आजाद हिंद फौज के कर्नल शौकत मलिक ने मणिपुर के मोइरंग में भारतीय तिरंगा फहराया था। यह वह ऐतिहासिक क्षण था जब नेताजी द्वारा स्थापित आजाद हिंद सरकार ने पहली बार स्वतंत्र भारतीय भूभाग पर शासन का अधिकार स्थापित किया था। यह न केवल विजय का प्रतीक था, बल्कि यह घोषणा थी कि भारत अपनी संप्रभुता पुन: प्राप्त करने के लिए सक्षम और संकल्पित है।

इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में टोकन साहू, राज्य मंत्री, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि रविंद्र इंद्राज सिंह, कैबिनेट मंत्री, दिल्ली सरकार सामाजिक कल्याण, अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण एवं सहकारी चुनाव तथा कुंवर शेखर विजेंद्र, कुलाधिपति, शोभित विश्वविद्यालय एवं चेयरमैन, एसोचैम राष्ट्रीय शिक्षा परिषद की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भारतीय राष्ट्रीय सेना ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारी ब्रिगेडियर आर.एस. छिकारा अध्यक्ष, दिनेश

सिंह एवं डॉ. निधि कुमार (न्यासीगण), तथा मंदीप मुखर्जी रणनीतिक सलाहकार की भी सहभागिता रही। सुप्रसिद्ध नृत्यांगना और राज्यसभा सदस्य सुश्री सोनल मान सिंह सांस्कृतिक संरक्षक के रूप में प्रतीकात्मक रूप से कार्यक्रम से जुड़ी रहीं। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम की सजीव प्रस्तुति के साथ हुई, जिसने देशभक्ति और श्रद्धा का भाव जगाया।

रविंद्र इंद्राज सिंह द्वारा दिए गए 19वें भारतीय राष्ट्रीय सेना ट्रस्ट स्मृति व्याख्यान में उन्होंने कहा कि नेताजी की संघर्षगाथा केवल राजनीतिक स्वतंत्रता की नहीं थी, बल्कि सामाजिक न्याय और आत्मसम्मान की भी थी। उन्होंने कहा, मोइरंग केवल सैन्य विजय नहीं था। वह नैतिक घोषणा थी कि भारतवासी स्वयं शासन करने में सक्षम हैं। आज हमारी समावेशी नीतियां उसी चेतना को जीवित रखने का प्रयास हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार का सामाजिक कल्याण विभाग नेताजी की समावेशी और न्यायसंगत भारत की परिकल्पना से प्रेरित होकर कार्य कर रहा है। मुख्य अतिथि टोकन साहू ने अपने उद्बोधन में नेताजी की रणनीतिक दृष्टि और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा, नेताजी का भारत केवल आजाद नहीं, आत्मनिर्भर और सशक्त होना चाहिए। हमारी शहरी विकास योजनाएं चाहे वह स्मार्ट शहर हों या किफायती आवास उसी आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम हैं जिसे नेताजी ने देखा था। उन्होंने यह भी जोड़ा कि नेताजी को केवल इतिहास की पुस्तकों में सीमित न रखें बल्कि उनके विचारों को हमारी नीतियों और नागरिक चेतना में आत्मसात करें। कुंवर शेखर विजेंद्र ने अपने मुख्य भाषण में मोइरंग को एक नागरिक पुनर्जागरण का क्षण बताया। उन्होंने कहा, मोइरंग केवल एक रणभूमि नहीं थी वह भारत की आत्मा का उद्घोष था। नेताजी ने स्वतंत्रता को अनुग्रह नहीं, बल्कि धर्म और जन्मसिद्ध अधिकार के रूप में प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिसके द्वारा नेताजी की विरासत को अगली पीढ़ी तक पहुंचाया जा सकता है। हमें अपने युवाओं को यह सिखाना चाहिए कि स्वतंत्रता कोई उपहार नहीं थी, वह तप, त्याग और रणनीति का परिणाम थी। देशभक्ति केवल प्रदर्शन नहीं, सहभागिता है, उन्होंने कहा। उन्होंने नेताजी के विचारों को नीति निर्माण, प्रशासनिक प्रशिक्षण और नेतृत्व विकास में पुन: शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों को भारतीय राष्ट्रीय सेना ट्रस्ट कैप पहनाकर सम्मानित किया गया। कदम कदम बढ़ाए जा की सजीव प्रस्तुति ने आजाद हिंद फौज की भावना को फिर से जीवित कर दिया। समापन में भारतीय राष्ट्रीय सेना ट्रस्ट के पूर्व सैनिकों, युवाओं और देशभक्त प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। भारतीय राष्ट्रीय सेना ट्रस्ट के अध्यक्ष ब्रिगेडियर आर.एस. छिकारा ने कहा, नेताजी का जीवन अतीत नहीं, बल्कि भविष्य का मार्गदर्शन है। राष्ट्रीय भारतीय राष्ट्रीय सेना ट्रस्ट स्मारक, नेताजी सुभाष मिलिट्री स्कूलों और युवाओं के लिए देशभक्ति कार्यक्रमों के माध्यम से हम उनके विचारों को जीवंत रखने के लिए कटिबद्ध हैं। भारत जब स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है, तब मोइरंग दिवस की स्मृति हमें यह याद दिलाती है कि आजादी केवल विजय नहीं, बल्कि एक नैतिक उत्तरदायित्व है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की विरासत जो नैतिक नेतृत्व, सांस्कृतिक आत्मबोध और अपराजेय राष्ट्रभक्ति में निहित है। आज भी भारत के लिए प्रेरणा और संकल्प का स्रोत है।

डीएम की अध्यक्षता में तहसील मवाना में संपन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

- 191 शिकायतों में मात्र चार का हुआ निस्तारण
- डीएम ने अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। तहसील मवाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने तहसील दिवस में अधिकारियो को प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 191 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से चार का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।

तहसील मवाना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता करते हुये शिकायत का निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्राप्त शिकायतों में चकरोड पर अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाईश कराने, पेंशन की मांग, पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, विकास विभाग, चकंबदी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 191 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिनमें से चार का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये। इस अवसर पर एसएसपी विपिन ताडा, अपर जिलाधिकारी वित सूर्य कान्त त्रिपाठी, एसडीएम मवाना दीपक माथुर, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला विकास अधिकरी अम्बरीष कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे।

एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में हैकाथॉन का सफल आयोजन

गाजियाबाद। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में एसजीयू हैकाथॉन 2025 का भव्य और सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य तकनीकी विद्यार्थियों को नवाचार, रचनात्मक समाधान एवं सामाजिक समस्याओं पर तकनीकी हस्तक्षेप हेतु एक सशक्त मंच प्रदान करना था। हैकाथॉन में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे IIT, रीजनल इंजीनियरिंग कॉलेज, विश्वविद्यालयों और इंजीनियरिंग कॉलेजों से छात्रों ने भाग लिया। पहले दौर में कुल 347 टीमों ने भाग लिया और अंततः ऑफलाइन दौर में 50 टीमों ने भाग लिया, जिन्होंने अपनी तकनीकी दक्षता, समस्या समाधान कौशल और टीम भावना का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय वाइस चांसलर प्रो (डॉ) प्रसन्नजीत कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 'हैकाथॉन जैसे कार्यक्रम न केवल छात्रों की नवाचार क्षमता को बढ़ाते हैं बल्कि उन्हें उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करते हैं। इसके साथ ही, चांसलर महेन्द्र अग्रवाल, अखिल अग्रवाल (वाइस चेयरमैन) एवं नितिन अग्रवाल (प्रो-चांसलर) का भी विशेष आभार व्यक्त किया, जिनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से इस आयोजन की सफलता सुनिश्चित हुई। उनके नेतृत्व ने एसजीयू हैकाथॉन 2025 को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। इंजीनियरिंग संकाय के निदेशक प्रो (डॉ) हरीश कुमार तलुजा ने कहा कि ष्ऐसे आयोजनों के माध्यम से छात्र तकनीकी दक्षता, नेतृत्व क्षमता और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं, जो उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

प्रो-वाइस चांसलर पीयूष श्रीवास्तव और रजिस्ट्रार डॉ राजीव रतन ने एसजीयू के इस नवाचार प्रयास की सराहना करते हुए छात्रों को तकनीकी उत्कृष्टता और अनुसंधान संस्कृति की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्य विजेता टीमों को नकद पुरस्कार और मोमेंटो से सम्मानित किया गया, जिसमें: प्रथम पुरस्कार (31,000) हर्षित सक्सेना ए बी इ एस इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद द्वितीय पुरस्कार (21,000) आदित्य बिष्ट दिल्ली टेक्नोलॉजिकल विश्वविद्यालय (डीटीयू), नई दिल्ली तृतीय पुरस्कार (11,000) नोएडा श्रुति शुक्ला जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, ग्रेटर इसके अतिरिक्त तीन थीम आधारित पुरस्कार (2100/- प्रत्येक) भी प्रदान किए गए: नमन सक्सेना एआई और एमएल ए बी इ एस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद दीपक उप्रेती ब्लॉकचेन सुंदर दीप इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद कुनाल प्रताप सिंह कैंसर विशिष्ट एआई और ब्लॉकचेन एप्लीकेशन जी एल बी आई टी एम, ग्रेटर नोएडा एसजीयू हैकाथॉन 2025 के निर्णायक मंडल में प्रतिष्ठित शिक्षाविदों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

निर्णायकों में डॉ सोनम और डॉ अनुराधा (अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज), डॉ नेहा त्यागी (एमिटी यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा), तथा डॉ पवन मेहरा (दिल्ली टेक्नोलॉजिकल विश्वविद्यालय) शामिल रहे। इन सभी विशेषज्ञों ने प्रतिभागी टीमों के नवाचारों का निष्पक्ष मूल्यांकन करते हुए उन्हें महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया, जिससे प्रतिभागियों को अपनी परियोजनाओं को और बेहतर बनाने की प्रेरणा मिली।

इस आयोजन की सफलता में जिन प्रमुख शिक्षाविदों और समन्वयकों का उल्लेखनीय योगदान रहा, वे हैं डॉ मोनिका सांगेर, निद. ेशक (इंजीनियरिंग), वंदना शर्मा, विभागाध्यक्ष, योगिता कौशिक, विभागाध्यक्ष, सत्यवीर सिंह, विभागाध्यक्ष और ललित कुमार, विभागाध्यक्ष। इन सभी ने आयोजन की योजना बनाने से लेकर समन्वय, तकनीकी मूल्यांकन और समापन तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और हैकाथॉन के सुचारु रूप से सम्पन्न होने में अपना योगदान दिया। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के मुख्य लेखाधिकारी सुभाष शर्मा का भी इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन से इस कार्यक्रम को असाधारण सफलता मिली।

मोदीनगर। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर के आदेशानुसार थानों में नामजद आदतन अपराधी/गैंगस्टर को थाने बुलाकर अपराध ना करने की शपथ दिलाये जाने के अंतर्गत मोदीनगर थाने में अपराधियों को शपथ दिलाते थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत त्यागी।

अनुराग कश्यप के बयान ने बता दिया कि उनके संस्कार कैसे हैं: बीके शर्मा हनुमान

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में एक विशाल बैठक का आयोजन कर निर्देशक अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मणो पर दिए गए बयान को लेकर शहर के विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा में रोष है। विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा की बैठक में अनुराग कश्यप के बयान की निंदा करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि निर्देशक अनुराग कश्यप ने ब्राह्मणों का अपमान करने की सारी हदें पार कर दीं। उन्होंने ब्राह्मणों को लेकर जो कुछ कहा, उससे उनके संस्कारों का पता चलता है। ये उनके संस्कार ही हैं कि ब्राह्मणों के खिलाफ बयान देते हुए उन्होंने यह तक नहीं सोचा कि बच्चे व महिलाएं भी इस बयान को पढेंगे तो इसका क्या असर होगा। इस तरह का घटिया बयान भारत के इतिहास में शायद ही किसी ने दिया हो। इस बयान से साफ पता चलता है कि उनके संस्कार कैसे हैं। ऐसा फिल्म निर्देशक तो समाज व देश के लिए बहुत ही घातक है क्योंकि वह जो फिल्म बनाएगा वह देश की आपसी एकता व भाईचारे को खंडित करने वाली ही होगी। बीके शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण का जीवन ही सदैव समाज व देश को समर्पित रहा है। सृष्टि के आरंभ से ही ब्राह्मण ही है, जिसने ज्ञान का प्रकाश सर्वत्र फैलाया। बिना किसी भेदभाव के सभी के जीवन को ज्ञान के प्रकाश से भर दिया। प्राचीन समय में गुरूकुल की परम्परा थी, जिसमें राजाओं के बच्चों से लेकर प्रजा के बच्चे भी अध्ययन करते थे और गुरूकुल में सभी को बराबर का दर्जा देते हुए शिक्षा के साथ शस्त्र आदि का प्रशिक्षण भी दिया जाता था। ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले ने भेदभाव के खिलाफ जो अभियान चलाया, उसमें ब्राह्मणों ने ना सिर्फ साथ दिया, बल्कि ज्योतिबा फुले को 20 अस्पताल खोलने में मदद भी थी।

वेस्ट ईगल एकेडमी के धनंजय नेहरा सहित कइयों ने जीते पदक

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। वेस्ट ईगल शूटिंग एकेडमी ने मयूर स्कूल, नोएडा में आयोजित रोटरी क्लब शूटिंग चैंपियनशिप 15-16 अप्रैल में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में सर्वाधिक पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। इस प्रतियोगिता में दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों और अकादमियों ने हिस्सा लिया, लेकिन हएरअ के निशानेबाजों ने सटीकता और अनुशासन का अद्भुत परिचय देते हुए दर्शकों और निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया। वेस्ट ईगल शूटिंग एकेडमी की निद. ेशक पारुल मलिक ने विजेताओं और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता हमारे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। हमें गर्व है कि हमारी एकेडमी भविष्य के चैंपियनों को तैयार कर रही है। डब्ल्यूईएसए के प्रमुख विजेता रहे, निश्चय त्यागी, अनिर्बान दास, धनंजय नेहरा, अहान, मनन, पुरंगनी दास, किमाया कुमार, शोनित गुप्ता, तिथि, दीपांशु तावर, युगंक मिश्रा, अनिरुद्ध प्रताप, वंशिका राठी, मोहन बघेल, कंगना, अपूर्णा दास, शोनित गुप्ता एवं मन्नत वही, टीम इवेंट में प्रथम स्थान वंश, तनिश, हिमांशु और सहभागी अस्मित रहे। इस प्रतियोगिता के माध्यम से युवा निशानेबाजों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिला। वेस्ट ईगल शूटिंग एकेडमी ने यह साबित कर दिया कि वह खेल प्रतिभा को निखारने और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करने में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

मोदीनगर। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर के आदेशानुसार थानों में नामजद आदतन अपराधी/गैंगस्टर को थाने बुलाकर अपराध न करने की शपथ दिलाये जाने के अंतर्गत भोजपुर थाने में अपराधियों को शपथ दिलाते एसीपी ज्ञानप्रकाश रॉय, एसओ अमित शर्मा भी मौजूद रहे।

पुलिस कमिश्नर ने अपराधियों को अपराध न करने की दिलाई शपथ

- **किसी भी व्यक्ति को झूठे मुकदमे में फसाने वाले के विरुद्ध की जाएगी सख्त कार्रवाई, जुर्म की दुनिया छोड़ने की खाई अपराधियों ने कसम**

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की कमान संभालते हुए जे रविंदर गौड ने एक बहुत ही अच्छी पहल शुरू की है। इस कार्य से अपराधियों के दिलो में जे रविंद्र गौड़ के लिए सम्मान बढ़ गया। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने शहर के सभी थाना प्रभारियों से थानो के सबसे खतरनाक हिस्ट्रीशीटर आरोपियों की लिस्ट मंगवाई और उसका सत्यापन करने के बाद अपराधियों को थाने में बुलाया और उन्हें अपराध न करने की शपथ दिलाई। अपराधियों ने शपथ पत्र भरकर अपराध की दुनिया में दोबारा कदम न रखने की शपथ ली।

इस अवसर पर जे रविंद्र गौड़ ने अपराधियों को उनके परिवार की जिम्मेदारियां के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अपराध की दुनिया एक नर्क है, जो अच्छे खासे इंसान के परिवार को बिगाड़ देती है।

अपराध करने से अपराधी के घर का पूरा माहौल खराब हो जाता है। यहां तक के अपराधियों की बेटियों की शादी होने में भी दिक्कतें होने लग जाती हैं। पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड की बातें सुनकर कई अपराधी भावुक हो गए, और उन्होंने बिल्कुल भी अपराधना करने की कसम खा ली। वहीं कुछ अपराधियों की आंखें नम हो गई। जे रविंद्र गौड़ ने अपराधियों को समझाते हुए कहा जो आज आप करेंगे कल आप वैसा ही अपने साथ पाएंगे। आपके नक्शे कदमों पर ही आपकी आने वाली पीढ़ी चलेगी। इसलिए अच्छे इंसान बने ताकि दुनिया वाले आपको इज्जत दे। वही जे रविंद्र गौड़ ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के साथ अच्छा सलूक करने की सलाह दी।

जुर्म की दुनिया छोड़ने की खाई कसम: पुलिस अधिकारी जे रविंद्र गौड की बातें सुनकर अपराधियों ने माफी मांगी। और कभी ना जुर्म करने की बात कही। अपराधियों ने पुलिस को भरोसा दिलाया कि वह सत्य के मार्ग पर चलेंगे और कोई ऐसा काम नहीं करेंगे जिससे शहर की जनता में उनको लेकर डर का माहौल बने। इस मौके पर डीसीपी सीटी राजेश कुमार ने कहां की पुलिस की कोशिश रहेगी की किसी भी तरह से, अपराधों में सक्रिय लोग शांतिपूर्ण तरीके से रहे। अपराध को जीविकोपार्जन का साधन नहीं बनाये। सभी अपराधियों को भविष्य में अपराध न करने की चेता. वनी दी।

बता दें की डीसीपी सिटी की और से किया जा रहे प्रयासों के बाद से जिले में अपराधों में अंकुश लग रहा है। वही डीसीपी सिटी ने कहा कि किसी भी अपराधी को झूठे मुकदमे नहीं फसाया जाएगा जब तक की घटना का सत्यापन ना कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी पुलिसकर्मी झूठे मुकदमे में किसी भी व्यक्ति को फसाएगा तो उसे पुलिसकर्मी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

जनता भी करेगी पुलिस का सहयोग: अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए जे रविंद्र गोड़ ने जनता से अपील की है, कि यदि कोई भी घटना,या अपराध की सूचना मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित किया जाए। जिससे उस घटना पर जल्द ही रोक लगाई जा सके। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि, शहर में गश्त बढ़ाया जाए। ताकि शहर की महिलाएं और युवतियां भी अपने आप को शहर में सुरक्षित महसूस कर सकें। वेव सिटी एसीपी प्रिया पाल ने भी थाने में सभी अपराधियों को बुलाकर उनको अपराध ना करने की शपथ दिलाई। और अपराधियों को उनके कर्तव्यों और अच्छी जीवन शैली के बारे में बताया। वही अपराधियों ने भी अपनी जिंदगी में अच्छा नागरिक बनने की शपथ ली। वही अपराधियों ने तख्ती पकड़ कर शपथ ली कि अब वह कोई ऐसा अपराध नहीं करेंगे जिससे लोगों को नुकसान पहुंचे।

वही जे रविंद्र गौड ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी पुराने अपराधियों की लिस्ट बनाई जाए और उनका घर जाकर सत्यापन किया जाए कि अब वह सही रास्ते पर चल रहे हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी अपराधी गलत रास्ते पर चलता हुआ दिखाई दिया तो उसके विरुद्ध कठिन कार्यवाही की जाएगी।

अदालती सूचना

न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिवीजन), जनपद-गाजियाबाद
विविध वाद सं0 580 सन् 2024
(कम्प्यूटर रजि0 सं० 1128 सन् 2024)

इन्स्टीटयूट ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज सोसायटी बनाम श्रीमती शायरा बानो इन्सटीटयूट ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज सोसायटी सी-238 औधोगिक क्षेत्र बुलन्दशहर रोड लालकुंआ गाजियाबाद द्वारा रजिस्टा/अधिकृत प्रतिनिधि एस०पी० सिंह पुत्र श्री ओमप्रकाश, आयु करीब 62 वर्ष केयर ऑफ आई०एम०एस० सोसायटी सी 238 औधोगिक क्षेत्र बुलन्दशहर रोड लालकुंआ गाजियाबाद। आधार कार्ड सं0- 2469 1273 0688.

...वादीगण।

बनाम

1. श्रीमती शायरा बानो पत्नी स्व० श्री शकरुद्दीन निवासी 80 साठा रोड बुलन्दशहर जिला बुलन्दशहर वर्तमान निवासी- 126/14, साठा रोड बुलन्दशहर जिला बुलन्दशहर एवं म0 नं0- 102 क साठा रोड बुलन्दशहर जिला बुलन्दशहर। 2. मौ० फैसल पुत्र स्व० श्री शकरुद्दीन निवासी 80 साठा रोड बुलन्दशहर जिला बुलन्दशहर वर्तमान निवासी- 126/14, साठा रोड बुलन्दशहर जिला बुलन्दशहर एवं म0नं0- 102क साठा रोड बुलन्दशहर, जिला बुलन्दशहर।

...प्रतिवादीगण।

इश्तहार

श्रीमानजी, इन्सटीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज सोसायटी, में तकलीमय महादाबय + व्यादेश में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 29-05-2025 को दिन में प्रात: 10.00 बजे उत्तर देने के लिए व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता द्वारा उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए सम्मन किया जाता है जिसमे असफल रहने पर वाद/आवेदन का एकपक्षीय निस्तारण किया जाएगा।

आज यह तारीख 15-04-2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

आदेशानुसार
मुंसरिम
सिविल जज (जूनियर डिवीजन)
गाजियाबाद।

एक नजर

हज पर जाने वाले हाजियों का किया गया टीकाकरण

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। इस वर्ष हज पर जाने वाले हाजियों का टीकाकरण तकिया वाली मस्जिद बागपत में किया गया। जिला अस्पताल बागपत की डॉक्टर की टीम ने सुबह 9 बजे से टीकाकरण शुरू किया और जनपद बागपत से हज यात्रा 2025 में जाने वाले हाजियों को क्वाड्रीवेलेन्ट मैनिनगोकाकल मेनिनजाइटिस वैक्सीन व सीजनल इन्फ्लूएंजा वैक्सीन तथा ओरल पोलियो वैक्सीन दी गई वैक्सीन लगाने वाली टीम के इंचार्ज डॉ सरवन गोस्वामी के साथ 13 सदस्य टीम के साथ उपस्थित रहे। इस बार बागपत जनपद से 111 हाजियों का हज यात्रा के लिए चयन हुआ था जिसमें से केवल 108 हाजी इस वर्ष हज के लिए जा रहे है इस मौके जिला हज ट्रेनर हाजी सरफराज अहमद अपनी टीम के साथ हाजियों की सभी कार्यवाही पूरी की जिसमें नसीम मलिक मंजूर हसन मास्टर तस्लीम हाजी इरफान कुरैशी जुबैर आलम एडवोकेट आमिर मालिक उपस्थित रहे।

लोनी में खुले नाले में गिरी गोमाता को गोरक्षकों ने सुरक्षित बाहर निकाला: रवि धामा

शाह टाइम्स संवाददाता

लोनी। लोनी में ईदगाह मैदान के पास एक गौमाता गहरे खुले नाले में गिर गयी। इसकी सूचना मोहम्मद इस्माईल व परवेज चौधरी को मिली उन्होंने गौरक्षक रवि धामा व खन्ना नगर चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार को घटना से अवगत कराया। वे तुरन्त मौके पर पहुंचे और रस्सियों की मदद से गौमाता को बाहर निक. ालने की पुरजोर कोशिश की लेकिन कामयाबी नही मिली। उसके बाद जेसीबी मशीन से गौमाता को बांधकर सुरक्षित तरीके से ऊपर उठाया। और गौमाता को कड़ी मसक्कत के बाद बाहर निकाला गया। रवि धामा ने बताया कि आज शनिवार को तहसील दिवस में उन्होंने इन खुले नालों की समस्या से गाजियाबाद जिले के जिला अधिकारी महोदय दीपक मीणा को भी अवगत कराया है।

जिससे कि गौमाता खुले नालों में ना गिर सके। जिला अधिकारी महोदय ने आश्वासन दिया है कि यह समस्या जल्द समाप्त की जाएगी। उन्होंने अधिशासी अधिकारी महोदय लोनी नगरपालिका को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। रवि धामा ने बताया कि जिला अधिकारी महोदय ने अवगत कराया है कि एन जी टी की गाइड लाइंस के अनुसार सभी नाले एक साथ कवर नही किए जा सकते हैं लेकिन यह एक गंभीर विषय है। जिस पर ध्यान दिया जाएगा। मौके पर हैड कांस्टेबल सुरजीत कुमार, राजू, सहित कॉलोनी के दर्जनों भर लोग साथ रहे।

स्वच्छता अभियान चलाया

साहिबाबाद। उत्तरांचल भ्रातृ समिति ने शालीमार गार्डन में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया। समिति के अध्यक्ष नरेश देवरानी, भाजपा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, सुमन सती, दलीप सिंह उनियाल, हरीश चंद्र खर्कवाल व विजय जुगरान समेत कई लोगों ने सड़क और इसके किनारे पड़े कूड़े की सफाई की। सुबह के समय चले अभियान में स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता की शपथ भी ली।

आईटीएस डेन्टल कॉलेज में विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

वार्षिक सांस्कृतिक, खेल-कूद एवं साइंटिफिक कार्यक्रम ऑक्लूजन का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

मुरादनगर। आईटीएस डेन्टल कॉलेज में सांस्कृतिक, खेल-कूद एवं साइंटिफिक कार्यक्रम 'ऑक्लूजन-2025' का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में देश-भर के 45 डेन्टल कॉलेजों के 3500 से अधिक बी0डी0एस0 और एम0डी0एस0 के छात्रों ने विभिन्न साइंटिफिक पेपर/पोस्टर प्रेजेंटेशन में भाग लेने के साथ-साथ उन्होंने सांस्कृतिक एवं खेल-कूद प्रतियोगिताओं में अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें ऑन स्टेज कार्यक्रम में जैसे सोलो सिंगिग, सोलो डॉसिंग, मैड-एड, डयूट सिंगिंग, मैड-एड, स्किट/माईम, इंस्ट्रूमेंटल, कवि सम्मेलन, क्विज, वैराइटी, डयूट डांस, सोलो डांस, ग्रुप सिंगिंग और अन्ताक्षरी एवं ऑफ स्टेज कार्यक्रम में फेस पेंटिंग, पब्जी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, रंगोली, मास्टर शेफ, फोटोग्राफी, नुक्कड़ नाटक सहित मंच पर विस्मयकारी उत्साह से भरभूर कार्यक्रम शामिल थे।

इसके साथ ही फैशन शो और ग्रुप डांस का भी आयोजिन किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ग्रुप डांस (इंडियन एवं वेर्स्टन), डयूट सिंगिंग, कवि सम्मेलन, ग्रुप सिंगिंग, बैंड ऑफ वॉर, फेस पेंटिंग, टैटू मेहि. कंग, सॉप कार्विंग और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, रंगोली, फोटाग्राफी, मैड-एड, मास्टरशेफ, नुक्कड नाटक जैसे कार्यक्रम हुये, जिसमें विभिन्न कॉलेजों से आये विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

इसके साथ ही खेल-कूद कार्यक्रमों में क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, बॉस्केट बॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, खो-खो आदि जैसे विभिन्न खेल आयोजित किये गये जिसमे बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इसके अलावा संस्थान के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस, स्क्वैश, पूल, आर्म कुश्ती, पुश-अप सहित विभिन्न प्रकार के इनडोर खेल एवं बास्केटबॉल, खो-खो, स्प्रिंट रनिंग, शॉट-पुट, मैराथन, क्रिकेट, रस्साकशी, टेनिस, वॉलीबॉल, थ्रो बॉल जैसे विभिन्न आउटडोर कार्यक्रम भी आयोजित किये गये।

इसके बाद फैशन शो में विभिन्न डेंटल कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने अपना प्रदर्शन दिखाया, जिसमें फैशन शो की विजेता टीम को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मिस सेजल ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस पूरे कार्यक्रम के माध्यम से परिसर में ऊर्जा और उत्साह का एक नया स्तर देखा गया।आईटीएस -द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के द्वारा सभी विजेताओं को मेडल और पुरस्कार वितरण किये।

सभा को संबोधित करते हुए अर्पित चड्ढा ने सभी विद्यार्थियों को अपने शब्दों के द्वारा प्रेरित किया और बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के विभिन्न कॉलेजों के छात्रों के बीच वैज्ञानिक तथा शैक्षणिक ज्ञान का आदान प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान करना है जो कि सभी छात्रों के विकास के लिये अग्रणी कदम है। इस कार्यक्रम में आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ आरपी चड्ढा एवं सेक्रेट्री, भूशण कुमार अरोड़ा, संस्थान के निदेशक-प्रधानाचार्य, डॉ देवी चरण शेट्टी, भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये संस्थान के सभी अध्यापको ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दिन के मुख्य आकर्शण गाला डीजे नाइट में मनोरंजक संगीत का आनंद लेने के लिये भारी भीड़ देखी गयी, जहां देश-भर के छात्रों ने हिट पार्टी मिक्स पर जम कर डांस किया।

पेड़ से पैर फिसलकर गिरने से युवक की मौत

मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था युवक, परिजनों में मचा कोहराम

शाह टाइम्स संवाददाता

रटौल। एक युवक नंगला बड़ी के जंगल मे पेड़ से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। साथी उसे लेकर चिकित्सक के यहां पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया जिससे परिजनों का रो रो बुरा हाल है। कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सात्वंना देने मे लगे है।

रटौल निवासी 30 वर्षीय कदीर पुत्र इसरार मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है। वह मजदूरी पर पेड़ो की कटाई करता है। रोजाना की भाति वह अपनें भाई नन्ने पुत्र इसरार और जाबिद खां के साथ नंगला बड़ी के जंगल मे एक पेड़ काटने गये थे जहां कदीर पेड़ पर रस्सा लेकर चढा तो उसका पैर फिसल गया और वह पेड़ से नीचें आ गिरा उसके भाई और साथियों ने देखा तो दौड़कर उसके पास पहुंचे और उससे गम्भीर अवस्था मे रटौल चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया जब यह बात परिजनों को पता चली तो मौकें पर भारी भीड़ इखट्ठा हो गयी। वही परिजनों का रा-रो बुरा हाल हो गया। कदीर के दो बेटी और एक बेटा है जिससे परिवार के सामने परवरिश को लेकर समस्या खड़ी हो गयी है। कस्बें के लोगो ने बताया कि युवक मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता रटौल मे यह लगातार दूसरी घटना है जिससे कस्बें में गम का माहौल है।

मृतक का फाइल फोटो

अवैध एल्युमिनियम फैक्ट्री में लगी भीषण आग, एक कर्मचारी झुलसा

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। जनपद के डूंडाहेड़ा उद्योग क्षेत्र में एक अवैध एल्युमिनियम रीसाइक्लिंग फैक्ट्री में आग लग गई। इस हादसे में एक कर्मचारी झुलस गया। फैक्ट्री संचालक घायल कर्मचारी को लेकर मौके से फरार हो गया।

फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों को मौके पर बुलाना पड़ा। दमकल कर्मियों ने लगभग चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जांच में पता चला कि फैक्ट्री में एल्युमिनियम रीसाइक्लिंग की आड़ में पटाखे भी बनाए जा रहे थे। फैक्ट्री में पटाखों का सामान भी बड़ी मात्रा में मिला है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह फैक्ट्री पिछले एक साल से चल रही थी। सीएफओ अमरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि फैक्ट्री को एनओसी नहीं दी गई थी। इसके बावजूद यह अवैध रूप से संचालित हो रही थी। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। साथ ही फरार फैक्ट्री संचालक और घायल कर्मचारी की तलाश जारी है। प्रशासन की नाक के नीचे इतने लंबे समय तक अवैध फैक्ट्री का संचालन होना एक बड़ी चुनौती बना है। फिलहाल अधिकारी पूरे मामले की जांच में जुटे हैं।

सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता के चचेरे भाई की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। शनिवार की देर रात हाईवे पर गांव बावली में एक रोडवेज बस भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के चचेरे भाई को कुचलती हुई चली गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक का रात में ही पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

बताया गया है कि भाजपा नेता अमित तोमर का चचेरा भाई 35 वर्षीय संदीप पुत्र धीरसिंह शनिवार को देर रात करीब 8 बजे खेत से साईकिल से घर जा रहा था। जब व सड़क पार कर रहा था मो शामली की तरफ से तेज गति से आ रही रोडवेज उसे कुचलती हुई चली गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कुचलने के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया। मृतक खेती का कार्य करता है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि रात में ही पोस्टमार्टम करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

महाराष्ट्र के पुणे में एक्सपोजर विजिट में टांडा व फाजलपुर के प्रधान हुए शामिल

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। महाराष्ट्र राज्य के पुणे शहर में चल रही एक्स्पोज़र विजिट में उत्तर प्रदेश के 19 ग्राम प्रधानों में दो ग्राम प्रधान बागपत जनपद से भी शामिल हुए हैं। सरकार ने नवीनतम तकनीकी की जानकारी करने के बाद अपनी ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट एवं नई तकनीक के अनुसार कार्य करने के लिए सरकारी खर्च पर इस एक्स्पोज़र विजिट में शामिल किया है।

उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग ने महाराष्ट्र के पुणे में होने वाली एक्सपोजर विजिट के लिए जनपद से केवल दो बिनौली ब्लॉक के फाजलपुर ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सुधीर राजपूत तथा छपरौली ब्लॉक की ग्राम पंचायत टांडा के ग्राम प्रधान नवाजिश खान को चुना था यह एक्सपोजर विजिट 19 अप्रैल से 23 अप्रैल तक चलेगी जनपद से दोनों ग्राम प्रधान सुधीर राजपूत तथा नवाजिश खान 19 अप्रैल को ही इसमें शामिल होने के लिए महाराष्ट्र के पुणे पहुंच गए थे। वहां पर ग्राम प्रधानों को महाराष्ट्र राज्य की उत्कृष्ट ग्राम पंचायत का भ्रमण कराया जा रहा है जिसमें वहां ग्राम पंचायत में अलग तरीके से कराए गए कार्य ग्राम पंचायत विकास योजनाएं ठोस एवं अपशिष्ट तरल पदार्थ प्रबंधन आदि के साथ ग्राम पंचायत में डॉक्यूमेंटेशन सहित अन्य विकास कार्यों की तकनीक के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस एक्स्पोज़र विजिट का उद्देश्य वहां पर नई तकनीक सीखने के बाद जनपद कि अपने ग्राम पंचायत में नई तकनीक के साथ उत्कृष्ट विकास कार्य कराए जाना है।

एक नजर

चोरों ने खेत से ट्रांसफॉर्मर व अन्य कीमती सामान किया चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने किसानों के खेत में एक और वारदात को अंजाम दिया है। बसी नहर के पास स्थित खेत में लगे विद्युत ट्रांसफॉर्मर से चोरों ने रात के समय कीमती सामान चोरी कर लिया।

इस चोरी से क्षेत्र के किसानों की फसल सिंचाई प्रभावित होने की आशंका है। किसान इंद्रपाल ने बताया कि इलाके में टयूबवेल और ट्रांसफॉर्मर से चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं। चोरों की पहचान न होने से उनके हौसले बढ़े हुए हैं। किसानों ने इस मामले की शिकायत विद्युत विभाग और पुलिस से कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और चोरों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दे रही है। विद्युत विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। विभाग ने जल्द ही नया ट्रांसफॉर्मर लगाकर टयूबवेल की बिजली आपूर्ति बहाल करने का आश्वासन दिया है।

पुलिस ने चोरी की बाईक के साथ एक अभियुक्त को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। जनपद में पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना रमाला पुलिस ने चैकिंग के दौरान रविवार को फरार चल रहे एक चोर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से दिल्ली से चोरी की हुई एक मोटरसाईकल बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपी विशाल पुत्र विनय कुमार निवासी ग्राम रमाला जनपद बागपत का निवासी बताया गया है। पुलिस आरोपी के विरूद्ध विधिक कार्रवाई कर रही है

स्वयंसेवकों ने साइकिल से पर्यावरण संरक्षण और फिटनेस का दिया संदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। बडौत तहसील क्षेत्र के बिनौली गांव में ग्रामीण भारत में फिटनेस को जनआंदोलन बनाने की दिशा में एक नई मिसाल कायम करते हुए आज रविवार को नेहरू युवा केन्द्र बागपत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में बिनौली गांव में गठित टीएससी यूथ क्लब द्वारा संडे ऑन साइकिल अभियान के अंतर्गत भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली में बड़ी संख्या में ग्रामीण युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेहत है तो सब कुछ है, साइकिल चलाओ, पर्यावरण बचाओ, समर्थ युवा, सशक्त भारत जैसे नारों के साथ जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। यह आयोजन माय भारत प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से पूरे देश में चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है जिसका उद्देश्य देश में स्वस्थ दिनचर्या की चेतना और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

मवीकला सहकारी समिति के निर्विरोध सभापति बने संजय चौधरी

शाह टाइम्स संवाददाता

बडौत। तहसील क्षेत्र के बिनौली किसान सेवा सहकारी समिति बिनौली का शासन स्तर पर विभाजन कर चिरचिटा गांव में नयी प्रार्थमिक ग्रामीण सहकारी समिति मवीकलां का अंतरिम कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से पूर्व प्रधान संजय चौधरी मवीकलां को सभापति और प्रमोद राणा कमाला को उपसभापति चुना गया। एडीसीओ राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में बैठक हुई। जिसमें उन्होंने बताया बिनौली समिति का क्षेत्रफल अधिक होना तथा किसानों की समस्या को देखते हुए शासन स्तर से जनहित में बिनौली समिति का विभाजन कर मवीकल. ां, बिजवाड़ा और बामनोली में नई प्रार्थमिक ग्रामीण सहकारी समिति बनाई गयी। इनमें शनिवार की शाम चिरचिटा में स्थित मवीकलां समिति बोर्ड का तीन माह के लिए गठन किया गया। इस समिति के खुलने से चिरचिटा, मवीकलां, कमाला, केडवा, गावड़ी, गलेहता, हजुराबाद गढ़ी गांव के किसानों को लाभ मिलेगा। समिति पर एमडी संजय कुमार रहेंगे। इस अवसर पर बिन्दर राणा, विकास प्रधान, वेदपाल धामा, विपिन त्यागी, ख्रष्ण त्यागी, बीरसेन, सुंदर, ओमकार शर्मा, सूरजपाल, राजेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

चिचड़ी रोग का इंजेक्शन लगाने के बाद 6 गौवंशो की मौत, 3 की हालत गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। बडौत तहसील क्षेत्र के बावली गांव की गोशाला में रविवार को एक के बाद एक 6 गोवंशों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों और गोशाला प्रबंधन ने तुरंत प्रशासन को सूचित किया। बीडीओ ज्योति बाला ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान ग्राम प्रधान गौरव तोमर के अलावा ग्रामीणों में सोहनवीर, देवेंद्र, जगदीश, पप्पू, जयवीर आदि ने बताया कि दो दिन पहले गोवंशों को चिचड़ी रोग से बचाने के लिए पशुपालन विभाग की टीम ने गोवंशों को इंजेक्शन लगाए गए थे। इन्हीं इंजेक्शन से गोवंशों की तबीयत बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है। उधर गोशाला में मौजूद अन्य गोवंशों की जांच में 3 की स्थिति चिंताजनक पाई गई। इन्हें तत्काल झज्जर स्थित पशु चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों की टीम लगातार इनकी निगरानी कर रही है। मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। बीडीओ ज्योति बाा ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पशु चिकित्सकों की जांच के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी की लापरवाही सामने आती है तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दो चचेरी बहनों की मौत के बाद गांव में छाया रहा मातम, नहीं जले चूल्हें

शाह टाइम्स संवाददाता

रटौल। मुस्तफाबाद हादसे मे सिगोली तंगा गांव की दो चचेरी बहनों की मौत के बाद गांव मे दूसरे दिन भी मातम छाया रहा। अधिकांश घरो में चुल्हे नही जले। वही परिवार के सभी सदस्य दिल्ली बेटीयो के अन्तिंम संस्कार में शामिल के लिए वही मौजूद रहे।

दिल्ली के मुस्तफाबाद में एक चार मंजिला इमारत ढहने से 11 लोगो की मौत हो गयी जिसमे दो बागपत के सिगोली तंगा की बेटी साइना पुत्री जमील और चांदनी उर्फ सुहाना पुत्री सलीम की भी मौत हो गयी। हादसे मे उनके पति और बच्चों की भी मौत हुई है जबकि चार लोग घायल भी हुये थे जब यह खबर सिगोली तंगा पहुंची तो परिजन रोते बिलखते मुस्तफाबाद पहुंचे थे। दूसरे दिन भी परिजन दिल्ली में मौजूद रहे जबकि गांव मे संनाटा पसरा रहा। अधिकांश घरो मे चुल्हे तक नही जले दोपहर बाद शवो के पोस्टमार्टम के बाद दिल्ली में ही उनके परिजनों को सौप दिया। जहां दिल्ली के मुस्तफाबाद के ही एक कब्रिस्तान में शवो को गमगीन माहौल में सुपुर्द-ए -खाक कर दिया गया। सिगोली तंगा में पीड़ित परिवार के घर सात्वंना देने वालो का ताता लगा रहा। गांव मे गलिया सुमसान रही घर कोई गमजदा नजर आया।

बहादुर शाह जफर का नाम आज भी भारत के इतिहास में है दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

अनिल शर्मा, बडौत। भारत के आख़िरी मुग़ल बादशाह जिन्होंने 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 24.अक्टूबर 1775 में उनका जन्म हुआ था। पिता अकबर शाह द्वितीय थे। वे 28 सितम्बर 1837 में बादशाह बने।

ज़फ़र का जीवन बहुत ही संघर्षपूर्ण था। उन्होंने 1857 में भारतीय सिपाहियों का नेतृत्व किया और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। हालांकि उन्हें अंग्रेजों के हाथों हार का सामना करना पड़ा। अंग्रेजों ने जुल्म की सभी हदें पार कर दीं। जब इन्हें भूख लगी तो अंग्रेज़ इनके सामने थाली में इनके बेटों के सिर ले आए। उन्होंने अंग्रेजों को जवाब दिया कि हिंदुस्तान के बेटे देश के लिए सिर कुर्बान कर अपने बाप के पास इसी अंदाज़ में आया करते हैं जब इन्होंने अपने मुंह से ऐसे शब्द बोले तो उनकी आंखों में अपने बेटों की झलक पानी की उम्मीद जगी मगर अंग्रेजों ने उन्हें बंदी बना लिया। बेटों के शवों को बाहर निकाल कर उनके सामने से अलग कर दिया। इस दौरान उन्हें बंदी बनाकर रंगून (म्यांमार/बर्मा की राजधानी) ले जाया गया। जहाँ 7 नवम्बर 1862 को इनकी मृत्यु हुई। उनकी मजार रंगून में श्वेडागोन पैगोडा के नजदीक स्थित है। उनकी विरासत आज भी भारत, बांग्लादेश और पाकिस्तान में सम्मानित है और उनके नाम पर कई सड़कें और स्मारक बनाए गए हैं। मगर वह एक ऐसे बदनसीब शेर है जिन्हें दफनाने के लिए दो गज की जमीन भी नसीब नहीं हुई। अंग्रेजों से लड़ने की मिसाल आज भी कायम है। उन्होंने अंग्रेजों का जमकर मुकाबला किया और वह देश के लिए अमर शहीद हो गए। उनकी शहादत पर आज उन्हें याद किया जाता है। बहादुर शाह जफर ने अंग्रेजों के साथ जमकर मुकाबला करते हुए अपना साहस दिखाते हुए उनका जमकर सामना किया। 1957 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनकी अहम भूमिका मानी जाती है। बहादुर शाह जफर भारतीय स्वतंत्रता सेनानी रहे है। आज भी भारतीयों के दिलों में उनकी यादगार समय हुई है।



बहादुर शाह जफर

पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को दी हिंडन में काटकर फेंकने की धमकी

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। छपरौली बिहार और छत्तीसगढ़ में फेरी लगाकर कपड़ा बेचने वाले इरफान को उसकी पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर काटकर हिंडन में फेंकने की धमकी दी। इसमें तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले इरफान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तीन चार महीने में एक बार गांव में आता है। आरोप लगाया कि उसकी पत्नी के गांव के ही शाहरुख के साथ पिछले तीन साल से अनैतिक संबंध हैं। इस बारे में पत्नी का फोन देखकर पता चला। उसने अपनी पत्नी को 85 हजार रुपये और जेवर भेजे। उसकी पत्नी ने रुपये और जेवर अपने प्रेमी शाहरुख को दे दिए। उसने विरोध किया तो दोनों ने छपरौली के फैसल की तरह काटकर हिंडन नदी में फेंकने की धमकी दी। इरफान ने तीन बच्चों की हत्या की आशंका जताई। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर पत्नी इसराना और उसके प्रेमी शाहरुख के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

ममता सरकार को बर्खास्त के लिए हिंदू महासंघ देगा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

बडौत। पश्चिम बंगाल में जिहादियों द्वारा हिंदुओं पर किए जा रहे अत्याचार ममता के जिहादियों के समर्थन के कारण ममता सरकार को बर्खास्तगी के लिए विश्व हिंदू महासंघ देगा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन।

विश्व हिंदू महासंघ बागपत के जिला प्रभारी डा.दीपक गौतम ने बताया कि विश्व हिंदू महासंघ अपने संवैधानिक दायित्व और हिंदू समुदाय के हितों की रक्षा के लिए कटिबध है। पश्चिम बंगाल विशेष रूप से मुर्शिदाबाद जिले में हिंदू समुदाय पर योजनाबद्ध जिहादी हमले, मंदिरों का विध्वंस, जबरन पलायन, ममता बनर्जी की राज्य सरकार की संवैधानिक असफलता ने गंभीर संकट उत्पन्न कर दिया है , जिसके कारण विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट विकास पाराशर ने प्रदेश के समस्त जिला कार्यकारिणियों को निर्देश दिए है कि जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भारत की महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिए जाएं। बागपत कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष विवेक राणा की अध्यक्षता में सोमवार को दोपहर 2:30 बजे दिल्ली बस स्टैंड के पास कोताना रोड पर स्थित हनुमान मंदिर से चलकर तहसील में ज्ञापन सोपा जाएगा जिसकी व्यवस्था हेतु महासंघ के कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी गई है। नगर अध्यक्ष उज्जवल जैन जिला महामंत्री वैभव राजपूत आकाश कंसल कृष्ण पाल बावली मीनाक्षी सिसोदिया राजेश उज्जवल विपुल सत्येंद्र शर्मा सुभाष कुलदीप एडवोकेट अमित जैन डा.सुशील शर्मा गोविंद राजेंद्र प्रजापति आदि कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप गई जिसमें ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया है।

गन्ना लोडर से बाइक टकराने से युवक की मौत, साथी घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। बडौत तहसील क्षेत्र के बड़ौत-बुढ़ाना मार्ग पर भड़ल गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। गन्ना लोडर की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। हादसे में उसका साथी घायल हो गया।

मृतक की पहचान भड़ल गांव निवासी राहुल (22) के रूप में हुई है। 17 अप्रैल को राहुल अपने दोस्त गौरव के साथ गांव के पेट्रोल पंप से तेल भरवाने गया था। वापसी के दौरान सामने से आ रहे गन्ना लोडर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद लोडर चालक मौके से फरार हो गया। पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने दोनों घायलों को मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान राहुल की मौत हो गई। गौरव का इलाज अभी जारी है। पुलिस ने गन्ना लोडर को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक के पिता कर्णवीर ने दोघट थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बच्चू सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद राहुल का शव गांव पहुंचा, जहां गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

मृतक का फाइल फोटो

विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में 21 नामजद और 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाम्स संवाददाता

बागपत। कोतवाली क्षेत्र के बिलौचपुरा गांव में वक्फ बिल का विरोध करने वालों पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र में बिना अनुमति जुलूस निकालने और विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में 21 नामजद और 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया गया है।

घटना नमाज के बाद की है, जब बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और हाथों में तख्तियां लेकर वक्फ बिल का विरोध करने लगे। प्रशासन द्वारा मना करने के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने जुलूस निकाला। इस दौरान बनाए गए वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने वसीम उर्फ गुड्डू पठान, अफजल, एजाज, इकरार, इस्तेकार, हाजी इबाद, कलीम, इस्तियाक, आरिफ, नावेद, मो. हसिन, समीर, शहनवाज समेत कुल 21 नामजद और 35 अज्ञात के खिलाफ धारा बीएनएस 189 (2) और बीएनएस 292 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब मामले की गहन जांच कर रही है।

बिजरौल में लोगों ने किसानों का धरना कराया स्थगित

शाह टाइम्स संवाददाता

बड़ौत। बिजरौल गांव में अधिग्रहण से जमीन बचाने के लिए पिछले कई दिन से चल रहा किसान परिवारों का धरना को लोगों ने स्थगित कराया। वहीं बलवान व यशपाल पक्ष की ओर से एडीएम कोर्ट में अपना पक्ष रखने के लिए कागजात जमा कराए गए।

दिल्ली-देहरादून इकॉनमिक कॉरिडोर निर्माण के लिए एक बीघा जमीन अधिग्रहण होने से बचाने के लिए बिजरौल गांव के किसान बलवान व यशपाल का परिवार कई दिन से धरने पर बैठा हुआ था। इनका आरोप है कि बिना मुआवजा दिए एनएचएआई के अधिकारी जमीन को अधिग्रहण करना चाहते हैं। भाकियू नेता राजेंद्र सिंह, थांबा चौधरी यशपाल सिंह, विक्रम आर्य समेत अन्य लोगों ने किसान परिवारों का धरना स्थगित कराया। बिना मुआवजे के जमीन अधिग्रहण करने की कार्रवाई करने पर दोबारा से धरना शुरू करने की चेतावनी दी। वहीं किसान यशपाल ने बताया कि उन्होंने एडीएम कोर्ट में भूमि संबंधित कुछ कागजात जमा कराए गए है। वहां अपना पक्ष मजबूती से रखेंगे।

बड़ी माता मंदिर रोड स्थित मौहल्ला पंसारियान में हुई घटना

मकान से मिले मांस के अवशेष, हड़कंप

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शहर के बडी माता मंदिर रोड स्थित मौहल्ला पंसारियान में एक मकान से पुलिस को मांस बरामद हुआ है। सूचना पर पहुंची विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों ने पुलिस कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए चौकी के मात्र 100 मीटर की दूरी पर गौहत्या होने का आरोप लगाया। वहीं मौके से कटान के कोई साक्ष्य नहीं मिले, जबकि एक पॉलोथीन में मांस के टुकड़े व पैर बरामद हुए हैं। पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने मांस के टुकडों की सेपंल लेकर परीक्षण को भेज दिए है।

रविवार को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि शहर के बडी माता मंदिर रोड स्थित मौहल्ला पंसा. रियान निवासी अयाज उर्फ पप्पू पुत्र कुतुबुददीन के मकान में गाय काटी गई हैं। सूचना पर कोतवाली पुलिस

मौके पर पहुंची और मकान की तलाशी ली, जिस पर मकान में कुछ नही मिला, लेकिन मकान की छत पर एक पॉलोथीन में बंद कर रखे गए मास के टुकडे और पैर बरामद हुए। जिसको पुलिस ने तीसरी मंजिल से बरामद किया। स्वयं स्वयं की पडौसियों के दीवार कूदकर तीसरी मंजिल पहुंचे और मास को बरामद किया। इस दौरान मकान में मौजूद महिलाओं ने बताया कि वह नीचे रहते है और छत पर मास कैसे आया उनको कोई जानकारी नही है। सूचना पाकर हिन्दू संगठन के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और उन्होने पुलिस की कार्यशैली पर सवालियां निशान लगाते हुए चौकी से मात्र 100 कदमों की दूरी पर गौहत्या करने का आरो लगाया।

उन्होने हंगामा करते हुए आरो. पियों की गिरफ्तारी न होने पर आन्दोलन करने की चेतावनी दी। पुलिस ने मौके पर पशु चिकित्सा विभाग के चिकित्सकों को बुलाकर मास की जांच कराई और नमूने लेकर परीक्षण के लिए भेज दिए गए। मकान

में कोई भी पुरूष नही मिला था।

षड्यंत्र के तहत डाला गया मांस

अयाज उर्फ पप्पू के मकान में मिले मास के टुकडे व अवशेष को लेकर तरह तरह की चर्चाऐ व्याप्त है। मौहल्लेवासियों का कहना है कि तीसरे मंजिल पर पशु कटान संभव नही है। क्योकि मकान का जीना इतना छोटा है कि एक समय में एक ही व्यक्ति जा सकता है। पुलिस भी पडौसियों के मकान में घुसकर सीधा तीसरी मंजिल की छत पर पहुंची है। वही मकान मालिक का कहना है कि किसी षडयंत्र के तहत उनके मकान में मास लाकर डाया गया है। यह रंजिशन किया जा रहा है। पुलिस सत्यता की जांच कर ही कार्यवाही करे। ताकि निर्दोश को न्याय मिल सके और आरोपी को सजा मिले।

उधर, थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही कर गो तस्करी करने वाले एक गो तस्कर को सिम्भालका अंडर पास के पास से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त अयाज उर्फ पप्पू पुत्र कुतबुद्दीन निवासी हाजी शाहिद वाली गली मौहल्ला पन्सारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली है।

नि:शुल्क न्यूरोथेरेपी कैंप का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। भारत विकास परिषद अमृत के तत्वाधान में रविवार को शहर के मिल रोड स्थित जैन स्थानक मंदिर में निशुल्क न्यूरोथेरपी कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में करीब 500 मरीजों की जांच कर उनको निशुल्क न्यूरोथेरपी का लाभ प्रदान कराया गया।

रविवार को शहर के मिल रोड स्थित जैन स्थानक मंदिर में भारत विकास परिषद अमृत के तत्वाधान में विशाल निशुल्क न्यूरोथेरपी कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीएम संतोष कुमार सिंह, समाजसेवी अंकित गोयल, संस्थापक पाल गोयल ने संयुक्त रूप से किया। कैंप आयोतक सचिव पुनीत जैन ने बताया कि कैंप में दीपक वोहरा यमुनानगर, सुनील कुमार चंडीगढ़, बलराम साहा ऋषिकेश, कन्हैया सैनी मोहाली, आशीष मोहाली, त्रिलोक करनाल, दातार सिंह शामली, सेम सिंह कुरुक्षेत्र, रजनी बाला पटियाला, आकांशा जैन गाजियाबाद आदि

चिकित्सकों द्वारा कैंप में आए हुए मरीजों का बिना दवाई के न्यूरोथेरपी पदती द्वारा उपचार किया गया। बताया कि यह एक अल्टीर्नाटिव साइंस है। यह गट और ब्रेन के कनेक्शन को बेहतर करता है। एसिड और अलक. ालाइन को बैलेंस करता है। ऑक्सीजन का बहाव बेहतर करने में काम करता है। वह शरीर में ओम्युनिटी को बेहतर करता है। न्यूरोथेरपी में बिना दवाई के बिना मशीन के बिना कोई साइड इफेक्ट के इलाज किया जाता है।आज इस कैंप में सर्वाइकल, कमर दर्द, घुटने का दर्द, नीली नसे, चक्कर आना, शरीर में दर्द होना आदि बीमारी का इलाज करा गया। जिसमे करीब 500 मरीजों ने इस थेंरेपी के द्वारा अपना इलाज कराया। मौके पर खजांची वाष्णेय, आदिश जैन, डा। मनोज, गौरव गोयल, अजय संगल, अंकित जैन, कृष्णपाल, डा। अर्जुन वर्मा, पंकज अग्रवाल, रीतु जैन, भूपेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

खेत में खड़ी फसल को नष्ट किया

शाह टाइम्स संवाददाता

ऊन। तहसील के गांव गढी अब्दुल्ला खान में दबंगों द्वारा खेत में खड़ी फसल को बिस्मार कर दिया तथा देवस्थान की भूमि पर भी अवैध कब्जा कर लिया है इस संबंध में पीड़ित द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिला अधिकारी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है ।गांव गढी अब्दुल्ला खान में खसरा नंबर 2019 गांव निवासी अफसर अहमद पुत्र सफदर अहमद व गौरव कुमार भार्गव पुत्र सुनील कुमार भार्गव ने 4 जून 2024 को खरीदी थी जिस पर उनका कब्जा व दखल भी हो गया था अफसर अहमद का आरोप है कि गांव निवासी अश्वनी पुत्र चरण सिंह, विजेंद्र पुत्र प्रेम सिंह ने भूमि पर अवैध कब्जा कर खड़ी फसल बिस्मार कर दी है तथा देवस्थान की करीब ढाई बीघा भूमि पर भी अवैध कब्जा कर लिया है इस संबंध में पीड़ित ने संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिला अधिकारी संतोष कुमार सिंह को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

शराब मामले में मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। स्थानीय पुलिस द्वारा एक शराब तस्कर अभियुक्त रिंकू पुत्र विमल निवासी ग्राम अहमदगढ झिंझाना को पांच लीटर कच्ची शराब के अहमद गढ भूमिया खेडा वाली गली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर किया गया है, वही उक्त आरोपी वर्ष 2013 में एक लूट के मामले में न्यायालय के द्वारा एनबीडब्ल्यू में फरार चल रहा था, जिसके खिलाफ चलानी कार्यवाही की जा रही है।

राम पर अभद्र टिप्पणी करने वाले पर मुकदमा

थानाभवन। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर भगवान राम के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक के खिलाफ थानाभवन पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी युवक की पहचान मादलपुर गांव निवासी शोएब पुत्र उमरदीन के रूप में हुई है। फिलहाल वह फरार बताया जा रहा है।पुलिस के अनुसार, शोएब ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से भगवान राम को लेकर आपत्तिजनक और भड़काऊ भाषा में एक पोस्ट साझा की थी। पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। पुलिस ने धार्मिक भावनाएं आहत करने की धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

स्वस्थ समाज, सशक्त राष्ट्र की भावना के तहत चैरिटेबल हॉस्पिटल के लिए मिशन की शुरुआत

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। रविवार को कर्मण्य सर्वहित संस्था शामली ने कर्मण्य चैरिटेबल हॉस्पिटल के निर्माण के लिए मिशन की शुरुआत की गई। स्वस्थ समाज, सशक्त राष्ट्र की भावना के साथ संस्था के पदाधिका. रियों ने यह कदम उठाया है।

रविवार को कर्मण्य संस्था द्वारा समाज की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एक आधुनिक व सुलभ चैरिटेबल हॉस्पिटल के निर्माण की महत्त्वाकांक्षी योजना पर कार्य आरंभ किया गया है। इस हॉस्पिटल का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं

निशुल्क अथवा न्यूनतम लागत पर उपलब्ध कराना है। इस मुहिम को सफल बनाने के लिए मेरठ में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया। बैठक में हॉस्पिटल निर्माण की योजना, भूमि एवं संसाधनों की व्यवस्था, बजट अनुमान तथा फंडरेजिंग की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त निर्माण प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने के लिए समितियों के गठन पर भी सहमति बनी। जिसमें अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, महासचिव कृष्ण मित्तल, उपाध्यक्ष अमर सिंह रावल, इनाम खान, अभिषेक चौधरी, प्रशांत शाक्य, राजीव तायल, वैभव तायल, अमन गुप्ता, सतेंद्र, प्रदीप चौहान आदि मौजूद रहे।

अग्रवाल समाज की कार्यकारिणी का गठन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शनिवार देर शाम को महाराजा अग्रसेन भवन में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संजय ऐरन को अध्यक्ष, राज. ेंद्र गर्ग को महामंत्री और वैभव प्रकाश गोयल को कोषाध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाकर माल्यार्पण किया।

गत शनिवार शाम को नगर पालिका परिषद चेयरमैन अरविंद संगल अखिल भारतीय अग्रवाल समाज शामली के अध्यक्ष संजय ऐरन, महामंत्री राजेंद्र गर्ग व कोषाध्यक्ष वैभव प्रकाश गोयल को शपथ ग्रहण कर माल्यार्पण किया। जिसमें सभी सदस्यों ने माला

पहनकर उनका स्वागत किया। चेयरमैन अरविंद संगल ने कहा कि समाज का कोई भी परिवार किसी भी तरह की परेशानी में हो वह अपनी बात संस्था के सामने रख सकता है। समाज की सभी समस्याओं, जरूरतों और सामूहिक विकास के लिए संस्था पूरी निष्ठा और समर्पण से काम करेगी। उन्होंने मनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष संजय ने कहा की संस्था हमेशा समाज हित में साथ खड़ी रहेगी व समाज के हितों में निरंतर काम करती रहेगी। इस अवसर पर नरेंद्र अग्रवाल, सुखमाल गुप्ता, मनोज गर्ग, राकेश गर्ग, अशोक गोयल, सचिन मित्तल, कपिल जिंदल, अमित गर्ग, नरेंद्र मंगल, चंचल गोयल, महेश गर्ग, अंकित गुप्ता, सक्षम संगल, नरेंद्र मंगल, मनोज संगल मौजूद रहे।

शामली। नारी शक्ति संगठन की बैठक में मौजूद महिलाएं व सम्मानित पदाधिकारी। छाया शाह टाइम्स

दर्जनों महिलाएं नारी शक्ति संगठन में शामिल

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। नारी शक्ति संगठन की राष्ट्रीय लोकदल की राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत ने कहा कि अब देश में महिलाओं को दौर आया है। जब महिलाऐं एक वार्ड सभासद से विधायक, सांसद और बडे बडे पदों पर बैठकर देश को दिशा देने का काम कर रही है। उन्होने दर्जनों महिलाओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराते हुए शशि वर्मा को महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है।

रविवार को शहर के मुजफ्फरनगर रोड स्थित सदर विधायक प्रसन्न चौधरी के कैंप कार्यालय पर नारी शक्ति संगठन की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्य महिला आयोग की सदस्य व नारी शक्ति संगठन की राष्ट्रीय लोक. दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीषा अहलावत ने सैकडों महिलाओं को संबोधित किया। उन्होने कहा कि महिलाऐं अब अपनी समस्या को लेकर अधिकारियों के कार्यालय तक जाए। वह डरे नही, अधिकारी हो गया फिर राजनेता यदि महिलाऐं अपनी समस्याऐं लेकर आई है तो उनको कोई ठुकरा नही सकता। महिलाओं की समस्याओं को पहले सुना जाता है। अब महिलाऐं पुरूषों से कम नही है। महिला देश में छोटे और बडे सभी पदों पर विराजमान है। महिलाऐं देश को दिशा देने का काम कर रही है। उन्होने मौके पर महिलाओं द्वारा बताई गई अपनी समस्याओं का भी समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होने दर्जनों महिलाओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान पार्टी की वरिष्ठ कार्यकर्ता डा। शशि वर्मा को महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष व सरोज मलिक को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया। दोना नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निशा चौधरी, सचिव भावना यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष चौधरी, अनुपमा चौधरी, नगर पंचायत बनत अध्यक्ष कुसुम देवी आदि मौजूद रही।

महिला के कानों से कुंडल चोरी करने वाला गिरफ्तार

शामली। सचिन कुमार पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम जमुना थाना अलीगढं की पत्नी श्वेता एक एक्सीडेंट में घायल हो गई थी। घायल को उपचार हेतु तत्काल जिला संयुक्त अस्पताल, शामली में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा घायल को मृत घोषित कर दिया। इसी दौरान अस्पताल से मृतका के कानों से बाली/कुंडल चोरी कर लिए गए, जिसके सम्बन्ध में अज्ञात के विरुद्ध थाना आदर्शमंडी पर तहरीर दाखिल की गई। दाखिल तहरीर के आधार पर थाना आदर्शमंडी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा उपरोक्त चोरी की घटना को दृष्टिगत रखते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना आदर्शमंडी को अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में पुलिस ने वार्डब्वॉय को गिरफ्तार किया गया है।

एक एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

शामली। पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त अजय पुत्र धर्मवीर सिह निवासी मौहल्ला इन्द्रा कालोनी थाना कोतवाली शामली जनपद शालमी है।

राशन डीलर पर कालाबाजारी करने व दुकान बंद रखने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

ऊन। सरकार द्वारा राशन की दुकानों पर कालाबाजारी को रोकने हेतु अन्नपूर्णा भवन बनाए गए थे तहसील के गांव काला माजरा में अन्नपूर्णा भवन जनवरी 2025 में बनकर तैयार हो गया था तथा गांव वालों को राशन वितरण भी शुरू कर दिया गया था लेकिन राशन डीलर समय पर दुकान नहीं खोलता तथा राशन की कालाबाजारी भी करता है इस संबंध में ग्राम प्रधान ने संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी को शिकायत कार्रवाई की मांग की है। गांव काला माजरा में जनवरी 2025 में अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार हो गया था तथा राशन वितरण भी शुरू कर दिया गया था ग्राम प्रधान का आरोप है कि राशन डीलर समीना समय पर दुकान नहीं खोली जाती ,स्टॉक बोर्ड पर भी कुछ अंकित नहीं किया जाता जिससे स्टॉक में राशन के बारे में जानकारी नहीं मिल पाती है, दुकान से तोलने के यंत्र घर लेकर जाते हैं, दुकान से राशन डीलर का देवर व लड़का कई बार राशन की बोरी उठा कर ले जाते हैं पिछली बार भी 10 बोरी राशन की उठाकर ले गए थे जिन्हें पूछने पर स्कूल में ले जाना बताया गया लेकिन स्कूल में तीन बोरी ही राशन की गई है । इस संबंध में ग्राम प्रधान मनीषा देवी, निजुल चौधरी ने संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह को शिकायत कार्यवाही की मांग की है।

गाली-गलौज पर दो पक्षों में मारपीट, चार लोगों को किया गिरफ्तार

थाना भवन। क्षेत्र के गांव जाफरपुर में रविवार सुबह मामूली कहासुनी ने झगड़े का रूप ले लिया जब दो पक्षों के बीच गाली-गलौज के बाद मारपीट हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए दोनों पक्षों के कुल चार लोगों को शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी नीलम सैनी पुत्र सतपाल सुबह खेत पर जाने के लिए जैसे ही घर से निकला, तभी पड़ोसी राजकुमार की पत्नी नीलम सैनी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते दोनों परिवारों के बीच अक्सर विवाद होता रहता है। नीलम सैनी का कहना है कि जब उसने विरोध किया और राजकुमार से अपनी पत्नी को समझाने को कहा, तो राजकुमार ने आक्रोशित होकर घर से लाठी लाकर उस पर हमला कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही थाना भवन पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने एक पक्ष से राजकुमार पुत्र शिवदत्त व संजय पुत्र धर्म सिंह, जबकि दूसरे पक्ष से नीलम सैनी पुत्र सतपाल व दीपक पुत्र नीलम के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया है।

अग्रोहा धाम को भव्य बस यात्रा संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्वारा अग्रोहा धाम के लिए भव्य बस यात्रा सम्पन्न की गई। रविवार को अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में धार्मिक सांस्कृतिक एवं समाजिक एकता को समर्पित एक विशेष बस यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा शामली से हरियाणा स्थित पावन तीर्थ अग्रोहा धाम तक आयोजित की गई, जिसमें समाज के पंजीकृत सदस्यों ने अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह से भाग लिया। यात्रा का उद्देश्य समाज को एकसूत्र में पिरोना, धार्मिक मूल्यों का विस्तार एवं परस्पर सहयोग की भावना को सु.ढ़ करना था। अग्रोहा धाम में सभी यात्रियों ने मां अग्रेश्वरी के दर्शन कर समाज की समृद्धि, एकता एवं उन्नति की कामना की। मौके पर अध्यक्ष रोबिन गर्ग, उत्तम जिंदल, रजत बिंदल, राहुल तायल, आकाश गुप्ता, गौरव, अमित बंसल, प्रदीप मंगल, उत्तम जिंदल, शिवानु बंसल, कार्तिक बंसल, वैभव संगल, आशीष गर्ग, देव बंसल, अंकुर मित्तल, ओमप्रकाश बंसल, अंकुर संगल, अंकुश बंसल आदि मौजूद रहे।

आरक्षी पदों पर चयनितों की परीक्षा 22 अप्रैल से एक मई तक

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। जिले में उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 के अन्तर्गत चयनित अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा के 921 अभ्यार्थियों का चयन हुआ है। जिसमें 174 महिला अभ्यर्थी व 747 पुरुष अभ्यर्थी शामिल हैं। चयनित अभ्यार्थियों का चिकित्सा परीक्षा आगामी 22 अप्रैल से प्रारम्भ होकर एक मई तक मंडी स्थित पुलिस लाइन जनपद शामली में होनी है, जिसके लिए सभी चयनित 921 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र स्थानीय थानों के माध्यम से वितरित किए जा चुके है। एसपी रामसेवक गौतम ने बताया कि प्रथम दो दिवस 22 व 23 अप्रैल को प्रतिदिन 87 महिला अभ्यर्थियों' की चिकित्सा परीक्षा की जाएगी। इसके पश्चात 24 अप्रैल से एक मई तक प्रतिदिन 85 पुरुष अभ्यर्थियों' की चिकित्सा परीक्षा की जाएगी। सभी अभ्यर्थी अपने नियत तिथि को प्रात: 9 बजे से पूर्व मंडी स्थित पुलिस लाइन में उपस्थित होगे। बताया कि निर्धारित तिथि व समय पर चिकित्सा परीक्षा के लिए अभ्यर्थी उपस्थित नही होते है तो चिकित्सा परीक्षा के लिए अग्रिम तिथि नही दी जाएगी तथा सम्बन्धित अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त' समझा जाएगा। पुलिस लाइन जनपद शामली में अभ्यर्थियों के अतिरिक्त बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूर्ण रूप से निषिद्ध किया गया है। समस्त चिकित्सा परीक्षा प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। उन्होने कहा कि चिकित्सा परीक्षा में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों तथा अभिभावको से अपील है कि चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण कराने के लिए किसी भी व्यक्ति के बहकावे में न आए। यदि कोई अभ्यर्थी या अभिभावक या अन्य द्वारा चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए अनुचित साधन का प्रयोग किया जाता है तो तत्काल मोबाइल नम्बर 7839866133 पर सूचित करे। ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।उन्होने कहा कि यदि जनपद शामली के किसी अभ्यर्थी को चिकित्सा परीक्षा का बुलावा पत्र प्राप्त न हुआ हों तो उक्त मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है।

921 अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा के संबंध में गोष्ठी संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। रविवार को पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम ने उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 के अन्तर्गत चयनित 921 अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा के सम्बन्ध में गोष्ठी आयोजित कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रविवार को पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम ने पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में गोष्ठी आयोजित कर उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 के अन्तर्गत चयनित 921 अभ्यर्थियों की चिकित्सा परीक्षा के सम्बन्ध में चिकित्सा परीक्षा प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने चिकित्सा परीक्षा कक्ष का निरीक्षण कर पूरी प्रक्रिया का अवलोकन कर चिकित्सा परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी तथा सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही सुरक्षा को लेकर पुख्ता प्रबंधक करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएमओ डा. अनिल कुमार, नोडल अधिकारी एएसपी संतोष कुमार सिंह, एसीएमओ डा। अतुल बंसल, डा. रामनिवास आदि मौजूद रहे।

फर्नीचर की दुकान में लगी भीषण आग

■ लाखों का हुआ नुकसान

शाह टाइम्स ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के बिसरख कोतवाली क्षेत्र के गौर सिटी-2 स्थित गुरुद्वारे के पास रविवार दोपहर 12:05 एक फर्नीचर की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में दोनों जगहों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें और धुआं देख आसपास के लोग दहशत में आ गए। फर्नीचर की दुकान में मौजूद मालिक और कर्मचारियों ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।

गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग से दुकान में रखा लकड़े की सोफा, कुर्सी, मेज आदि लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। कोतवाली पुलिस का कहना है कि घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर 12:15 बजे पहुंचीं और 25 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। शुरुआती जांच में पता चला है कि दुकान में बिजली का मीटर लगा है। उसने दो दिन से स्पार्किंग की समस्या बनी हुई है।

रविवार को मीटर में शॉर्ट सर्किट के कारण अचानक आग लग गई। आग बुझाने के दौरान एहतियातन आसपास की दुकानों को खाली कराया गया। हालांकि आग लगने के दौरान आसपास के इलाकों में प्रदूषण फैल गया। आग की लपटे और इसकी धुआं दूर तक देखा गया।

एसी में धमाका होने से होटल में आग लगी

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। सेक्टर-46 के बी ब्लॉक स्थित स्वास्तिक ओम होटल की दूसरी मंजिल पर एसी में धमाका होने से रविवार तड़के आग गई। इससे करीब 15 लोग अंदर फंसे गए। दमकल विभाग की टीम ने सभी को सकुशल बाहर निकाला और आग बुझाई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि कंट्रोल रूम से रविवार तड़के 4:30 बजे सेक्टर-46 स्थित एक भवन में आग लगने की सूचना मिली।

दमकल की चार गाड़ियों और हाइड्रोलिक वाहन को मौके पर भेजा गया। विभाग की टीम वहां पहुंची तो दूसरी मंजिल पर होटल के एक हिस्से में ठहरने के लिए बने कमरे में आग लगी थी। खुद को बचाने के लिए करीब 15 लोग छत पर चढ़े थे। इनमें ज्यादातर होटल के कर्मचारी थे। विभाग की एक टीम आग पर काबू पाने में जुट गई, जबकि दूसरी टीम ने फंसे सभी लोगों को सकुशल बाहर निकाला। दमकलकर्मियों ने एक गाड़ी से पानी की बौछार कर करीब 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया। दमकल की तीन अन्य गाड़ियां एहतियात के तौर पर मौके पर ही मौजूद रहीं। अगर आग का दायरा बढ़े तो उनका इस्तेमाल किया जा सके। अग्निशमन विभाग की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि एसी में धमाका होने से आग लगी थी। आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

आग फैलते ही छत पर भागे लोग: होटल में जिस समय आग लगी ज्यादातर लोग सो रहे थे। शोर सुनकर सभी उठे और धुआं देखते ही छत पर भाग गए। इसी दौरान नजदीकी थाने और अग्निशमन विभाग को घटना की जानकारी दे दी गई। आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए। महज 15 मिनट में दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। गनीमत रही कि आग का दायरा नहीं बढ़ा वरना अधिक नुकसान हो सकता था। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

दमकल विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। होटल के अग्निशमन उपकरणों और एनओसी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। लोगों ने बताया कि शनिवार रात को होटल में पार्टी थी। जिस भवन में आग लगी है उसे होटल के रूप में संचालित कराया जा रहा है। मकान एक सेवा. निवृत अधिकारी का बताया जा रहा है। हालांकि, अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने जांच के बाद इस पर टिप्पणी करने की बात कही।

नोएडा अथॉरिटी के पूर्व सीईओ संजीव सरन को भूमि घोटाले में ईडी की नोटिस

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। नोएडा अथॉरिटी के पूर्व सीईओ और आईएएस अधिकारी संजीव सरन को हैसिंडा प्रोजेक्ट से जुड़े करोड़ों रुपये के भूमि घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है। इससे पहले, इसी मामले में पूर्व आईएएस अधिकारी रमारमण से आठ घंटे तक पूछताछ की गई थी।

बीएसपी शासनकाल के दौरान, नोएडा अथॉरिटी के तत्कालीन सीईओ मोहिंदर सिंह के कार्यकाल में हैसिंडा प्रोजेक्ट प्रा. लि. को लगभग 36,000 वर्ग मीटर भूमि टाउनशिप विकसित करने के लिए आवंटित की गई थी। जिसके बाद कंपनी ने निवेशकों की राशि हड़पने के साथ-साथ भूमि का बड़ा हिस्सा प्रतीक ग्रुप को बेच दिया, बिना अथॉरिटी की अनुमति लिए और बिना निर्धारित भुगतान किए। पिछले वर्ष ईडी ने हैसिंडा ग्रुप के ठिकानों पर छापेमारी कर महत्वपूर्ण दस्तावेज और साक्ष्य जुटाए थे। इसके बाद से पूर्व अधिकारियों से पूछताछ का सिल. सिला शुरू हुआ।

संजीव सरन की भूमिका: संजीव सरन ने 15 सितंबर 2005 से 16 मई 2007 और 4 मई 2012 से 21 जनवरी 2013 तक नोएडा अथॉरिटी के सीईओ के रूप में कार्य किया। उनके कार्यकाल के दौरान भूमि आवंटन में हुई अनियमितताओं के कारण उन्हें जांच के दायरे में लाया गया है।

इससे पहले, 2012 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संजीव सरन और तत्कालीन चेयरमैन राकेश बहादुर को नोएडा अथॉरिटी से हटाने का आदेश दिया था, जब 2005-07 के बीच होटल प्लॉट आवंटन में 4,721 करोड़ रुपये के घोटाले का खुलासा हुआ था।

जब्ती और अन्य खुलासे: ईडी की छापेमारी के दौरान, पूर्व सीईओ मोहिंदर सिंह के चंडीगढ़ स्थित आवास से 1 करोड़ रुपये नकद, 12 करोड़ रुपये के हीरे, 7 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण और कई संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए गए थे। पूर्व आईएएस अधिकारी रमारमण ने अग्रिम जमानत के लिए विशेष अदालत में याचिका दायर की थी, जिसका ईडी ने विरोध किया। अब संजीव सरन को भी पूछताछ के लिए तलब किया गया है, और उन्हें जल्द ही दोबारा बुलाए जाने की संभावना है। यह मामला नोएडा अथॉरिटी के पूर्व अधिकारियों द्वारा बिल्डर्स को अनुचित लाभ पहुंचाने और सरकारी भूमि के दुरुपयोग से संबंधित है, जिसकी जांच ईडी द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग के तहत की जा रही है।

आरडब्ल्यूए ने गांव के फीडर से सेक्टर का फीडर अलग करने की उठाई मांग

नोएडा (शाह टाइम्स)। शहर की रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने विद्युत निगम से सेक्टर का फीडर अलग करने की मांग की है। गांव और सेक्टर का फीडर एक होने की वजह से निर्बाध आपूर्ति में दिक्कतें आ रही है। ऐसे में गांव के साथ सेक्टर के लोगों को भी कटौती का सामना करना पड़ता है। दरअसल, जिले में विद्युत निगम के 10 ऐसे फीडर है, जिन फीडर से गांव और सेक्टर दोनों को बिजली आपूर्ति की जाती है। ऐसे में गांव में कोई लोकल फाल्ट होने पर सेक्टर की भी आपूर्ति बाधित हो जाती है। इस तरह गांव के लोगों के साथ सेक्टर के लोगों को भी बिजली कटौती झेलनी पड़ती है। इस तरह की समस्या को लेकर सुनसाइन अपार्टमेंट सेक्टर-122 की आरडब्ल्यूए ने विद्युत निगम को पत्र लिखा है।

शादीशुदा युवक ने नर्स से विवाह कर लाखों हड़पे

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। पहले से शादीशुदा युवक ने सुनियोजित तरीके से नर्स से विवाह कर लाखों रुपये और जेवरात हड़प लिए। इसमें युवक के घर वालों ने भी मदद की। पीड़ित नर्स ने मामले की शिकायत महिला थाने में की। इस संबंध में पति समेत छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

होशियारपुर निवासी माधुरी सैन ने पुलिस को शिकायत में बताया कि उसने अपने शादी का बायोडाटा एक वेबसाइट पर डाला था। यहां से राहुल नाम के युवक ने उससे संपर्क किया और शादी करने की इच्छा जाहिर की। दस जुलाई 2023 को राहुल और माधुरी की शादी बांदा स्थित एक मंदिर में हुई। राहुल ने बताया कि उसके घर वालों को शादी के बारे में नहीं पता है। जब बच्चा हो जाएगा, तब परिवार वालों को शादी के बारे में बताएंगे। इस दौरान जमीन खरीदने और गाड़ी लेने समेत अन्य बहानों से राहुल ने करीब 12 लाख रुपये और सारे जेवरात माधुरी से ले लिए। शादी के बाद माधुरी गर्भवती हो गई, ऐसे में राहुल ने उसकी नौकरी छुड़वा दी। छह सितंबर 2024 को शिकायतकर्ता महिला को पता चला कि राहुल शादीशुदा है और दो बच्चे भी हैं। इसके बाद माधुरी ने बच्चे को जन्म दिया। अब राहुल, उसका साला और परिवार के लोग शिकायतकर्ता महिला और उसके बच्चे को जान से मरवाने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में पति राहुल सैन, शिल्पा उर्फ सरस्वती, संजय, स्वाति, पूर्णिमा और प्रकाश सैन के खिलाफ केस दर्ज किया है। नामजद आरोपियों से पूछताछ करने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

एक नजर

ठेकेदार को बंधकर बनाकर पीटा

नोएडा (शाह टाइम्स)। कासना कोतवाली क्षेत्र में एक पुताई के ठेकेदार को मकान के रंग-रोगन करने के रुपये मांगना महंगा पड़ गया। मकान मालिक ने उसे बंधक बनाकर पीटा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

मूलरूप से दिल्ली के शाहदरा निवासी प्रवेंद्र ठेका लेकर घरों में पुताई का काम करते हैं। छह अप्रैल को गिरधरपुर गांव में बलराज मास्टर के घर की पुताई का ठेका लिया। ठेका 35 हजार रुपये में तय हुआ। मकान मालिक को पांच दिन बाद पांच हजार रुपये देने थे। उन्होंने 15 अप्रैल को चार हजार रुपये दिए, जबकि काम करीब 12 हजार रुपये का हो चुका था। पीड़ित का आरोप है कि बाकी रुपये मांगने पर उसके साथ मारपीट की गई। उसे घर के एक कमरे में बंधक बना लिया। 18 अप्रैल को वह किसी तरह मौका पाकर वहां से भागने में कामयाब हुआ। कासना कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ला कर कहना है कि रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ है।

वाहन के घसीटने से बाइक सवार की मौत

नोएडा (शाह टाइम्स)। हिंडन पुल के पास रविवार तड़के अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी और काफी दूर तक घसीटता ले गया। हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। गाजियाबाद के विजयनगर के शांति नगर बिहारीपुरा में 30 वर्षीय रोहित कुमार परिवार के साथ रहते थे। वह अपने भाई मोहित के साथ मिलकर मालवाहक वाहन चलाते थे। उनका वाहन करीब 10 साल से साहिबाबाद की पत्थर मार्केट में ढुलाई का काम करता है। रोहित रोजाना की तरह रविवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे बाइक से घर से निकले। वह एनएच-9 होते हुए साहिबा. बाद जा रहे थे। हिंडन पुल के पास अज्ञात वाहन चालक ने रोहित की बाइक में टक्कर मार दी। रोहित की बाइक अज्ञात वाहन में फंस गई। वह उसे घसीटते हुए काफी दूर तक ले गया। इसके बाद वाहन चालक भाग गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल रोहित को फोर्टिस अस्पताल पहुंचाया। वहां पर उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रोहित के मोबा. इल से मिले नंबर से परिजनों को सूचना दी। रोहित के परिजनों ने बताया कि वह शादीशुदा थे। घर में पत्नी के अलावा एक साल का बेटा है। रोहित तीन भाई हैं। उनके पिता की दो माह पहले ही बीमारी के चलते मौत हुई थी।

डीपीएस ने दिशा एकेडमी को 6-0 से शिकस्त दी

नोएडा (शाह टाइम्स)। नोएडा ब्लू कब्स फुटबॉल लीग में रविवार को कई मुकाबले खेले गए। सेक्टर-127 स्थित ज्ञानश्री स्कूल में हुए एक मुकाबले में डीपीएस ने दिशा एकेडमी को 6-0 से करारी शिकस्त दी। जिला फुटबॉल संघ की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में अंडर-7 से 9 तक की 39 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के अन्य मुकाबलों में एफसी नोएडा फायर ने प्रोमेथियस को 2-1 से मात दी। इंडस लीगा ए ने मैजिक फिट को 3-0 से हराया। ज्ञानश्री स्कूल नोएडा और कोलकाता ड्रीम फाउंडेशन का मुकाबला 2-2 से बराबर रहा। जिला फुटबॉल संघ के सचिव वाजिद अली ने बताया कि यह लीग भारतीय फुटबॉल महासंघ से संबद्ध है।

इस मौके पर ज्ञानश्री स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंका भटकोटि, खेल निदेशक एके बंसल आदि मौजूद रहे।

गोष्ठी में बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी

ग्रेटर नोएडा(शाह टाइम्स)। संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को गोष्ठी आयोजित की गई। इस दौरान डॉ॰ अंबेडकर को श्रद्धांजलि दे, उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने की। मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ॰ अभिनव प्रकाश ने कहा कि भाजपा ने डॉ॰ भीमराव अंबेडकर को सबसे अधिक सम्मान देने का काम किया है। बाबा साहब के सपनों को साकार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के करोड़ों वंचितों के कल्याण के लिए कार्य किया। यही नहीं डॉ॰ अंबेडकर से जुड़े पांच स्थानों का पंचतीर्थ के रूप में कार्य किया। कांग्रेस ने डॉ॰ अंबेडकर को सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस, सपा और बसपा ने उनको वोट बैंक बनाकर केवल एक वर्ग तक सीमित करके वोट बैंक की राजनीति की।

अट्टा अंडरपास के पास से सेक्टर-61 तक सड़क होगी चौड़ी

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। सेक्टर-27 अट्टा अंडरपास के पास से सेक्टर-61 तक सड़क चौड़ी होगी। इस रास्ते पर बने एलिवेटेड रोड पर यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए नोएडा प्राधिकरण ने यह निर्णय लिया। यहां आने-जाने वाले रास्तों पर एक-एक लेन सड़क का दायरा भी बढ़ाया जाएगा। इसके लिए भी नोएडा प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है।

सेक्टर-16ए फिल्म सिटी फ्लाईओवर से लेकर सेक्टर-61में यूफ्लेक्स कंपनी के सामने तक सड़क मास्टर प्लान रोड नंबर-2 का हिस्सा है। इस सड़क पर जाम की समस्या को देखते हुए वर्ष 2017 में एलिवेटेड रोड बनाया गया। डीएनडी और चिल्ला बॉर्डर की तरफ से आने वाला अधिकांश ट्रैफिक इसी एलिवेटेड रोड के जरिये सेक्टर-61 होते हुए ग्रेटर नोएडा वेस्ट और गाजियाबाद की तरफ आता-जाता है। अब एलिवेटेड रोड पर वाहनों का दबाव बढ़ने लगा है। सुबह-शाम सेक्टर-61 और 18 की तरफ उतरते समय एक किलोमीटर से अधिक दूरी तक वाहनों की लाइन लग जाती है। इससे एलिवेटेड रोड के नीचे सड़क पर वाहनों का दबाव बढ़ने लगा है।सेक्टर-18 की तरफ से जाते समय सेक्टर-26 के सामने तक और सेक्टर-61 की तरफ से जाते समय सेक्टर-31 निठारी के सामने से अट्टा अंडरपास तक अक्सर जाम लगा रहता है। यहां काफी हिस्से में वाहनों के हिसाब से सड़क की चौड़ाई कम है। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने सड़क की चौड़ाई बढ़ाने का निर्णय लिया है। नोएडा प्राधिकरण के डीजीएम विजय रावल ने बताया कि सेक्टर-30 डीपीएस स्कूल के सामने से सेक्टर-61 शॉप्रिक्स मॉल के सामने तक एक-एक लेन में सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। इस काम पर करीब 10 करोड़ रुपये खर्चा आने का अनुमान है। इस योजना से संबंधित काम के लिए जल्द फाइनल सर्वे किया जाएगा।

निठारी के सामने अतिक्रमण की समस्या: निठारी गांव के सामने सड़क की चौड़ाई कम ही है, साथ ही यहां अतिक्रमण भी बढ़ी समस्या है। सड़क पर रेहड़ी-पटरी, ई-रिक्शे वालों ने सड़क पर कब्जा कर रखा है। यहां बने मॉल की वजह से सड़क पर गाड़ियां खड़े होने की वजह से भी जाम लगता है।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। गाजियाबाद के खोड़ा निवासी युवती को शादी का झांसा देकर कई माह तक दुष्कर्म किया गया। गर्भवती होने पर युवक ने शादी से इनकार कर दिया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि जिला औरैया निवासी युवक से उसकी जान पहचान थी। वह वर्तमान में गांव गिझौड़ में रहता है। दोनों के बीच दोस्ती हुई। एक वर्ष बाद ही दोनों ने शादी करने का निर्णय ले लिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया। पिछले दिनों वह गर्भवती हो गई। आरोपी ने धोखा देकर उससे 55 हजार रुपये ले लिए। चार मार्च 2025 को पीड़िता को आरोपी घर गांव गिझौड़ लेकर आया। यहां शादी से इनकार करते हुए आरा. पी और उसकी बहन ने मारपीट की। युवक के माता-पिता ने शादी के लिए पांच लाख रुपये की मांग करने लगे। पीड़िता ने गाजियाबाद पुलिस को शिकायत दी।

खोड़ा थाना पुलिस ने शून्य अपराध संख्या पर मुकदमा दर्ज कर केस की विवेचना नोएडा ट्रांसफर कर दी। थाना सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। अन्य लोगों पर लगे आरोपों के संबंध में जांच की जा रही है।

गांव में टूटी सड़कों को लेकर शिकायत की

नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले स्मार्ट विलेज तिलपता, धूममनिकपुर सहित क्षेत्र के अन्य गांवों में टूटी सड़कों और नालियों की साफ सफाई न होने से स्थिति बदतर हो गई है। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी लिखित शिकायत एसीईओ से की गई है। नालियां टूटी होने की वजह से गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। नालियों की सफाई न होने से गंदगी से भरी हुई हैं। एसीईओ से की गई लिखित शिकायत में कहा गया है कि जनप्रतिनिधियों का आना- जाना लगा रहता है,लेकिन किसी का ध्यान इस समस्या की तरफ नहीं जा रहा है। धूममनिकपुर गांव के सरकारी अस्पताल के आसपास भी गंदगी फैली हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि जब स्मार्ट विलेज की यह स्थिति है,तो अन्य गांवों की क्या स्थिति होगी।

अम्रपाली लेजर वैली के फ्लैट खरीदारों का विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के टेकजोन 4 में स्थित अम्रपाली लेजर वैली आदर्श आवास योजना के खरीदारों ने एनबीसीसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। खरीदारों का कहना है कि उन्होंने 2020 में फ्लैट खरीदा और पूरा भुगतान भी कर दिया।

एनबीसीसी ने पहले दिसंबर 2024 में फ्लैट देने का वादा किया था। बाद में यह समय बढ़ाकर मार्च 2025 कर दिया गया। कई टावरों का निर्माण कार्य 50 प्रतिशत भी पूरा नहीं हुआ है। खरीदार बैंक की किस्त और किराया दोनों चुका रहे हैं। खरीदारों का आरोप है कि एनबीसीसी प्रोजेक्ट को पूरा करने की बजाय अतिरिक्त जमीन पर नई परियोजना लाने की तैयारी कर रही है। एनबीसीसी के अधिकारी उनकी समस्याएं सुनने को तैयार नहीं हैं।

कुछ खरीदारों ने एनबीसीसी और गौर संस के खिलाफ भी प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रोजेक्ट पूरा करने की जिम्मेदारी एनबीसीसी की थी। खरीदारों का आरोप है कि एनबीसीसी ने बिना सूचना के उनके फ्लैट रद्द कर दिए। खरीदार अब सुप्रीम कोर्ट से मदद की गुहार लगा रहे हैं।

ग्रेनो वेस्ट में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था दुरुस्त किए जाने का मुद्दा उठाया

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। गौतमबुद्ध नगर विकास समिति की बैठक रविवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-दो में संपन्न हुई, जिसमें मूलभूत समस्याओं पर चर्चा की गई। बसों का संचालन, सरकारी अस्पताल की सुविधा, सिग्नल सिस्टम व व्यस्त सड़कों पर फुट ओवरब्रिज के निर्माण की मांग को प्रमुखता पर उठाया। समिति के सदस्यों ने कहा कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में तेजी से आबादी बढ़ रही है,लेकिन सरकारी अस्पताल न होने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

निजी अस्पतालों द्वारा मनमानी फीस वसूली जा रही है। ऐसे में जब तक सरकारी स्वास्थ्य की सुविधा शुरू नहीं होती, तब तक जिला प्रशासन द्वारा मूल्य नियंत्रण पर निगरानी रखी जाए। लंबे इंतजार के बाद भी ग्रेटर नोएडा वेस्ट में सार्वजनिक परिवहन सेवा शुरू नहीं हुई। बसों का संचालन न होने से मेट्रो स्टेशन व अन्य इलाकों में पहुंचने में कठिनाई हो रही है।

ट्रैफिक के बढ़ते दबाव को देखते हुए दुर्घटनाओं से बचाव के लिए स्पीड ब्रेकर और सिग्नल सिस्टम की मांग दोहराई है। व्यस्त सड़कों पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। बैठक में साइकिल ट्रैक, सीवर शोधन संयंत्र,नालियों की सफाई, सार्वजनिक शौचालय आदि समस्याएं प्रमुखता से उठाई गईं। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष रश्मि पांडेय, सचिव अनूप कुमार सोनी, उपाध्यक्ष हिमांशु राजपूत, गरिमा श्रीवास्तव, अरुण सारस्वत, अनिक. ेत, रजनी, आकांक्षा, अमित आदि सदस्य उपस्थित रहे।

चालक कैंटर लेकर फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। जलालपुर गांव में एक चालक अपने मालिक का कैंटर लेकर फरार हो गया। उसने कैंटर वापस करने के एवज में 40 हजार रुपये की मांग की है। जलालपुर गांव में भूपेंद्र परिवार के साथ रहते हैं। उनके पास कैंटर है। कैंटर को कन्नोज के गांव जलालाबाद का अवधेश चंद पाठक चलाता है। 10 अक्तूबर को अवधेश कैंटर को कानपुर लेकर गया था। 26 अक्तूबर को उसे गाड़ी वापस लेकर आना था, लेकिन नहीं आया। पूछे जाने पर ड्राइवर ने फोन कर कैंटर मालिक से 40 हजार रुपये की मांग की। आरोपी का कहना है कि 40 हजार लेकर गाड़ी वापस ले जाओ। कैंटर मालिक भूपेंद्र ने चालक के खिलाफ शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

सोसायटी में महिला पर लगा 25 हजार का जुर्माना

■ डोमेस्टिक चार्जर से ट्रैक पर EV चार्ज करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। सेक्टर-76 स्थित आम्रपाली प्रिंसली एस्टेट सोसायटी में इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) कार चार्ज करना एक निवासी को महंगा पड़ गया। प्रबंधन की ओर से डोमेस्टिक चार्जर से नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने को लेकर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। चार्जिंग के दौरान ट्रैक वे पर खड़ी कार पर जैमर लगाया गया। जैमर करीब 12 घंटे बाद हटा। महिला बृहस्पतिवार की सुबह अपने दफ्तर तक नहीं जा सकीं।

निवासी निहारिका के मुताबिक सोसायटी में चार कजम और एक टैरा चार्जर है। बुधवार को कजम चार्जर खराब थे। टैरा भी दो से तीन मिनट बाद चार्जिंग के दौरान ऑटो कट हो रहा था। गुरुग्राम में उनका दफ्तर है। प्रतिदिन सुबह उनको दफ्तर जाना होता है। बुधवार की शाम 8:20 पर कजम और टैरा चार्जर खराब होने की सूचना प्रबंधन को माई गेट पर डाली।डोमेस्टिक चार्जर से टावर के बाहर गाड़ी को चार्ज करने के लिए लगाया। देर रात 11 बजे प्रबंधन ने गाड़ी में जैमर लगा दिया। सुबह सात बजे प्रबंधन को हटाने के लिए कहा गया जो नहीं हटाया। नौ बजे तक प्रबंधन की ओर से टहलाया गया। पुलिस को फोन पर सूचना दी। मौके पर पुलिस आई। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने प्रबंधन को जैमर हटाने के लिए पुलिस ने कहा।प्रबंधन ने इसके बाद भी सुबह 11:30 के बाद जैमर हटाया और 25 हजार रुपये का पेनाल्टी लगाई। निहारिका का आरोप है इस दौरान उनके और ससुर के साथ प्रबंधन ने बदतमीजी की। एओए की ओर से पूरे घटनाक्रम को तोड़ मरोड़-कर पेश कर उनको और उनके पति को बदनाम करने की साजिश की जा रही है।

बदतमीजी पर लगाई पेनाल्टी: एओए अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि कजम चार्जर में दिक्कत थी। टैरा चार्जर चल रहा था। यहां चार्जिंग का पैसा लगता है। कजम से चार्जिंग का पैसा नहीं लगता है। महिला ने भी पैसा देने से बचने के लिए घर पर चार्जिंग का रास्ता चुना। बालकनी से तार लटकाकर नीचे तक डाले गए। महिला ने सुरक्षाकर्मी, मेंटेनेंस प्रबंधन के साथ गाली-गलौज करते हुए बदतमीजी की।

सुबह मेंटेनेंस में भी महिला ने कोई शिकायत नहीं देकर सीधे पुलिस को फोन किया। एओए ने जो किया है वह नियमानुसार है। नो पार्किंग जोन पर वाहन खड़े होने पर 1000 रुपये की पेनाल्टी निर्धारित है। महिला ने सुरक्षाकर्मी, मेंटेनेंस प्रबंधन के साथ बदतमीजी की और एओए के खिलाफ सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार किया। इसको लेकर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

युवाओं को नशा न करने के लिए संकल्प दिलाया

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। सामाजिक संगठन द्वारा दुजाना पुस्तकालय में एक नशा मुक्ति जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और उन्हें एक स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना रहा। उम्मीद संस्था के संस्थापक डॉ. देवेंद्र कुमार नागर व संरक्षक मास्टर ब्रह्म सिंह ने कहा कि नशे की लत युवाओं की नस्ल को बर्बादी की ओर धकेल रही है। नशा केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि परिवार और समाज को भी गहरा नुकसान पहुंचाता है।नशीले पदार्थों का सेवन किसी को क्षणिक सुख तो दे सकता है, लेकिन अंत यह व्यक्ति को जीते-जी नर्क में धकेल देता है।युवाओं से आह्वान किया गया कि यदि उन्हें नशा करना ही है तो अच्छी शिक्षा, संस्कारों, और सकारात्मक सोच का नशा करें, जिससे न केवल उनका अपना जीवन सुधरेगा, बल्कि समाज भी प्रगति की राह पर अग्रसर होगा।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

13 कर्मचारियों ने फाइनेंस कंपनी में किया 69 लाख का घोटाला

सभी आरोपी कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, पुलिस ने शुरू की मामले की जांच

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। बाबूगढ़ में स्थित आफिलियन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में बड़ा वित्तीय घोटाला सामने आया है। कंपनी के पूर्व बिजनेस हेड संजय माथुर सहित 13 कर्मचारियों पर 68.86 लाख रुपए के गबन का आरोप लगा है।

मामले का खुलासा तब हुआ जब कंपनी के नए बिजनेस हेड गौरजपाल सिंह को 9 दिसंबर 2024 को बाबूगढ़ शाखा में तैनात किया गया। जांच में पता चला कि अप्रैल से दिसंबर 2024 के बीच बाबूगढ़, गढ़मुक्तेश्वर और मोदीनगर शाखाओं में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुईं। संजय माथुर और उनके कर्मचारियों ने ग्राहकों से वसूले गए ऋण की राशि कंपनी में जमा नहीं कराई। इसके बजाय उन्होंने यह रकम माथुर की पत्नी रेखा और बेटे आयुष के खातों में ट्रांसफर कर दी। कुछ कर्मचारियों ने वसूली की रकम अपने या अपने दोस्तों के खातों में भी डाली। आरो. पियों में हापुड़, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर और अमरोहा के रहने वाले तुषार त्यागी, पंकज कुमार, भारत त्यागी, अमित कुमार, कार्तिक, अंकुर, सोनू, सुमित कुमार, रिंकू, सचिन कुमार, विशेष और रोहित शामिल हैं। जब नए बिजनेस हेड ने रकम लौटाने को कहा तो सभी आरोपियों ने मना कर दिया। इसके बाद उन्होंने इस्तीफा देकर कंपनी का कामकाज बाधित कर दिया। बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

अवैध ऑटो व ई-रिक्शा के खिलाफ अभियान जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। 1 अप्रैल 2025 से अवैध और अधिकृत रूप से संचालित हो रहे ई-रिक्शा और ऑटो के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया है। इसी क्रम में ज़िलें में उप संभागीय परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा रविवार को संयुक्त रूप से ऑटो औ र ई-रिक्शाओं के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों को ताक पर रखकर सड़कों पर दौड़ने वाली 43 ई-रिक्शा और ऑटो के चालान किए। जबकि 7 वाहनों को सीज किया गया। एआरटीओ रमेश चौबे ने बताया कि ऑटो व ई-रिक्शा के खिलाफ अभियान चलाने के शासन से निर्देश प्राप्त हुए है। इसी के मद्देनजर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ज़िलें के विभिन्न चौराहो पर यातायात पुलिस के साथ अभियान चलाया गया। इसमें बिना नंबर प्लेट, बिना परमिट, बिना फिटनेस और विभाग का टैक्स बकाया जमा किए बिना सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गई। साथ ही चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा। इस दौरान एआरटीओ रमेश चौबे, पीटीओ आशुतोष उपाध्याय, यातायात निरीक्षक छवि राम आदि मौजूद रहे।

पुलिस व गोतस्करों के बीच हुई मुठभेड़, एक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। थाना सिम्भावली पुलिस की चैकिंग के दौरान शनिवार की रात गांव बडढा के जंगल में गोकश बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश के पैर में पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। जबकि उसकी एक साथी अँधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। गढ़मुक्तेश्वर सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि शनिवार की रात सूचना मिली कि गांव बडढा के जंगल में कुछ लोग निराश्रित गोवंश का कटान करने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम जंगल में पहुंच गई। जहां मध्य गंग नहर के पास जंगल में बाइक पर दो व्यक्ति दिखाई दिए। पुलिसकर्मियों को देख कर उन्होंने भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया। जिस पर एक बदमाश ने पुलिसकर्मियों पर तमंचे से फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की एक बदमाश के पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का गायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस पूछताछ में घायल गोकश बदमाश की पहचान शौमीन उर्फ मुन्नू पुत्र यामीन निवासी ग्राम वैट थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ के रूप में हुई। बदमाश ने पूछताछ में बताया कि वह लोग रात के समय में खेतों व जंगलों में पहुंचकर निराश्रित गोवंश को निशाना बनाते है और उनका मांस बेच देते हैं। पुलिस ने गोकश बदमाश के कब्ज़े से एक अवैध तमंचा, कारतूस, एक मोटर साइकिल व गौकशी करने के उपकरण बरामद किए है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किया गया बदमाश शातिर किस्म का गौकश अपराधी है। जिसके विरुद्ध जनपद हापुड़ में गौकशी, लूट, हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के करीब 20 मुकदमे दर्ज है। बदमाश को गिरफ्तार कर पुलिस अन्य ज़िलों से उसका आपराधिक इतिहास खंगालने में जुट गई है।

सीसीएसयू ने की 2023 तक की डिग्री जारी

सीसीएसयू की वेबसाइट पर करें आवेदन

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। सीसीएसयू ने 2023 तक की सभी डिग्री जारी कर दी हैं। एडेड और राजकीय कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की डिग्री उनके कॉलेजों में भेज दी गई हैं। छात्र-छात्राएं कॉलेजों से निशुल्क डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों के छात्र-छात्राएं डिग्री के लिए सीसीएसयू की वेबसाइट पर आवेदन करें।

रजिस्ट्रार धीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध मेरठ, गाजियाबाद, बागपत, गौतमबुद्धनगर, हापुड़ और बुलंदशहर के एडेड-राजकीय कॉलेजों से वर्ष 2023 में उत्तीर्ण रेग. ुलर और प्राइवेट छात्रों की डिग्री जारी कर दी गई हैं। ये डिग्रियां कॉलेजों में भेज दी गई हैं। इसके अलावा सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों के रेगुलर और प्राइवेट छात्र-छात्राओं की डिग्रियां यूनिवर्सिटी में हैं। ऐसे छात्र-छात्राएं सीसीएसयू की वेबसाइट पर जाकर स्टूडेंट सेक्शन में स्टूडेंट हेल्प डेस्क पर जाकर अप्लाई फॉर ओरिजनल डिग्री पर अप्लाई करेंगे। अपना पूरा एड्रेस भरकर डिग्री को अपने पते पर निशुल्क मंगा सकते हैं। अब तक का पूरा बैकलॉग खत्म हो गया है। एडेड और राजकीय कॉलेज के छात्र-छात्राएं अपने कॉलेजों में जाकर डिग्री प्राप्त कर लें।

वक्फ संशोधन बिल को लेकर प्रदेश में चलाया जाएगा जनजागरण अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। वक्फ संशोधन कानून को लेकर हापुड़ में वक्फ जनजागरण अभियान चलाने जा रही है। बीजेपी यह अभियान 20 अप्रैल से लेकर 5 मई तक पूरे प्रदेश भर में चलाया जाएगा। जिसको सफल बनाने के लिए रविवार को प्रीत विहार स्थित जिला कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता को वक्फ बिल में हुए बदलावों की जानकारी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने बताया कि आगामी 23 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी पश्चिम क्षेत्र का एक सम्मेलन गढ़ रोड स्थित दयाल रीजेंसी में होने जा रहा है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य वक्फ संशोधन बिल पर जो भ्रांतियां फैल रही है उनको दूर करना है। लोगों को समझाना है कि वक्फ संशोधन बिल भारत के लिए क्यों आवश्यक है। इस सम्मेलन में पश्चिम क्षेत्र के वर्तमान पूर्व सांसद गण विधायक गण या व प्रत्याशी जिन्होंने चुनाव लड़ा है वह सभी प्रतिभागी करेंगे। सभी मोर्चे के अध्यक्ष व महामंत्री पश्चिम क्षेत्र के तथा अल्पसंख्यक मोर्चा भी महत्वपूर्ण भूमिका में रहने वाला है। जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह बैठक बहुत ही महत्वपूर्ण बैठक है और जिन-जिन कार्यकर्ताओं को जो दायित्व सौंपा गया है वह उसका निर्वहन करेंगे। आने वाले किसी भी अतिथि को किसी प्रकार की कोई भी असुविधा का सामना न करना पड़े इसका हम सब प्रयास करेंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री पुनीत गोयल, राजीव सिरो. ही, मोहन सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्यामंद्र त्यागी, राज सुंदर तेवतिया, नीलम सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक भाटी, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष सुमित पर्चा, अनिरुद्ध सिंह, अशोक, बबली, कुणाल चौधरी आदि मौजूद रहे।

नगर पालिका ने अवैध होर्डिंग के खिलाफ चलाया अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका क्षेत्र में लगे अवैध होर्डिंग के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें उतारा गया। इसके अलावा संचारी रोग नियंत्रण की रोकथाम को लेकर नगर पालिका टीम द्वारा फॉगिंग का कार्य भी किया गया।

रविवार को उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में पालिका अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भडाना के आदेश पर पालिका क्षेत्र में लगे हुए अवैध होर्डिंग ,बैनर , पोस्टर के विरुद्ध पालिका प्रवर्तन दल द्वारा अभियान चलाया गया, जिसमें वन्दना चौक और उसके आस पास के क्षेत्र में लगे हुए, होली, दिवाली, चौत्र नवरात्र, ईद, नववर्ष आदि की बधाइयों और शुभकामना संदेशों के होर्डिंग्स, बैनर , पोस्टरों को हटवाया गया। अभियान के पहले दिन 9 होर्डिंग्स और 15 पोस्टर और 10 बैनर उतरवाए गए। उक्त अभियान आगामी सप्ताह में भी जारी रहेगा। पालिका अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भडाना के आदेश पर पालिका सफ़ाई टीम ने संच. ारी रोग अभियान के तहत जज कॉलोनी, ऑफ़िसर्स कॉलोनी, पुलिस एवं प्रशास. निक ऑफ़िसर्स एरिया में फ़ॉगिंग का कार्य भी किया गया। उक्त अवैध होर्डिंग हटाओ अभियान के प्रभारी महेश शर्मा प्रभारी लेखाकार, आदित्य नारायण ,सह प्रभारी अभियान, सुरेश कुमार कार्यवाहक सफ़ाई नायक और भूदेव कंपनी सफ़ाई इंचार्ज सुबोध कुमार, अपनी अपनी टीमों के साथ उपस्थित रहे।

भीषण गर्मी ने जनजीवन को किया प्रभावित, पारा पहुंचा 38

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। रविवार को भीषण गर्मी ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित किया। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि लोगों को 44 डिग्री तक का एहसास हुआ। लू के थपेड़ों के कारण लोग घरों में दुबके रहे। सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। अस्पतालों में लू से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

जिला प्रशासन ने लोगों से दोपहर 12 से 4 बजे तक घर से बाहर न निकलने की अपील की है। साथ ही पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी है। मजदूरों के लिए छाया, पानी और आराम के इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। किसानों की चिंता भी बढ़ी है। गर्म हवाओं से फसलों को नुकसान की आशंका है। विशेषज्ञों ने किसानों को समय पर सिंचाई और अत्यधिक धूप से फसल बचाने की सलाह दी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की है।

एक नजर

क्षमता वृद्धि कार्य के कारण आधे शहर में बिजली आपूर्ति ठप

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। रविवार को बिजलीघरों की क्षमता वृद्धि कार्य के कारण आधे शहर में बिजली आपूर्ति बाधित रही। दिल्ली रोड स्थित दो बिजलीघरों में सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक कार्य चलता रहा।

यूपीपीसीएल के बिजनेस प्लान के तहत बिजलीघरों की क्षमता बढ़ाने का काम किया गया। इस दौरान दिल्ली रोड बिजलीघर और प्रथम बिजलीघर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रही। प्रभावित क्षेत्रों में टीचर कॉलोनी, राजीव विहार, सिद्धार्थनगर, बैंक कॉलोनी, अर्जुननगर, विवेक विहार, कलक्टर गंज, श्रीनगर, राजेंद्र नगर, पटेलनगर और आर्यनगर शामिल हैं। इसके अलावा रघुवीर गंज, जवाहर गंज, त्रिवेणीगंज, मजीदपुरा, आवास विकास और मोती कॉलोनी में भी बिजली नहीं रही। अधिशासी अभियंता आर. पी. वर्मा ने बताया कि बिजलीघर पर काम जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे अपने जरूरी काम सुबह ही निपटा लें, ताकि दिक्कत का सामना न करना पड़े।

42 घरों को नोटिस देने के विरोध में उतरे कांग्रेस के कार्यकर्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। रविवार को हापुड़ कांग्रेस जन गढ़मुक्तेश्वर के इंदिरा नगर कॉलोनी में पहुंचे। जहां लोगों को नगर पालिका परिषद द्वारा पीएम आवास खाली कराने के संबंध में नोटिस जारी किए गए थे। कांग्रेस जनों ने वहां रह रहे परिवार के लोगों से बातचीत की और उन्हें आश्वा. सन दिलाया कि 1986 में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के कार्यकाल में पीएम आवास योजना के तहत गरीब और दलित लोगों को यह मकान उपलब्ध कराए गए थे जिन्हें आज खाली कराने का काम यह तानाशाह भाजपा सरकार कर रही है।

पूर्व सांसद दानिश अली ने बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा 4 अप्रैल को इंदिरा नगर कॉलोनी के हर परिवार को यहां मकान खाली करने के नोटिस जारी किए गए थे। पूर्व सांसद दानिश अली ने वहां पहुंचकर अधिकारियों से फोन पर बात की तो अधिकारियों ने उन्हें बताया कि नगर पालिका परिषद द्वारा जो लोगों को नोटिस जारी किए गए थे, वह रोक दिए गए हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी और पूर्व सांसद दानिश अली ने डीएम हापुड़ प्रेरणा शर्मा और एसडीएम गढ़ को विनम्रता पूर्वक कहा कि इंदिरा नगर कॉलोनी के लोगों को जिस तरह से खत में मकान खाली करने के नोटिस जारी किए गए थे। ठीक उसी तरह से लिखित में यहां के लोगों को पंजीकृत के नोटिस जारी किए जाए। पूर्व सांसद दानिश अली और जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी ने चेतावनी दी है कि अगर इसके बावजूद भी यहां के लोगों को परेशान किया गया या उनसे उनका आशियाना छीना गया तो पार्टी का हर कार्य कर्ता यहां गरीब और दलित परिवारों की लड़ाई को जी जान से लड़ेगा। अगर भाजपा सरकार का बुलडोजर यहां कॉलोनी के किसी भी परिवार के आवास पर चलता है तो उन्हें पहले कांग्रेस के हर कार्यकर्ता और नेता का सामना करना होगा। इस दौरान डा. शोएब, विजेंद्र सिंह बंटी, अब्दुल कादिर, ललित कुमार, अब्दुल, खालिद, नरेश भाटी, गौरव गर्ग, पिंटू शर्मा, भरतलाल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

हापुड़ में तीन बच्चों की मां देवर संग फरार, पति ने लगाई न्याय की गुहार

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। दिल्ली रोड स्थित मोहल्ला रामगढ़ी में एक महिला अपने देवर के साथ फरार हो गई। महिला अपने तीन बच्चों को छोड़कर चली गई। पीड़ित पति अर्जुन ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर पत्नी की तलाश में मदद मांगी है।

अर्जुन की शादी 2017 में ग्रेटर नोएडा एनटीपीसी के जारचा गांव की लक्ष्मी से हुई थी। शादी के बाद दंपति के तीन बच्चे हुए। अर्जुन गाड़ियों पर पेंटिंग का काम करता है। उसकी पत्नी लक्ष्मी पड़ोस में रहने वाले चचेरे भाई दीपू के साथ फरार हो गई। पति का आरोप है कि लक्ष्मी घर से 15 हजार रुपए नकद और करीब एक लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर भी ले गई है। अर्जुन ने बताया कि लक्ष्मी और दीपू के बीच संबंध एक महीने पहले से शुरू हुए थे। पति ने कहा कि अगर उसकी पत्नी वापस आ जाए, तो वह बच्चों की खातिर उसे माफ कर देगा। उसने यह भी कहा कि उसे अपनी पत्नी से किसी तरह की कोई शिकायत नहीं है।

नई दुल्हन को छोड़ प्रेमिका संग फरार हुआ बिजलीकर्मी

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। अलीगढ़ के सास-दामाद और बदायूं के समधी समधन की फरारी के चर्चित मामलों के बीच अब हापुड़ से एक मामला सामने आया है। बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गजालपुर गांव में एक नवविवाहित बिजलीकर्मी, अपनी प्रेमिका जो कि एक महिला हेड कांस्टेबल है, के साथ फरार हो गया है। चौंकाने वाली बात यह है कि युवक की शादी को महज 15 दिन ही हुए थे।

जानकारी के मुताबिक, गांव निवासी बिजलीकर्मी नवीन की शादी 16 फरवरी को नेहा नामक युवती से हुई थी। लेकिन सिर्फ 15 दिन बाद ही नवीन ने पहले से शाद. ीशुदा प्रेमिका जो कि एक महिला हेड कांस्टेबल है, से मंदिर में शादी रचा ली और दोनों फरार हो गए। खास बात यह है कि नवीन ने अपनी पहली पत्नी नेहा को तलाक भी नहीं दिया। नेहा ने एसपी को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि नवीन और उसकी प्रेमिका के बीच पहले से प्रेम संबंध थे। जब उसे इस बात का पता चला और उसने विरोध किया, तो नवीन ने प्रेमिका से शादी कर ली। विरोध करने पर नवीन ने नेहा को धमकी दी कि अगर उसने बात किसी को बताई तो वह उसे जान से मार देगा और फर्जी केस में फंसा देगा। शादी के बाद नवीन ने नेहा से कहा कि वह दोनों पत्नियों को एक साथ रखेगा, लेकिन नेहा इसके लिए तैयार नहीं हुई। इसके बाद उसके साथ मारपीट की गई। नेहा का आरोप है कि नवीन ने उसे धमकी दी कि हम दोनों जहर खाकर मर जाएंगे और सबको फंसा देंगे। मामले के सामने आने के बाद एसपी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए महिला हेड कांस्टेबल का ट्रांसफर कर दिया है। वहीं कोतवाली देहात में नवीन और उसकी प्रेमिका दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। सीओ जितेन्द्र शर्मा का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्य सामने आने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने अवैध गांजे के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। थाना हापुड़ देहात पुलिस ने चैकिंग के दौरान अवैध गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। देहात थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं मादक पदार्थ तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान एक गांजा तस्कर तसलीम उर्फ गुल्लू पुत्र महबूब निवासी मोहल्ला कोटला सादात फूलगढ़ी थाना हापुड़ देहात जनपद हापुड़ को थाना क्षेत्र के इन्द्रगढ़ी फाटक के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 5 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। उन्होंने बताया की गांजा तस्कर की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ देहात पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

बारिश से गेहूं की फसल को नुकसान

शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा। बारिश के कारण गेहूं की फसल नुकसान मे आ गयी, जिसे लेकर किसान चिंता मे है। क्षेत्र मे लगभग 60 फीसदी किसानो की गेहूं निकाल कर अपने घर लें गये है लेकिन बाकी की कुछ फसले खड़ी है और कुछ की कटी पड़ी है उन्हें तो कोई चिंता है। नहीं लेकिन बहुत से किसान ऐसे है जिन्होंने गेहूं निकालवाने के लिए खेत मे ढेर लगा दिया और नहीं निकाल पाए। जोकि बारिश की वजह से भीग गए अब उन्हें पूरे खेत मे दोबारा फैलाया जा रहा है। जिससे की वो सूख सके । इसमें फसल का नुकसान है तथा 3 से 4 दिन सूखने मे लग जायेंगे। जबकि भीगने से गेहूं की बाली काली पड़ गयी जिससे गेहूं का दाना साफ रंग का नहीं निकलेगा।

बॉलीवुड कलाकार जीतू बघेल पहुंचे मथुरा, किया गाने 'बारिश' का प्रमोशन

मथुरा। जलेसर निवासी बॉलीवुड कलाकार जीतू बघेल अपने साथ अपने गाना बारिश में महिला एक्टर जिया गर्ग वा अपनी पूरी टीम के साथ भगवान कृष्ण की नगरी मथुरा पहुंचे।

के सी एस म्यूजिक द्वारा रिलीज गाना बारिश के प्रमोशन के लिए औरंगाबाद स्थित एक होटल वार्ता के दौरान कलाकार जीतू बघेल ने बताया कि उन्होंने इससे पहले कई सारे गानों के लिए काम किया है लगातार मुंबई में जाकर अलग–अलग जगह कम कर रहा हूं। मैं आपका ही लाडला ब्रज का बालक हूं। ब्रज से हमारा रिश्ता पुराना है। उन्होंने सभी बृजवासियों से अपील की कि सभी लोग के सी एस म्यूजिक द्वारा रिलीज बारिश गाने को ज्यादा से ज्यादा प्रेम दें ताकि यह गाना हिट हो सके और ब्रज क्षेत्र का नाम रोशन हो सके मैं हमेशा यही कोशिश करता रहूंगा हमेशा ब्रज के लिए काम करता रहूं। सबसे बड़ी बात यह है कि अदाकारी के साथ–साथ कलाकार जीतू बघेल ने इस गाने को अपनी ही आवाज दी है और खुद म्यूजिक डायरेक्टर की भूमिका निभाई है। अपनी आवाज के साथ–साथ बॉलीवुड कलाकार जिया गर्ग के साथ अदाकारी की अहम भूमिका भी निभाई है इस संगीत में एक्टर और सिंगर की भूमिका निभाने वाले जीतू बघेल एन हसन.राज साहन के द्वारा इस गाने को तैयार किया गया है। गाना बारिश के प्रमोशन के लिए होटल डिवाइन में इंजीनियर शंकर लाल धनगर एवं कैप्टन जगबीर सिंह धनगर एवं इंजी. नियर हुकुम सिंह धनगर, जय भगवान बघेल बी एस पाल राहुल

दे दो मइया आशीर्वाद में खाटू जाऊंगी

कोसीकलां। लखदातार मित्र मंडल ने देवनगर में खाटूश्याम बाबा कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्योति एवं भारत अग्रवाल ने दीप जलाकर किया। भजन गायक अशोक भार्गव ने बाबा तेरे ही भरोसे मेरा परिवार है। मां ना होती इस दुनिया में न होता जनम हमारा, साथी हमारा कौन बनेगा, मेरे बालाजी सरकार तेरा डंका बाजे मेंहदीपुर मे आदि भजन गाकर श्रोताओं को नाचने झूमने को मजबूर कर दिया। उसके बाद लक्ष्मी सोनी ने बहना दिल लेगो मुरलिया वालो, ऐसा है हारे का सहारा, मेरे सांवरे को बंगला खाटू में, ढोलक पीतल की मंगवाए दे लांगुरिया, आदि भजन गाकर श्रोताओं को खूब नचाया। कीर्तन में छाया भार्गव, सुनीता अग्रवाल, अंजली सोनी, रूपा, ज्योति अग्रवाल, देव अग्रवाल, आयुष गर्ग आदि थे।

जेवर तहसील में तीन उप जिलाधिकारियों की तैनाती संयोग या प्रयोग

जेवर। हाईटेक होते जेवर नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट गौतमबुद्धनगर की तहसील जेवर में इन दिनों एक नहीं दो नहीं बल्कि तीन उप जिलाधिकारियों की तैनाती चर्चाओं का विशय बनी है। गजब संयोग देखिए कि तैनात तीनों ही उप जिलाधिकारी पूर्व में जेवर तहसील में तहसीलदार के पद तैनात रह चुके हैं। सूत्रों की मानें वैसे तो तहसील में प्रशासनिक कार्यभार देख रहे उपजिलाधिकारी जेवर प्रशासनिक अभय कुमार सिंह काफी लम्बे समय से जेवर तहसील में तैनात हैं इससे पूर्व वह जेवर तहसील में तहसीलदार भी रह चुके हैं। वर्तमान में वह नगर पंचायत जहॉगीरपुर के बतौर प्रशासक/अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज भी संभाले हुए हैं। वहीं दूसरी ओर तहसील जेवर में तहसीलदार से प्रोन्नत हुए और उप जिलाधिकारी न्यायिक जेवर बने विवेक कुमार भदौरिया भी नगर पंचायत जेवर का बतौर प्रशासक/अधिशासी अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज संभाले हुए हैं। इसके अलावा जेवर तहसील में नायव तहसीलदार से तहसीलदार के पद पर रह चुके और प्रोन्नत होकर उप जिलाधिकारी खुर्जा बने दुर्गेश सिंह को अभी हाल ही के दो माह पूर्व ही शासन से उप जिलाधिकारी जेवर एयरपोर्ट प्रभारी का कार्यभार दिया गया है। इस तरह जेवर तहसील में तीन तीन उप जिलाधिकारियों की नियुक्ति संयोग है या शासन का प्रयोग इसे लेकर भी क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाऐं जोरों से गस्त कर रही हैं। हालांकि उप जिलाधिकारी ठा0 अभय कुमार सिंह अपनी तेज तर्रार प्रशासनिक छवि के लिए जाने जाते हैं वह जेवर क्षेत्र की जनता एवं अधिवक्ताओं की समस्याओं का प्रमुखता से निस्तारण कराये जाने से लेकर जेवर में बन रहे नवनिर्मित विश्व प्रसिद्ध जेवर इण्टरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए भूमि अर्जित कराने में उल्लेखनीय भूमिका निभाते देखे जा सकते हैं जिसके लिए वह अधिकांश समय किसानों एवं जनता के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर रहे हैं सूत्रों द्वारा तो यह भी बताया जाता है कि प्रशासनिक उप जिलाधिकारी ठा0 अभय कुमार सिंह को भीघ्र ही प्रमोशन देकर अपर जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर बनाया जा सकता है।

रक्तदाता फाउंडेशन ने मनाया नौवां स्थापना दिवस

मथुरा। जनपद ही नहीं अपितु आस–पास की जनपदों में रक्त की कमी को पूर्ण करने का प्रयास कर रही संस्था रक्तदाता फाउंडेशन ने आज अपना नौवा स्थापना दिवस बनाया। संस्था के अध्यक्ष अमित गोयल कहा कि उनका प्रयास हैं कि एक मैसेज प्राप्त होते ही जरूत मंदों को रक्त उपलब्ध हो। जिससे रक्ति की कमी के चलते किसी की हानि नहीं हो। आज से नौ साल पहले एक छोटा सा व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर रक्तदाता फाउंडेशन की शुरुआत हुई। आज फांडेशन द्वारा180 से ज्यादा रक्तदान शिविर और 15000 से ज्यादा रक्त यूनिट जरूरतमंदों को प्रदान कर चुका है। यतेंद्र फौजदार ने कहा कि कोरोना से लेकर डेंगू तक संस्था सदस्यों ने अपना जीवन समर्पित किया हैं। गोविन्द खंडेलवाल संस्था, अमित गोयल, यतेंद्र फौजदार, गोविंद खंडेलवाल,कुशल अग्रवाल,गोपाल खंडेलवाल, केशव मुखिया,प्रिंस खंडेलवाल,राहुल लवानिया,प्रीतम अग्रवाल,आशीष गोयल,सौरभ अरोड़ा आदि के द्वारा संस्था को पूर्ण सहयोग किया जा रहा है। संस्था की आगरा की टीम सोहिल अग्रवाल, श्याम लाड़ला,प्रेम,प्रथम,शुभम जो लगातार आगरा में काम कर रहे हैं। अलीगढ़ की टीम में सुमित अग्रवाल,दुष्यंत वार्ष्णेय,फेरी गुप्ता सहयोग दे रहे हैं। ऐसे ही अन्य जनपदों में संस्था सेवा कार्यों में जुटी हैं। संस्था के स्थापना दिवस पर सभी ब्लड बैंक ने बधाई और शुभकामना दी।

चचेरी बहन से दुष्कर्म करने वाले को भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

हसनपुर। सगी चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म किये जाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र के हल्का नंबर 5 में स्थित एक गांव में शुक्रवार की देर शाम 20 वर्षीय सगा तहेरा भाई अपनी सगी नौ वर्षीय चचेरी बहन को देर शाम आई आंधी के चलते जंगल में स्थित भूसे पर तिरपाल डालने के बहाने बाइक पर बैठाकर जंगल में ले गया था। जहां उसने रिश्तो को शर्मसार करते हुए बहन के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जिससे छात्रा की हालत बिगड़ गई थी। परिजनों द्वारा आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट समेत संबंधित धाराओं में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार ने बताया कि आरोपी लोकेश पुत्र खूबचन्द निवासी ग्राम लुहारी खादर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

बदलते मौसम में मच्छरों के प्रकोप से लोग परेशान स्वास्थ्य विभाग बेफिक्र

जेवर। जैसे जैसे मौसम बदलता जा रहा है वैसे–वैसे ही नगर पंचायत की लचर व्यवस्था के चलते क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप भी दिनों–दिन बढ़ता जा रहा है जिससे लोगों में डायरिया पेचिस दस्त लूजमोशन मलेरिया बुखार जैसी बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं। जिससे रात्रि पहर लोग खासे परेशान होते दिखाई दे रहे हैं नगर के अधिकांश लोगों का कहना है कि पहले जैसे ही मौसम बदलना भ्ारू होता था वैसे ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर क्षेत्र में कीटनाशक दवाई बी0एच0सी0 का छिड़काव कराया जाता था बी0एच0सी0 दवाई के छिड़काव से गली मौहल्लों में उत्पन्न होने वाले मच्छर आदि बीमारी जनक कीट मर जाते थे। मगर स्वास्थ्य विभाग ने कीटनाशक बी0एच0सी0 दवाई का छिड़काव कराना बंद कर दिया है। बदलते मौसम और जंगल स्थित की जा रही फसल की कटाई के कारण नगर क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप भारी संख्या में बढ़ने लगा है।

टूहोम फाइनेंस लिमिटेड

(पूर्व में श्रीराम हौउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

Truhome FINANCE

माँग सूचना पत्र

पंजीकृत कार्यालय: श्रीनिवास टॉवर, प्रथम तल, दरवाजा नं. 5, पुराना नं. 11, द्वितीय लेन, सेनाटोफा रोड, अलवरपेट, तैनाम्पेट, चेन्नई- 600018.
शाखा कार्यालय: लेवल 3, वॉकहार्ट टावर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-40051 Website: http://www.truhomefinance.in

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित उधारकर्ता/उधारकर्ताओं ने टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) से प्राप्त ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है और उक्त ऋण खातों को गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्हें प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर मांग नोटिस जारी किया गया था। उक्त मांग नोटिस के अलावा, उन्हें इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से सूचित किया गया है।
उधारकर्ताओं, प्रतिभूतियों, बकाया राशि, धारा 13(2) के तहत भेजे गए मांग नोटिस और उसके तहत दावा की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ नाम और पता	सुरक्षित संपत्तियों का संपत्ति पता	मांग नोटिस की तिथि और देय राशि रु. में
श्री जसवंत पुत्र श्री ओम प्रकाश मकान नंबर बी-101, गली नंबर 6, नेहरू विहार, करावल नगर, उत्तर पूर्व दिल्ली-110094. इसके अलावा: मकान नंबर बी-101/1, प्लॉट नंबर 36 और 37, खसरा नंबर 333/1, गांव-मुस्तफाबाद, बी-ब्लॉक, नेहरू विहार, दयालपुर, दिल्ली-110094। श्रीमती मंजू पत्नी श्री जसवंत मकान नंबर बी-101, गली नंबर 6, नेहरू विहार, करावल नगर, उत्तर पूर्व दिल्ली-110094. इसके अलावा: मकान नंबर बी-101/1, प्लॉट नंबर 36 और 37, खसरा नंबर 333/1, गांव-मुस्तफाबाद, बी-ब्लॉक, नेहरू विहार, दयालपुर, दिल्ली-110094. ऋण धनराशि- रू. 12,42,087/- लेन :- SLPHGPRK0000788 एनपीए दिनांक- 05-04-2025	वह सभी टुकड़े और पार्सल पर संपत्तियाँ नंबर बी-101/1, प्लॉट नंबर 36 और 37, खसरा संख्या 333/1, एरिया क्षेत्रफल 162 वर्ग गज, मुस्तफाबाद गाँव के क्षेत्र की आबादी में बी-ब्लॉक, नेहरू विहार, दयालपुर, इलाक़ा शाहदरा, दिल्ली-110094 उक्त सीमाएँ: पूर्व:- दूसरों की संपत्ति पश्चिम:- 10 फीट चौड़ी गली उत्तर:- दूसरों की संपत्ति दक्षिण:- 30 फीट चौड़ी गली	11-अप्रैल- 2025 रु. 13,68,146/- (रु. तेरह लाख अड़सठ हज़ार एक सौ छियालीस मात्र) 09-अप्रैल-2025 तक साथ ही अब तक उल्लिखित अतिरिक्त ब्याज और आकस्मिक व्यय, लागत आदि।
श्री देव कुमार पांडे पुत्र श्री विश्वनाथ पांडे मकान नंबर 6, फ्रेंड्स एन्क्लेव, ईस्ट ब्लॉक, सी-ब्लॉक, सुल्तान पुरी, उत्तर पश्चिम दिल्ली-110086. इसके अलावा: मकान नंबर बी-6/220-221, तीसरी मंजिल, ब्लॉक-बी, पॉकेट-6, सेक्टर-3, रोहिणी, उत्तर दिल्ली-110085. इसके अलावा: मकान/फ्लैट नंबर 220, तीसरी मंजिल, ब्लॉक-बी, पॉकेट-6, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली -110085. इसके अलावा: मकान नंबर 6, फ्रेंड्स एन्क्लेव, ईस्ट ब्लॉक, सी-ब्लॉक, सुल्तान पुरी, उत्तर पश्चिम दिल्ली-110086. श्री सक्षम पांडे पुत्र श्री देव कुमार पांडे मकान नंबर बी-6/220-221, तीसरी मंजिल, ब्लॉक-बी, पॉकेट-6, सेक्टर-3, रोहिणी, उत्तर दिल्ली-110085. सुश्री सुनिधि पांडे पुत्री श्री देव कुमार पांडे मकान नंबर 220-221, ब्लॉक-बी, पॉकेट-6, जयपुर गोल्डन हॉस्पिटल के पास, रोहिणी, सेक्टर-3, उत्तरी दिल्ली-110085. इसके अलावा: मकान/फ्लैट नंबर 220, तीसरी मंजिल, ब्लॉक-बी, पॉकेट-6, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-110085. लोन राशि - रु.87,07,417/- और रु. 16,00,00/- लेन:- SBTHGPRK0002769 & STUHGPRK000117 एनपीए दिनांक- 05-04-2025	फ्लैट संख्या 402 से संबंधित, क्षेत्रफल 38.38 वर्ग मीटर, (कारपेट एरिया) मोहन पेटल्स नामक परियोजना में चौथी मंजिल पर गाट नंबर 50 हिस्सा नबर 1 (पुराना गाट नंबर 51) की भूमि पर बना है, जिसका कुल क्षेत्रफल 4524.86 वर्ग फीट, जो कि 420.37 वर्ग मीटर, मोशी तालुका हवेली, जिला पुणे, जो कि पुणे नगर निगम की स्थानीय सीमा के भीतर है और उप-पंजीयक कार्यालय के अधिकार क्षेत्र में है। तालुका हवेली. जिला पुणे और उक्त सीमा से घिरा: (तकनीकी के अनुसार) पूर्व: फ्लैट संख्या 401, दक्षिण: सड़क पश्चिम: फ्लैट संख्या 403, उत्तर: मार्ग।	11-अप्रैल- 2025 डिमांड नोटिस की धनराशि रु. 24,58,983/- (रु. चौबीस लाख अट्ठावन हज़ार नौ सौ तिरासी मात्र) 09-अप्रैल-2025 तक ऋण खाता के संदर्भ में खाता नं SHLHCHWD0000291 साथ ही अब तक उल्लिखित अतिरिक्त ब्याज और आकस्मिक व्यय, लागत आदि।
लेन:- SHLHPUNH0001677 श्री प्रशांत एस काजले (उधारकर्ता) श्रीमती प्रियंका प्रशांत काजले (उधारकर्ता) सभी निवासी - वारचा माली वाडा, जुन्नार, तालुका जुन्नार जिला पुणे महाराष्ट्र - 410502. इसके अलावा: फ्लैट 204, सी 08 विंग सारा सिटी, खराबवाड़ी, चाकन, पोटदार स्कूल के पास, चाकन पुणे महाराष्ट्र-410501. ऋण धनराशि- रू. 27,50,135/- लेन :- SHLHPUNH0001677 एनपीए दिनांक- 05-04-2025	वह सभी टुकडे और पार्सल पर संपत्तियाँ नंबर 220, संपूर्ण तीसरी मंजिल, छत के अधिकार के साथ, क्षेत्रफल: 48 वर्ग मीटर, ब्लॉक-बी, पॉकेट -6, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-110085. उक्त संपत्ति की सीमाएं:- पूर्व: संपत्ति संख्या 220 पश्चिम: संपत्ति संख्या 222 उत्तर: संपत्ति संख्या 225 दक्षिण: खुली	11-अप्रैल- 2025 रु. 96,48,390/- (रु. छियानवे लाख अड़तालीस हज़ार तीन सौ नब्बे मात्र) और रु. 16,34,100/- (रु. सोलह लाख चौंतीस हज़ार एक सौ मात्र) और 09-अप्रैल-2025 तक, साथ ही अब तक उल्लिखित अतिरिक्त ब्याज और आकस्मिक व्यय, लागत आदि।
श्री धर्मेन्द्र शर्मा पुत्र श्री जगदीश शर्मा मकान नं. 129, द्वितीय तल, पॉकेट-2, सेक्टर-24, रोहिणी, उत्तर पश्चिम दिल्ली-110085. श्रीमती सुनीता शर्मा पत्नी श्री धर्मेन्द्र शर्मा मकान नं. 129, द्वितीय तल, पॉकेट-2, सेक्टर-24, रोहिणी, उत्तर पश्चिम दिल्ली-110085. ऋण धनराशि- रु. 26,00,000/- और रु. 6,74,614 लेन:- SBTHDLHI0002491 & STUHDLHI0002501 एनपीए दिनांक- 05-04-2025	वह सभी टुकड़े और पार्सल पर संपत्तियाँ नंबर 129, संपूर्ण दूसरी मंजिल, छत के अधिकार के साथ, क्षेत्रफल: 32 वर्ग मीटर, पॉकेट-2, सेक्टर-24, रोहिणी आवासीय योजना, रोहिणी के लेआउट प्लान में स्थित, नई दिल्ली- 110085. उक्त संपत्ति की सीमाएं:- पूर्व: प्रवेश, पश्चिम: प्लॉट नंबर 120, उत्तर: प्लॉट नंबर 128, दक्षिण: प्लॉट नंबर 130	11-अप्रैल- 2025 रु. 27,07,936/-(रु.सत्ताईस लाख सात हज़ार नौ सौ छत्तीस मात्र) और रु. 7,10,906/-(रु. सात लाख दस हज़ार नौ सौ छह मात्र) और 09-अप्रैल-2025 तक. साथ ही अब तक उल्लिखित अतिरिक्त ब्याज और आकस्मिक व्यय, लागत आदि।

इसलिए आप उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि आप इस नोटिस के 60 दिनों के भीतर ऊपर बताए गए बकाया राशि का पूरा भुगतान करें, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को उपरोक्त प्रतिभूतियों को लागू करने के लिए सरफेसी अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के लिए बाध्य किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको हमारी सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त संदर्भित प्रतिभूतियों को स्थानांतरित करने से रोका जाता है।

स्थान:- दिल्ली
दिनांक:- 21.04.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, टूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

एआरटीओ ने चलाया चेकिंग अभियान, कई वाहन सीज किए

शाह टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा ओवरलोडिंग एवं क्षमता से अधिक सवारियां बैठक संचालित हो रहे वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें चेकिंग के दौरान जनपद के विभिन्न भागों से गुजर रहे माल वाहनों एवं यात्री वाहनों की सघन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान चार माल वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक माल रेता, बजरी, सीमेंट इत्यादि का परिवहन करते पाए गए। इनके विरुद्ध सीज की कार्रवाई करते हुए इन्हें ललोडी खेड़ा पुलिस चौकी में निरुद्ध कर दिया गया। इसी प्रकार क्षमता से अधिक सवारी, बिना टैक्स, बिना फिटनेस 4 वाहन संचालित होते पाए गए जिनके विरुद्ध सीज एवं चालान की कार्रवाई अमल में लाई गई गई। उक्त कार्रवाई के अतिरिक्त अवैध एवं पंजीकृत ई रिक्शा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत ई–रिक्शा वाहनों के लिए प्रतिबंधित हाईवे पर 4 अपंजीकृत ई रिक्शा संचालित होते मिले, जिस पर उनके विरुद्ध सीज की कार्रवाई की गई। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि ई रिक्शा वाहन हाईवे पर चलने के लिए अनुमन्य नहीं है। हाईवे पर भारी वाहनों एवं तेज गति से चलने वाले निजी वाहनों का निरंतर आवागमन होता रहता है, जिससे ई–रिक्शा के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने ई रिक्शा चालकों को हाईवे पर अपने वाहन न चलाने की चेतावनी दी। परिवहन विभाग द्वारा की गई कार्यवाही से 1,85,000 प्रशमन शुल्क वसूला गया।

कस्तूरबा स्कूल निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

मंडी धनौरा। तहसील क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर पट्टी में कस्तूरबा बालिका विद्यालय के अतिरिक्त भवन निर्माण में घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाते हुए एक ग्रामीण ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि भवन निर्माण में अनियंमिता बरती जा रही हैं और घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप हैं कि गांव में कस्तूरबा बालिका विद्यालय संचालित है जिसमे भवन निर्माण कराया जा रहा है निर्माण मे ठेकेदार मानक के विपरीत सामग्री लगवा रहा है घटिया सामग्री के कारण उक्त भवन जर्जर रह जायेगा, जिससे पढ़ने वाले बच्चों को कभी भी जान का खतरा हो सकता है। इसकी शिकायत पूर्व मे भी सम्बन्धित अधिकारी से की गयी तो ठेकेदार ने अधिकारी से हमसाज होकर सामग्री पास करवा दी है। शिकायतकर्ता ने अधिकारियों को शिकायत देकर जांच और कार्यवाही की मांग की है।

कार की टक्कर से बाइक पर बैठी महिला घायल

कांठ। कार की टक्कर से बाइक पर बैठकर जा रही महिला घायल हो गई जिसे पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है घटना शाम 5 बजे की है छजलेट निवासी मेहताब पुत्र जमील व उसकी पत्नी अफसरा अपने तीन बच्चों के साथ मोटर साइकिल से छजलैट चौराहा की तरफ से आ रहे थे। तभी सेंट्रो कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर मोटर साइकिल गिर गई, जिसमें मोटर साइकिल चालक मेहताब की पत्नी अफसरा के सर के पीछे चोट लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया समाचार लिखे जाने तक इस मामले में कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की गई थी।

गौशाला में हरा चारा ना पाए जाने पर ग्राम प्रधान के अधिकार सीज करने के डीएम ने दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने आज विकासखण्ड क्षेत्र पूरनपुर के अन्तर्गत कजरी निरंजनपुर गौशाला का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला. धिकारी द्वारा निराश्रित गोवंशों हेतु भूसा, पीने योग्य पानी, हरा चारा, साफ–सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौशालाओं में संरक्षित निराश्रित गौ वंशों की संख्या जानी। इस दौरान अवगत कराया गया गौशाला में 228 गौवंशों को संरक्षित किया गया है। जिलाधिकारी ने गौवंशों की देखरेख एवं कृत्रिम गर्भाधान के सम्बन्ध में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने गोवंशों के ईयर टेगिंग के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला. धिकारी ने भूसे की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान गौवंशों हेतु हरा चारा ना पाए जाने का कड़ी नाराजगी व्यक्त की एवं ग्राम प्रधान के अधिकार सीज करने के लिए निर्देश। इस दौरान जिला. धिकारी ने गौशाला की साफ–सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। इस दौरान तहसीलदार पूरनपुर, खंड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

डेथ बालिंग करिश्मे से जीता लखनऊ

राजस्थान को रोमांचक मुकाबले में 2 रन से हराया, आवेश ने 3 विकेट लिए

जयपुर, वार्ता। लखनऊ सुपरजायंट्स ने राजस्थान रायल्स को आईपीएल के रोमांचक मुक. ाबले में 2 रन से हरा दिया। आवेश खान ने 20वें ओवर में 9 रन डिफेंड किए ओर लखनऊ को जीत दिलाई। आवेश ने 3 विकेट लिए।

एडन मार्करम और आयुष बडोनी दोनों ने फिफ्टी लगाई। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लखनऊ ने बैटिंग चुनी। लखनऊ ने 5 विकेट खोकर 180 रन बनाए। जवाब में राजस्थान 5 विकेट के नुकसान पर 178 रन ही बना सकी। जायसवाल ने 74 रन बनाए। वनिंदू हसरंगा को 2 विकेट मिले। आवेश ने डेथ ओवर्स में लखनऊ के लिए बेहतरीन बालिंग की। उन्होंने 18वें ओवर में 5 ही रन खर्च किए और 2 विकेट ले लिए। आवेश ने फिर आखिरी ओवर में 9 रन डिफेंड किए और टीम को 2 रन से जीत दिला दी। आवेश ने जायसवाल, शिमरोन हेटमायर और रियान पराग को पवेलियन भेजा। आवेश खान ने आखिरी 2 ओवर में 11 ही रन खर्च किए। नंबर-7 पर बैटिंग करने उतरे समद ने 10 गेंद पर 30 रन बनाए। उन्होंने ही आखिरी ओवर में 27 रन बनाकर टीम को 180 तक पहुंचाया था। इम्पैक्ट प्लेयर बनकर बैटिंग करने उतरे बडोनी ने फिफ्टी लगाई। उन्होंने मार्करम के साथ 76 रन की पार्टनरशिप भी की। लखनऊ से ओपनिंग करने उतरे ऐडन मार्करम ने 31 गेंद पर फिफ्टी लगा दी। उन्होंने 66 रन बनाए और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। मार्करम ने 1 विकेट भी लिया। 181 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी राजस्थान रायल्स को यशस्वी जायसवाल ने तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने ओपनर वैभव सूर्यवंशी के साथ 85 रन की पार्टनरशिप की। यशस्वी ने 31 गेंद पर हॉफ सेंचुरी लगाई। उन्होंने 74 रन बनाए और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। राजस्थान को आखिरी 3 ओवर में 25 रन चाहिए थे। यहां आवेश बालिंग करने आए, उन्होंने 18वें ओवर में महज 5 रन दिए और 2 विकेट भी झटक लिए। उनके ही ओवर ने राजस्थान पर दबाव बनाया और टीम जीत की स्थिति में होते हुए भी 2 रन से हार गई। आवेश खान ने ही आखिरी ओवर में 9 रन भी बचाए।

यार्कर फेंकना जारी रखूंगा जीत के बाद बोले आवेश खान

● राजस्थान को छह गेंद नें नहीं बनाने दिए नौ रन

जयपुर, वार्ता। लखनऊ सुपर जाएंट्स ने आईपीएल में राजस्थान रायल्स पर दो रन की रोमांचक जीत हासिल की थी। डेथ ओवरों में आवेश खान ने यार्कर पर यार्कर गेंदें की, जिससे राजस्थान की टीम छह गेंद में नौ रन नहीं बना सकी थीं। जीत के बाद आवेश ने कहा है कि वह यार्कर पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे, जो मुश्किल परिस्थितियों में उनका मुख्य हथियार है। आवेश ने 18वें और 20वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए कुल मिलाकर 11 रन दिए। लखनऊ ने आखिरी तीन ओवरों में 25 रन का बचाव किया था। आवेश ने मैच के बाद प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि मैं यार्कर फेंकना जारी रखने की कोशिश करूंगा क्योंकि मेरा मानना है कि यार्कर मेरी सबसे अच्छी गेंद है। मैं हमेशा किसी भी स्थिति में यार्कर फेंकने की को. शिश करता हूं। आईपीएल में खुद पर भरोसा रखना महत्वपूर्ण होता है। आवेश ने कहा कि वह किसी तरह से दबाव में नहीं थे क्योंकि जब वह 18वें ओवर में गेंदबाजी करने आए तो रायल्स जीत की ओर बढ़ रहा था और उसके आठ विकेट बचे हुए थे। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा अपनी रणनीति पर अमल करने की कोशिश करता हूं। जब भी मैं गेंदबाजी के लिए आता हूं तो किसी तरह के दबाव में नहीं रहता हूं। मैं जो भी गेंद करता हूं उस पर पूरा भरोसा रखता हूं। आवेश ने कहा कि आईपीएल में बड़े स्कोर बन रहे हैं और गेंदबाज काफी रन दे रहे हैं। पहले ओवर में मैंने भी 13 रन दिए लेकिन मैं हमेशा परिस्थितियों के अनुसार गेंदबाजी करता हूं और अपनी रणनीति को सही तरह से लागू करने पर ध्यान देता हूं। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि 18वें ओवर में यशस्वी जायसवाल और रियान पराग के आउट होने से लखनऊ को काफी फायदा मिला क्योंकि इससे डेथ ओवरों में दो नए बल्लेबाज क्रीज पर थे। उन्होंने कहा कि अगर कोई नया बल्लेबाज आता है, तो उसके लिए यह इतना आसान नहीं होता है। नए बल्लेबाज के लिए, किसी भी स्थिति में आना मुश्किल होता है, खासकर जब गेंद थोड़ी नीचे रह रही हो। मध्य प्रदेश के तेज गेंदबाज ने कहा कि जब डेविड मिलर ने शुभम दुबे का कैच छोड़ा तो वह थोड़ा तनाव में थे। दुबे ने दो रन लिए जबकि रायल्स को जीत के लिए आखिरी गेंद पर चार रन चाहिए थे। आवेश ने कहा कि जैसे ही गेंद हवा में गई तो मैं सोच रहा था कि मिलर इसे पकड़ लेंगे। वह पूरी तरह से गेंद के नीचे थे, लेकिन जब कैच छूट गया तो मैं थोड़ा निराश हो गया, लेकिन मुझे आखिरी गेंद पर चार रन बचाने का भरोसा था। आवेश ने कहा कि वह रोमांचक जीत का जश्न नहीं मना सके क्योंकि दुबे का शाट फील्डर के पास जाने से पहले उनके टखने पर लगा था।

धीमे ओवर रेट के लिए गिल पर जुर्माना

■ शुभमन गिल पर आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत 12 लाख का जुर्माना लगा

अहमदाबाद, वार्ता। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में धीमे ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि शुभमन गिल पर आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत धीमें ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये जुर्माना लगाया हैं।

आईपीएल ने बयान में कहा कि चूंकि यह इस सत्र में उनकी टीम का पहला अपराध था, इसलिए आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत, जो न्यूनतम ओवर रेट अपराधों से संबंधित है, गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि गुजरात टाइटंस ने शनिवार को खेले गए आईपीएल के 35वें मुकाबले में जॉस बटलर (97 नाबाद) और शरफेन रदरफोर्ड (43) के बीच 119 रन की रिकार्ड साझीदारी की मदद से दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को सात विकेट से हरा दिया था। इस जीत के साथ गुजरात टाइटंस अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

खेल विशेष

स्टैंड से अजहरुद्दीन का नाम हटाने का आया फरमान

आदेश के खिलाफ अदालत जाने की तैयारी में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान

नई दिल्ली, वार्ता। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन नए विवाद में फंसते जा रहे हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के स्टैंड से उनका नाम हटाने का फरमान आया है। हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) को नार्थ पवेलियन स्टैंड से अजहरुद्दीन का नाम हटाने के लिए कहा गया है। इसके अलावा एचसीए से यह भी कहा गया है कि अजहरुद्दीन के नाम पर टिकट जारी नहीं किए जाएं। यह आदेश एचसीए के लोकपाल (सेवानिवृत्त) वी ईश्वरैया ने दिया है। लोकपाल ने एचसीए की सदस्य इकाइयों में से एक लाड्र्स क्रिकेट क्लब द्वारा दायर याचिका के आधार पर यह निर्णय लिया जिसमें आरोप लगाया गया था कि अजहरुद्दीन ने मनमाने फैसले लेकर तत्कालीन एचसीए अध्यक्ष के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया। न्यायमूर्ति ईश्वरैया एचसीए के आचरण अधिकारी भी हैं। लाड्र्स क्रिकेट क्लब ने इस साल 28 फरवरी को अजहरुद्दीन के खिलाफ याचिका में आरोप लगाया था कि दिसंबर 2019 में नार्थ स्टैंड का नाम अपने नाम पर रखने के प्रस्ताव को पारित कराने के लिए पूर्व एचसीए अध्यक्ष के रूप में शीर्ष परिषद की बैठक में बैठकर एचसीए के नियमों का उल्लंघन किया था। एचसीए संविधान के अनुसार किसी प्रस्ताव को आम सभा (एजीएम) द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक है। हालांकि, लोकपाल के आदेश के खिलाफ अजहरुद्दीन अदालत जाने की तैयारी में है। पूर्व भारतीय कप्तान ने लोकपाल के आदेश की वैधता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उनका कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है। अजहरुद्दीन ने कहा, मैं निश्चित रूप से कानूनी सहारा लूंगा और इस आदेश पर रोक लगाने के लिए उच्च न्यायालय में अपील करूंगा। यह शर्म की बात है कि एक भारतीय कप्तान का नाम हटाने के लिए कहा जा रहा है। संघ के उपनियमों के अनुसार, लोकपाल/आचरण अधिकारी का कार्यकाल एक वर्ष का होता है। इस मामले में लो. कपाल का कार्यकाल 18 फरवरी 2025 को समाप्त हो गया था और उस अवधि के बाद पारित कोई भी आदेश अमान्य है।

कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े नायर

● टीम इंडिया के सहायक कोच पद से हटाए गए थे, 2018-2024 तक कोचिंग स्टॉफ में शामिल थे अभिषेक नायर

मुंबई, वार्ता। टीम इंडिया के सहायक कोच से हटाए गए अभिषेक नायर फिर से कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ जुड़ गए हैं। इसकी जानकारी फ्रेंचाइजी की तरफ से एक्स पर दी गई। हालांकि, इस पोस्ट में यह नहीं बताया गया कि उनकी किस पद पर वापसी हुई है। दरअसल शुक्रवार को बीसीसीआई ने अभिषेक नायर को टीम इंडिया के सहायक कोच पद से हटा दिया था। अभिषेक नायर के अलावा फील्डिंग कोच टी दिलीप और ट्रेनर सोहम देसाई की भी टीम इंडिया से छुट्टी कर दी गई थी। बीसीसीआई ने यह कार्रवाई आस्ट्रेलिया में बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में भारत की शर्मनाक हार के बाद की। 2018-2024 तक केकेआर का हिस्सा रहे नायर अभिषेक नायर 2018 से 2024 तक आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे। पिछले साल जुलाई में उन्हें भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के कोचिंग स्टाफ में शामिल किया गया था। अभिषेक ने केकेआर में गंभीर के साथ काम किया था द्रविड़ का कार्यकाल टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद समाप्त हो गया था। इसके बाद बीसीसीआई ने गंभीर को मुख्य कोच बनाया था। गंभीर ने अपने सहयोगी के तौर पर कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े अपने साथियों को टीम से जोड़ा था। गंभीर भारतीय टीम के मुख्य कोच बनने से पहले केकेआर के मेंटर रहे थे और तब उसी टीम में अभिषेक नायर, रेयान टेन डेशकाटे सहयोगी स्टाफ रहे थे। मोर्ने मोर्कल ने गंभीर के साथ लखनऊ सुपर जाएंट्स में काम किया था। दिलीप द्रविड़ के समय से ही फील्डिंग कोच के पद पर बने हुए थे। हालांकि, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में करारी हार के बाद अभिषेक पर सवाल खड़े हो रहे थे।

जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को किया 191 के स्कोर पर ढ़ेर

■ जिम्बाब्वे के गेंदबाज मसकदजा और मुजारबानी ने तीन-तीन विकेट हासिल किए

सिलहट, वार्ता। वेलिंगटन मसकदजा और ब्लेसिंग मुजारबानी (तीन-तीन विकेट), विक्टर न्याउची और वेस्ली मधेवेरे (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद दम पर जिम्बाब्वे ने रविवार को बांग्लादेश को पहले टेस्ट मैच के पहले दिन पहली पारी 191 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया है।

यहां बांग्लादेश की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 32 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। विक्टर न्याउची ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करे हुए पहले पहले शादमान इस्लाम (12) और उसके बाद महमुदुल हसन जॉय (14) को अपना शिक. ार बना लिया। ऐसे संकट के समय मोमिनुल हक और नजमुल शान्तो ने पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 66 रनों की साझेदारी हुई। 32वें ओवर में लेसिंग मुजारबानी ने नजमुल शान्तो (40) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद वेलिंगटन मसक. दजा ने (56) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। मुशफिकुर रहीम (चार) और तैजुल इस्लाम (तीन) को वेलिंगटन ने आउट किया। मेहदी हसन मिराज (एक) को मुजारबानी ने अपना शिकार बनाया। तैजुल इस्लाम (तीन), हसन महमूद (19) और नाहिद राणा (शून्य) पर आउट हुये। जिम्बाब्वे के गेंदबाजी आक्रमण के आगे बांग्लादेश की पूरी टीम पहले टेस्ट मैच के पहले दिन 61 ओवर में 191 के स्कोर पर सिमट गई। जिम्बाब्वे की ओर से वेलिंगटन मसकदजा ने 10 ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट लिए और ब्लेसिंग मुजारबानी ने 19 ओवर में 50 रन देकर तीन विकेट झटके। विक्टर न्याउची ने 15 ओवर मे 74 रन देकर दो विकेट लिए। वेस्ली मध. ेवेरे ने तीन ओवर मे दो रन देकर दो विकेट लेकर बांग्लादेश की पहली पारी का अंत किया।

विमेंस वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं आएगा पाक

■ पीसीबी चीफ बोले कि हाइब्रिड मॉडल के तहत बीसीसीआई और आईसीसी न्यूट्रल वेन्यू का करने ऐलान

कराची, वार्ता। पाकिस्तान विमेंस टीम भारत में होने वाले वर्ल्ड कप 2025 में खेलने के लिए नहीं आएगी। पाकिस्तान विमेंस टीम ने हाल ही में वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया है।

भारत 29 सितम्बर से 26 अक्टूबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने ऐलान किया है कि उनकी महिला टीम इस साल के आखिर में होने वाले आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि इस साल की शुरुआत में हुए समझौते के तहत हाइब्रिड मॉडल का पालन करते हुए अपने मैच किसी न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेगी। टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं गई थी दरअसल पाकिस्तान ने हाल ही में संपन्न हुए चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी की थी। टीम इंडिया राजनीतिक कारणों की वजह से पाकिस्तान में जाकर अपने मैच नहीं खेले। टीम इंडिया के सभी मैच दुबई में हुए। हाइब्रिड मॉडल पर पीसीबी और बीसीसीआई के बीच हुआ समझौता भारतीय क्रिकेट बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बनी थी, जिसके तहत भारत और पाकिस्तान के आईसीसी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने की स्थिति में दोनों को अपने मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेलने की अनुमति होगी।

नकवी ने कहा कि टूर्नामेंट के मेजबान होने के नाते भारत और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) न्यूट्रल वेन्यू पर फैसला करेंगे। पाकिस्तान विमेंस टीम ने लाहौर में आयोजित हुए क्वालिफायर में अपने सभी पांच मैच जीते। उन्होंने आयरलैंड, स्काटलैंड, वेस्टइंडीज, थाईलैंड और बांग्लादेश को हराकर मुख्य दौर के लिए आसानी से क्वालीफाई किया। वहीं भारत, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफीका और श्रीलंका पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं।

बेंगलुरु ने पंजाब को 7 विकेट से रौंदा

■ विराट कोहली ने नाबाद 73 रन और देवदत्त ने 61 रनों की बेहतरीन पारी खेली

मुल्लांपुर, वार्ता। क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा की शानदार गेंदबाजी के बाद विराट कोहली (नाबाद 73) और देवदत्त पड़क्किल (61) रनों की बेहतरीन अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 37वें मैच में पंजाब किंग्स को सात गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया।

158 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फिल सॉल्ट (एक) का विकेट गवां दिए। उन्हें अर्शदीप सिंह ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए देवदत्त पड़क्किल ने विराट कोहली के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 103 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में हरप्रीत बराड़ ने देवदत्त पडिक्कल को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। देवदत्त पडिक्कल ने 35 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान रजत पाटीदार (12) रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

हालांकि इस दौरान एक छोर थामे विराट कोहली रन बनाते रहे। विराट कोहली ने 54 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 73) रनों की मैच विजयी पारी खेली। जितेश शर्मा (11) रन बनाकर नाबाद रहे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18-5 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। आरस. ीबी की आठ मैचों में यह पांचवीं जीत है और वह अंक तालिका में 10 अंकों के साथ तीसरे पायदान पर हैं। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह, हरप्रीत बराड़ और यजुवेंद्र चहल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब किंग्स के लिए प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। पांचवें ओवर में क्रुणाल पांड्या की गेंद पर प्रियांश आर्य आगे निकलकर लांग ऑफ के ऊपर से मारने के प्रयास में मिड ऑफ पर टिम डेविड को आसान कैच थमा बैठे। प्रियांश ने 15 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (22) रन बनाए। इसके बाद सातवें ओवर में क्रुणाल ने प्रभसिमरन सिंह को भी डेविड के हाथों कैच आउटकरा कर पंजाब किंग्स को दूसरा झटका दिया। प्रभसिमरन सिंह ने 17 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (33) रनों की पारी खेली। कप्तान श्रेयस अय्यर (छह) को रोमारियो शेफर्ड ने अपना शिकार बनाया। नेहाल वढेरा (पांच) रनआउट हुए। जॉश इंग्लिस 17 गेंदों में (29) और मार्कस स्टॉनिस (एक) को सुयश शर्मा ने आउट किया। पंजाब किंग्स ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 157 रन बनाए। शशांक सिंह (31) और मार्को यानसन (25) रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी के लिए क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा ने दो-दो विकेट लिए। रोमारियो शेफर्ड ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

क्रोएशिया के पूर्व खिलाड़ी पोक्रिवैक की कार दुर्घटना में मौत

ज़ाग्रेब (क्रोएशिया), वार्ता। क्रोएशिया के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकोला पोक्रिवैक की अपने देश में एक कार दुर्घटना में मौत हो गई है। क्रोएशियाई फुटबॉल महासंघ ने इसकी पुष्टि की है। 39 वर्षीय मिडफील्डर ने अपने करियर में दिनामो ज़ाग्रेब, एएस मोनाको और आरबी साल्ज़बर्ग के लिए खेला और 2008 से 2010 तक 15 अंतरराष्ट्रीय मैच जीते। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पोक्रिवैक को 2015 में हॉजकिन के लिंफोमा का पता चला था, जिसके कारण उन्हें पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेना पड़ा लेकिन वह 2021 में शौकिया फुटबॉल में लौट आए और पिछली गर्मियों में निचली लीग की टीम एनके वोजनिक में शामिल हो गए। स्थानीय मीडिया ने कहा कि वह एनके वोजनिक के तीन साथियों के साथ एक वाहन में थे कि शुक्रवार शाम को उनकी कार मध्य क्रोएशिया के कार्लोवैक में हादसे का शिकार हो गया। बताया गया है कि एक अन्य कार में सवार 42 वर्षीय व्यद्रि की भी मौत हो गई, जबकि पोक्रिवाक की कार में सवार अन्य लोगों को गंभीर चोटों के साथ अस्पताल ले जाया गया। क्रोएशियाई फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मारिजान कुस्टिक ने कहा कि निकोला एक महान फुटबॉल खिलाड़ी थे, उन्होंने इस दुनिया में अपने अंतिम क्षण तक फुटबॉल को जिया और एक भयानक बीमारी पर विजय प्राप्त करके जीवन में बहुत साहस दिखाया। यह हमारे फुटबॉल समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है, और विशेष रूप से परिवार के लिए दर्दनाक है। पोक्रिवाक ने यूरो 2008 में खेला, जहां क्रोएशिया क्वार्टर फाइनल में पहुंचा और 2010 विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग में दो बार इंग्लैंड का सामना किया। कुस्टिक ने कहा कि ऐसे चौंकाने वाले और अकल्पनीय रूप से दुखद क्षण में सांत्वना के शब्द खोजना असंभव है, जब हमने एक युवा जीवन खो दिया है। मैं इस अपूरणीय क्षति के लिए निकोला के परिवार और प्रियजनों के प्रति केवल अपनी गहरी संवेदना व्यद्र कर सकता हूं।

सम्पादकीय

सोमवार, 21 अप्रैल 2025

निशाने पर आरएसएस

एक तरफ जहां पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में हुई बाप-बेटे की हत्या के मामले में गिरफ्तारी का सिलसिला जारी है। तो वही दुसरी तरफ राजनीतिक बयानबाजी अपने चरम पर है। रविवार को मुर्शिदाबाद हिंसा में मारे गए बाप-बेटे की हत्या के मामले में चौथी गिरफ्तारी की बात सामने आई है। पश्चिम बंगाल के विशेष जांच दल ने जियाउल शेख के नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है वह मुख्य आरोपियों में से एक है और 11 अप्रैल को वक्फ संशोधन विधायक को लेकर भड़की हिंसा में हरगोविंदो दास व उनके बेटे चंदन को मार डाला था। उस भीड़ को उक्साने में शेख का बहुत बड़ा हाथ था। इससे साफ है कि पश्चिम बंगाल सरकार जो हिंसा में लिप्त है उनको कानून के कठघरे में पहुंचाने के लिए प्रयास कर रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कई बार कह भी चुकी है कि जो भी हिंसा में दोषी है उनको बख्शा भी नहीं जाएगा। बात सही भी है हिंसा की इजाजत किसी को भी नहीं दी जा सकती। ठीक उसी तरह इस तरह की घटनाओं पर राजनीति करना भी ठीक नहीं कहा जा सकता, लेकिन विडंबना देखिए जहां सभी की यह कोशिश होनी चाहिए कि हिंसाग्रस्त क्षेत्र में शांति आए। उसके विपरित ऐसे काम किए जा रहे है जिससे इस पूरे मामले का राजनीतिकरण किया जा सके। जाहिर है हर कोई इसे अपने नजरिए से देख रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप में एक से बढ़कर एक बाजी मारने में लगे है। योगी आदित्यनाथ कह रहे है कि लातों के भूत बातों से नहीं मानते और दंगाईयों से शक्ति से निपटना चाहिए। जाहिर है जब वह ऐसा कह रहे है, तो उनके कहने का मतलब यही है कि ममता बनर्जी सख्ती से काम नहीं ले रही है। जबकि ममता पलटवार करते योगी को भोगी बता रही है और भी जाने कितनी तरह की बाते हो रही है। जो किसी के भी हित में नहीं है। शांति लाने में तो बिलकुल भी नहीं अब शनिवार की देर रात की ही बात करें तो ममता बनर्जी ने दो पेज का एक खुला पत्र जारी किया है। जिसमे आरोप लगाया है कि मुर्शिदाबाद की हिंसा भाजपा और आरएसएस के लोगों ने कराई है। पत्र में उन्होंने कहा है कि भाजपा और आरएसएस ने पश्चिम बंगाल में दुर्भावनापूर्ण अभियान शुरू किया है। ममता का यह भी दावा है कि आरएसएस व भाजपा इस घटना का इस्तेमाल बांटने वाली राजनीति के लिए कर रही है। ममता ने इस पत्र में यह कहकर लोगों से अपील भी कि है कि बहुसंख्यक व अल्पसंख्यक समुदायों को एक-दूसरे का ख्याल रखना चाहिए। वैसे देखा जाए तो ममता बनर्जी व भाजपा के बीच पहले से ही 36 का आंकड़ा रहा है। जब भी अवसर मिलता है भाजपा ममता को घेरने में नहीं चुकती तो वही ममता भी पलटवार करने में जरा भी देर नहीं लगाती। जाहिर है लोकतंत्र में इस तरह का वातावरण ठीक नहीं कहा जा सकता। लड़ाई वेचारिक होनी चाहिए। जिसका आजकल अभाव दिखता है।

झूठ के प्रचार में भाजपा को महारथ हासिल

सच छिपाने और झूठ के प्रचार में भाजपा को महारथ हासिल है, उसका जीता जागता प्रमाण महाकुंभ है, महाकुंभ पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं से सच छिपाकर बेहतर व्यवस्था का झूठा प्रचार किया गया, पहले किसी सरकार में कोई मंत्री प्रोपोगंडा किया करता था, लेकिन यहां तो पूरी भाजपा सरकार ही प्रोपोगंडा पर चल रही है, यह श्रद्धालुओं का महाकुंभ नहीं था, यह पूरी तरह राजनीतिक कुंभ था, मुख्यमंत्री ने दावा किया था महाकुंभ में 100 करोड़ लोगों की व्यवस्था की गई है, जो पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई है, महाकुंभ में व्यवस्था कम और प्रचार अधिक था, दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मेला महाकुंभ के मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर हुई दर्दनाक हादसे को रोका जा सकता था, लेकिन इस सरकार में अहंकार इतना कि प्रबल है सुझाव और आशंकाओं को भी आलोचना समझा गया।

अखिलेश यादव
अध्यक्ष समाजवादी पार्टी

फिल्मों से डरते कागजी बहादुर

पवन सिंह

सेंसर बोर्ड ने विगत 11 सालों में ऐसी तमाम फिल्मों को या तो रोका है या उन पर कैंची चलाई है जिन्होंने भी भारतीय समाज की नग्न तस्वीर सामने रखने की कोशिश की है

बहादुरों में एक कौम होती है जिसे कागजी बहादुर कहा जाता है। इस तरह की कागजी बहादुर कौम और इसके रहनुमा को बहुत की करीने व सलीके से कागजों पर तैयार किया जाता है। किसी थ्री-डी फिल्म या कामिक्स की तरह पहले कागजी बहादुर का एक कैरेक्टर गढ़ा जाता है और फिर उसमें रंग भरकर मूवमेंट्स दे दिए जाते हैं! इसके बाद इस कैरेक्टर को आवाम के दिलो-दिमाग में उतारा जाता है। जबकि ऐसे कैरेक्टर दरअसल कागज़ी बहादुर होते हैं, लेकिन आवाम को ऐसा हिप्नोटाइज करते हैं कि आवाम सब कुछ लुटा के जब तक होश में आती है तब-तक बहुत देर हो चुकी होती है।

इधर भी कुछ कागज़ी बहादुर कैरेक्टर गढ़े गए हैं ओर उनके पीछे एक भीड़ गढ़ दी गई है। जैसे भीड़ का कभी कोई चरित्र ओर विवेक नहीं रहता वैसे ही कागजी बहादुरों का भी कोई चरित्र नहीं रहता। भीड़ कागज़ी बहादुर की कठपुतली होती है ओर कागज़ी बहादुर को दूर बैठा कोई और संचालित कर रहा होता है। ऐसे कागज़ी बहादुर तेज हवाओं से सहम जाता करते हैं! तेज आवाज से चौंक जाते हैं! हालात यह हो जाते हैं कि फिल्में भी डरा दिया करती हैं। फिल्म निर्माता निर्देशक अनुराग कश्यप ने सेंसर बोर्ड की लचर-पचर और सत्ताचरण वंदन कार्य-प्रणाली पर जो टिप्पणी की है, वह सर्वथा उचित है।

सेंसर बोर्ड हर हाल में कागज़ी बहादुरों की उस छवि को बचाए रखने के लिए कटिबद्ध नजर आता है जिसे बमुश्किल से विगत 70 सालों में कतरा-कतरा करके झूठ के सहारे गढ़ा गया और फिर 2008-2009 से नफ़रत और फिरका परस्ती के रंगों से उसे रंगा गया! सेंसर बोर्ड ने विगत 11 सालों में ऐसी तमाम फिल्मों को या तो रोका है या उन पर कैंची चलाई है जिन्होंने भी भारतीय समाज की नग्न तस्वीर सामने रखने की कोशिश की है। सेंसर बोर्ड एक अलग ही लेबल का कागजी शेर है। छींक से भी डरता हुआ और हवाओं से भी सिहरता हुआ। बिना रीढ़ का एक ऐसा कुनबा जिसकी अपनी कोई स्वतंत्र सोच नहीं है। जिसकी सत्ता उसकी चौकीदारी मतलब सेंसर बोर्ड।

कुछ उदाहरण देता हूं जैसे-2005 में विनोद पांडेय ने एक लड़की और पादरी के अफेयर पर एक फिल्म बनाई थी सिंस। जरा सा विरोध विरोध हुआ सेंसर बोर्ड को ठंड लगकर बुखार आ गया और इसे बैन कर दिया गया। वर्ष 2005 में फिल्म वाटर बनी। जो कि भारत में बाल विधवाओं के जीवन पर आधारित थी। सेंसर बोर्ड को फिर ठंड लगकर बुखार आया और उसके कुछ दृश्यों के कारण उसे प्रतिबंधित कर दिया था...वर्ष, 2005 में ही परजानिया आई। यह फिल्म भारत में सां. प्रदायिक दंगों पर आधारित थी लेकिन सेंसर बोर्ड की हिम्मत चोक ले गई और कुछ दृश्यों के कारण इसे प्रतिबंधित कर दिया। वर्ष, 2014 में अनफ्रीडम आई यह फिल्म भारत में एलजीबीटीआईक्यू+ समुदाय यानी कि लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल, ट्रांसजेंडर और क्वीर पर आधारित थी। सेंसर बोर्ड को इस बार ठंड लगकर बुखार के साथ-साथ डायरिया हो गया और फिल्म बैन हो गई। एक फिल्म बनी घल्लूघारा। दिलजीत दोसांझ की इस फिल्म पर सेंसर बोर्ड फावड़ा-कुदाल लेकर बैठ गया और तमाम सीन इस बिना पर कटवा दिए कि इससे हिंसा भड़क सकती है यहां तक कि कागज बहादुर बोर्ड ने फिल्म का शीर्षक बदलने के लिए कहा था। एक लखनऊ के डायरेक्टर हैं संजीव जायसवाल शूद्रों के हालात पर शूद्र द राइजिंग बनाई पहले सेंसर बोर्ड से लड़ें फिर 'भावना आहत गैंग' से! देश में ये गैंग एक अलग ही लेबल पर सक्रिय है टू ट्राप आफ वाटर गिरने से ही भावना आहत होकर 'स्खलित' हो जाती है। शूद्र पर किसी की भावना आहत हो गई और मुकदमा हो गया। 'भावना जी' एक सीन पर आहत हो गईं जिसमें एक शूद्र बालक द्वारा शिवमंत्र के जाप करने से सवर्णों द्वारा जिह्वा काट लेने, शूद्र व्यक्ति को कुएं से पानी लेने से रोकने, जिसके कारण जल के अभाव से उसके पिता की मृत्यु होने, शूद्रों को मंदिर में प्रवेश करने से वर्जित करने जैसे विषयों को दिखाया गया है। सेंसर बोर्ड की कैंची की धार और भावना गैंग की भावना, द केरला स्टोरी और कश्मीर फाइल्स और छावा पर कुंद हो जाती है? लेकिन अगर कोई निर्माता अगर गुजरात दंगों पर गोधरा द ट्रुथ, पुलवामा फाइल्स, मणिपुर फाइल्स, इंडस्ट्रिलिस्ट पितामह, भाई डियर फ्रेंड, काणां बाबा, पैरोल के संत टाइप्स फिल्म बना दे तो सेंसर बोर्ड के सारे सेंसर जाग्रत हो जाएंगे और आहत गैंग उचक कर बाहर आ जाएगा। कारण साफ है कागजी बहादुरों की छवि सालों-साल की कड़ी कागजी मेहनत और झूठ व फरेब के रंगों से गढ़ी जाती है। कागज पर यानी 'अखबार के पन्नों' और 'न्यूज चैनलों के स्टूडियो' के भीतर गढ़ी गई कागजी छवि इतनी हल्की होती है कि वह हमेशा सच की एक बूंद के गिरने से भी डर जाती है। इसीलिए विश्व में जितने भी कागजी शेर पाले गए वो सभी सच से सदैव डरे रहे। ये कागजी शेर फिल्मों के कथानक से डरे रहते हैं। ये कागजी शेर किसी एक डायलॉग से डरें रहते हैं। ये कागजी शेर किसी एक सीन से डरें रहते हैं और जब-जब ये डरते हैं अपनी मातहत संस्थाओं को आगे कर देते हैं। इन कागजी शेरों के एजेंडे से जुड़ी फिल्मों से भले आग लग जाए उन्हें डर नहीं लगता क्योंकि वह उनके एजेंडे का पोषण करती हैं लेकिन जैसे ही सच को छूते हुए सब्जेक्ट आते हैं कागजी शेर गैस्ट्रो का शिकार हो जाते हैं। फिल्म 'फूले' से डरे हुए कागजी शेरों का सच यही है।

सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश के एक युवा शायर अविनाश तिवारी 'ब्रह्मवंशी' का एक शेर साझा है

लगा लो जोर तुम चाहे जितना तानाशाही के लिए
हम भी लड़ते रहेंगे अपनी बेगुनाही के लिए
कितना भी जुल्म कर लो कत्ल छुपाने के लिए
आएंगी अब तो लाशें भी गवाही के लिए
सियासत बिक चुकी है अपने
एश-ओ-इशरत के लिए
पकड़ लाते हैं सिर्फ़ बेगुनाह ही कार्यवाही के लिए

(ये लेखक के निजी विचार है)

गांव, किसान और मजदूरः कॉर्पोरेट सत्ता के शिकार

2014 के पहले तक की सरकारें भले ही पूंजीपतियों के प्रति नरम रुख रखती रही हों, लेकिन उस समय नीतियों में एक संतुलन बना रहता था

विरेश तरार

भारतीय लोकतंत्र की आत्मा माने जाने वाले गांव, किसान और श्रमिक वर्ग पिछले कुछ वर्षों में सत्ता और पूंजी के गठजोड़ की प्रयोगशाला में तब्दील हो चुके हैं। वे जो कभी देश की अर्थव्यवस्था का मेरुदंड होते थे, आज सरकार और कॉर्पोरेट के साझे 'विकास मॉडल' में सिर्फ 'लाभार्थी' बनकर रह गए हैं।

2014 के पहले तक की सरकारें भले ही पूंजीपतियों के प्रति नरम रुख रखती रही हों, लेकिन उस समय नीतियों में एक संतुलन बना रहता था, जिसमें किसान, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को 'कमज़ोर लेकिन ज़रूरी' मानते हुए कुछ जगह दी जाती थी। लेकिन 2014 के बाद सत्ता में आई सरकार ने जैसे घोषणा कर दी कि अब प्राथमिकता सिर्फ कॉर्पोरेट है।

'कॉर्पोरेट प्रथम' का नया दौर

मोदी सरकार ने सत्ता संभालते ही जिस तरह से 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया', 'डिजिटल इंडिया', 'नेशनल मॉनेटाइजेशन पाइपलाइन' जैसी योजनाओं के ज़रिए देश की संपत्ति को निजी हाथों में सौंपने का सिलसिला शुरू किया, उसने साफ संकेत दे दिए थे कि आने वाला वक्त पूंजीपतियों के लिए 'गोल्डन एरा' होगा। रेलवे, एयरपोर्ट, तेल कंपनियां, बीमा, बैंक एक-एक कर सार्वजनिक क्षेत्र की संपत्तियां निजी हाथों में जाती गईं, और वही हाथ अब नीति निर्माण में भी निर्णायक भूमिका निभाने लगे।

जो रोड़े थे, उन्हें रास्ते से हटाया गया

सरकार जानती थी कि यदि कोई वर्ग इन फैसलों की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन सकता है तो वह है किसान, मजदूर और नौकरीपेशा वर्ग। इसीलिए इनके ध्यान को मुख्य मुद्दों से भटकाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से प्रपंचों की राजनीति की गई। कभी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के नाम पर 6000 रुपये की किश्तों में 'करुणा' बांटी गई, तो मुफ्त राशन और गैस सिलेंडर जैसे कदमों से एक श्लाभार्थी मानसिकताश को गढ़ा गया। ये वो वर्ग हैं जो कभी अधिकार मांगते थे, अब कृपा स्वीकार करने के लिए विवश हो गए। इसी तरह अग्निवीर योजना लाकर युवा वर्ग की स्थायी नौकरी की आकांक्षा को अस्थायी ठेकेदारी में बदल दिया गया, जबकि इसका विरोध करने वालों को 'राष्ट्र विरोधी' तक बताया गया।

धार्मिक आयोजनों व भावनात्मक मुद्दों की बिछी बिसात

इस नई राजनीति में धर्म एक उपकरण की तरह इस्तेमाल किया गया। राम मंदिर, कांवड़ यात्रा, गो रक्षा, घर वापसी जैसे मुद्दे मीडिया और सत्ताधारी दल की प्राथमिकता बने रहे। इसके समानांतर किसान आंदोलन, श्रमिक असंतोष, बेरोजगारी, महंगाई जैसे मुद्दे हाशिये पर डाल दिए गए। कई बार सरकार खुद ही ऐसे धार्मिक रूप से संवेदनशील मुद्दों को हवा देने में ल गई दिखती है जिससे जनमानस भावनाओं में उलझा रहे और आर्थिक फैसलों पर जनदबाव न बन पाए। 2020-21 का कृषि कानून विवाद इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जिसमें किसान वर्ग को वर्षों तक संघर्ष करना पड़ा।

'महिला आरक्षण': बहाना या बदलाव?

ऐसे ही एक भावनात्मक प्रलोभन के रूप में हाल में महिला आरक्षण विधेयक को पेश किया गया। लेकिन इसकी समयसीमा और कार्यान्वयन की अनिश्चितता इसे मात्र 'शिगूफा' बनाती है। यह सच है कि महिला मतदाता करीब पचास प्रतिशत हैं, और उनके सम्मान, अधिकार, नेतृत्व की बात कर उन्हें लुभाना आसान भी है। लेकिन हकीकत यह है कि जमीनी स्तर पर न तो पंचायतों में शक्ति का हस्तांतरण हो सका, न ही संसद में महिलाओं की संख्या में ठोस बढ़ोतरी।

मीडिया की चुप्पी और कॉरपोरेट की सहमति

मीडिया जो कभी सरकार की निगरानी करता था, अब कॉर्पोरेट के नियंत्रण में आ चुका है। अब बहस का केंद्र नीतियां नहीं, विवाद और भावनाएं हैं। टीवी पर जाति, धर्म और राष्ट्रवाद पर हो-हल्ला रहता है, लेकिन नरेगा की घटती मज़दूरी, किसान की गिरती आमदनी या मजदूरों की हालत पर मौन पसरा रहता है।

आदिवासी समुदाय व प्राकृतिक संसाधनों पर भी नजर

सरकार और पूंजी का गठजोड़ केवल खेतिहर किसान और श्रमिक वर्ग तक सीमित नहीं है। देश के वन क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी समुदायों पर भी कॉर्पोरेट की नजर है। झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा में खनन परियोजनाओं के नाम पर जिस तरह जंगल, ज़मीन और नदी-नाले छीने जा रहे हैं, वह भी इसी मॉडल का विस्तार है। लब्बोलुआब यह कि देश का लोकतंत्र अगर वास्तव में 'जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा' है, तो आज जो नीति-निर्माण की प्रक्रिया है वह इस आत्मा से पूरी तरह भटकी हुई लगती है। किसान और मजदूर वर्ग को भले ही वादों और भत्तों से संतुष्ट रखने की कोशिश की जाए, लेकिन जब तक वे अपने वास्तविक अधिकारों, हिस्सेदारी और नीति-निर्धारण में भागीदारी के लिए खड़े नहीं होंगे, तब तक यह शोषण चक्र चलता रहेगा।

नवजात इल्ली भी अपना इलाका बांधती है

स्रोत फीसर्च

बाघ, तेंदुआ, कुत्ता, बिल्ली जैसे बड़े-बड़े जानवर अपना इलाका बांधते हैं। यानी वे कुछ संकेतों के ज़रिए अपना अधिकार क्षेत्र चिंहित करते हैं। इस इलाके के संसाधनों, खासकर मादाओं, पर उनका अधिकार होता है। और, इलाके में अतिक्रमण की कोशिश हो तो चेतावनियों से लेकर मुठभेड़ तक की स्थिति बन सकती है। लेकिन क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि 2 मिलीमीटर छोटी वार्टी बर्च इल्ली भी इलाका बांधती होगा। जी हां, इतनी छोटी-सी इल्ली 1 सेंटीमीटर लंबी जगह का इलाका बांधती है।

उत्तरी अमेरिका में दो-धारियों वाली एक पतंगा मादा (**Falcaria bilineata**) सनोबर की टहनियों और पत्तियों पर अपने अंडे देती है। जब अंडे फूटते हैं तो इनसे निकलने वाली इल्ली (वार्टी बर्च कैटरपिलर) तुरंत ही करीब की पत्तियों की नोंक पर चली जाती हैं। वैज्ञानिकों ने काफी समय से इल्लियों के इस व्यवहार के अलावा एक और व्यवहार पर गौर किया था ख्र ये इल्लियां पत्तियों पर कम्पन करती हैं। इस व्यवहार को देखकर लगा कि संभवत: यह इलाका बांधने का संकेत है।

अनुमान की जांच करने के लिए कार्लटन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने कुछ वार्टी बर्च इल्लियों को पकड़कर प्रयोगशाला में यह देखने के लिए जमाया कि यदि किसी पत्ती पर कोई वार्टी बर्च इल्ली पहले से है और उसी प्रजाति की दूसरी इल्ली आती है तो पहले से बैठी इल्ली क्या प्रतिक्रिया देती है? उन्होंने पाया कि जब कोई घुसपैठिया इल्ली आती है तो पहली इल्ली अधिक ज़ोर-ज़ोर से कम्पन करना शुरू कर देती है। वह अपने शरीर को पत्ती पर ठोंककर आवाज़ पैदा करती है और अपने शरीर को पत्ती पर रगड़ती है। यह ध्वनि इस बात का संकेत होती है कि यह इलाका आरक्षित है, कहीं और चले जाओ। यदि घुसपैठिया इल्ली फिर भी आगे बढ़ती है तो कम्पन पहले से भी 14 गुना तेज़ी से होने लगते हैं। जर्नल ऑफ एक्सपेरीमेंटल बायोलॉजी में प्रकाशित शोध पत्र में बताया गया है कि इन कम्पनों से उन्हें अपना छोटा-सा इलाका बचाए रखने में मदद मिलती है, 71 प्रतिशत मामलों में इल्लियां इस तरह अपना इलाका महफ़ूज़ रख पाईं लेकिन जिन मामलों में घुसपैठिया इल्ली हावी हुई तो देखा गया कि निवासी इल्ली रेशम के धागे के सहारे पत्ती से नीचे कूद गई। शोधकर्ताओं का कहना है कि इल्ली पत्ती के सिरे पर इसलिए जाती हैं क्योंकि पत्ती की नोंक लचीली होती है जिसके चलते कम्पन को बढ़ाने में मदद मिलती है, और जान पर आने के समय रेशमी धागे के सहारे कूदना भी आसान है ही।

इल्ली अपने शरीर को पत्ती पर ठोंककर आवाज़ पैदा करती है और अपने शरीर को पत्ती पर रगड़ती है, यह ध्वनि इस बात का संकेत होती है कि यह इलाका आरक्षित है, कहीं और चले जाओ

न्यू बॉर्न बेबी की देखभाल के दौरान पेरेंट्स भूलकर भी न करें ये गलतियां

वरना बच्चे की सेहत को हो सकता है नुकसान

बच्चे का जन्म न सिर्फ माता-पिता बल्कि उनके आसपास के लोगों के लिए भी खुशियों से भरा पल होता है। न्यू बॉर्न बेबी के होने से जितनी खुशी और सुकून की बात होती है, उतनी ही जिम्मेदारियों से भरा काम होता है। क्योंकि नवजात बच्चे काफी ज्यादा नाजुक होते हैं, इसलिए उनकी देखभाल बहुत ध्यान से करने की जरूरत होती है। हालांकि नवजात बच्चे की देखभाल के दौरान पेरेंट्स कुछ ऐसी गलतियां करते हैं, जिसका उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नवजात बच्चे के देखभाल के कुछ जरूरी टिप्स बताने जा रहे हैं। साथ ही उन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

सीधी लाइट न डालें...

नवजात बच्चे की आंखें बहुत सेंसिटिव होती हैं, ऐसे में उनको तेज रोशनी से परेशानी हो सकती हैं। बच्चे को सीधे तौर पर बल्ब या फोन के टॉर्च और सूरज की रोशनी में नहीं ले जाना चाहिए। इससे उनकी आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए बच्चे को ऐसी जगह पर रखें, जहां पर पर्याप्त मात्र में हल्की रोशनी हो। वहीं रात के समय भी बच्चे को तेज लाइट में नहीं ले जाएं, जिससे बच्चे को सोने में परेशानी न हो।

नवजात के पास तेज शोर या म्यूजिक न बजाएं

बता दें कि नवजात बच्चे के पास अधिक शोर या तेज म्यूजिक नहीं बजाना चाहिए। इससे बच्चे को असु. विधा और घबराहट हो सकती है। क्योंकि नवजात बच्चे के कान के परदे काफी नाजुक होते हैं। इसलिए उनके लिए तेज आवाज या म्यूजिक सही नहीं है। तेज म्यूजिक या शोर से बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रभाव पड़ सकता है।

एसी या पंखे की सीधी हवा

इसके साथ ही नवजात बच्चे को कभी भी सीधे तौर पर ठंडी या गर्म हवा में नहीं रखना चाहिए। अगर आप एसी या पंखा चलाते हैं। तो ध्यान रखें कि बच्चे पर इसकी सीधी हवा न पड़े। ठंडी हवा लगने से बच्चे को सर्दी-खांसी की समस्या हो सकती है। वहीं बहुत ज्यादा गर्म वातावरण भी नवजात बच्चे के लिए अच्छा नहीं होता है।

चेहरे पर किस करने से बचें

नवजात बच्चा दिखने में बहुत क्यूट लगते हैं। ऐसे में न सिर्फ उनके पेरेंट्स बल्कि उनसे मिलने आने-जाने वाले लोग भी बच्चे के गाल या माथे पर किस करते हैं। लेकिन यह बच्चे के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। नवजात बच्चे की त्वचा और इम्यून सिस्टम काफी सेंसिटिव होता है। जिसके वजह से वह आसानी से इंफेक्शन के संपर्क में आ सकते हैं।

छोटे बच्चों के साथ नवजात को अकेला न छोड़ें

नवजात बच्चे को कभी भी छोटे बच्चे के साथ अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। क्योंकि छोटे बच्चे समझदार नहीं होते हैं। ऐसे में वह नवजात शिशु को अंजाने में चोट पहुंचा सकते हैं।

आखिर फूटा गुस्सा: ट्रम्प की बढ़ी मुसीबतें

सड़कों पर उतरा 50 अमेरिकी राज्यों का जनसैलाब

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ हजारों प्रदर्शनकारी एक बार फिर सड़कों पर उतर आए। यह प्रदर्शन सभी 50 राज्यों में हुए। प्रदर्शनकारी ट्रम्प की टैरिफ वार की नीतियों, सरकारी नौकरियों में छंटनी का विरोध कर रहे हैं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस का घेराव किया। लोगों ने ट्रम्प पर नागरिक और कानून के शासन को कुचलने का आरोप लगाया।

इस आंदोलन को 50501 नाम दिया गया है, जिसका मतलब 50 विरोध प्रदर्शन, 50 राज्य, 1 आंदोलन है। प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस के अलावा टेस्ला के शोरूम का भी घेराव किया। ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शनों का यह दूसरा दौर है। इससे पहले 5 अप्रैल को ट्रम्प के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन हुए थे। राजधानी वाशिंगटन डीसी समेत सभी राज्यों में प्रदर्शन की बड़ी वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कारोबारी एलन मस्क की आक्रामक नीतियां हैं।

एलन मस्क का दक्षता विभाग लगातार सरकारी विभागों में छंटनी कर रहा है। अब तक हजारों सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा चुका है। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रम्प की अप्रवासियों पर कार्रवाई और दूसरे देशों पर टैरिफ लगाने की सख्त पालिसी भी इन प्रदर्शनों की एक बड़ी वजह है। ट्रम्प के टैरिफ वार से अमेरिका में दूसरे देशों से आने वाली चीजों के दाम बढ़े हैं। इसका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। अमेरिकी सर्वे एजेंसी गैलप के मुताबिक 45 प्रतिशत अमेरिकी वोटर्स ट्रम्प के पहले 3 महीने के कामकाज से खुश हैं, जबकि ट्रम्प के पहले कार्यकाल के शुरुआती 3 महीनों में 41 प्रतिशत वोटर्स ही उनके कामकाज से संतुष्ट थे। हालांकि यह बाकी राष्ट्रपतियों की तुलना में बेहद कम है। 1952 से 2020 के बीच सभी राष्ट्रपति की पहली तिमाही की औसत रेटिंग 60 प्रतिशत है। इसकी तुलना में ट्रम्प की रेटिंग कम दिख रही है। एजेंसी के मुताबिक ट्रम्प के पदभार संभालने के वक्त उनकी रेटिंग 47 प्रतिशत थी। इसमें भी गिरावट दर्ज हुई है।

अमेरिकी टैरिफ अरब के गैर तेल निर्यात के लिए खतरा

बेरूत। अमेरिकी व्यापार संरक्षणवाद में तेज वृद्धि से अरब अर्थव्यवस्थायें भारी दबाव में है, जिससे 22 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल निर्यात को खतरा है। पश्चिमी एशिया के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग द्वारा शनिवार को जारी नीति विवरण में यह बात कही गई। इस मामले में जॉर्डन सबसे कमजोर के रूप में उभरा है, जिसके कुल निर्यात का लगभग एक चौथाई हिस्सा अमेरिका को जाता है। बहरीन भी अमेरिकी बाजार में एल्यूमीनियम और रासायनिक निर्यात पर अपनी भारी निर्भरता के कारण निशाने पर है। विवरण में कहा गया, इस बीच, संयुक्त अरब अमीरात को अमेरिका में होने वाले लगभग 10 अरब डॉलर के पुनर्निर्यात में व्यवधान देखने को मिल सकता है।

ऊंची अदालत में अपील नहीं कर सकेंगे कुलभूषण

- सिर्फ काउंसलर मदद मुहैया कराई
- जासूसी में जाधव 9 साल से जेल में बंद



इस्लामाबाद। पाकिस्तान की जेल में बंद भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को ऊपरी अदालत में अपील करने का अधिकार नहीं दिया गया है। यह जानकारी पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान दी। दरअसल पाक सुप्रीम कोर्ट में इमरान खान के समर्थकों की गिरफ्तारी से जुड़े मामले में सुनवाई चल रही थी। इस दौरान कोर्ट ने वकील से पूछा कि क्या कुलभूषण जाधव को अपील का अधिकार मिला था और अगर मिला था तो पाकिस्तान के नागरिकों को यह अधिकार क्यों नहीं। इस पर रक्षा मंत्रालय के वकील ने कहा कि जाधव को अपील का कोई अधिकार नहीं मिला था। जाधव 2016 से पाकिस्तान की जेल में बंद हैं। पाकिस्तान ने उन पर जासूसी करने का आरोप लगाया है। पाकिस्तानी अखबार डान की रिपोर्ट के मुताबिक जाधव को 2019 में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के फैसले के बाद सिर्फ कान्सुलर एक्सेस दिया गया था। कान्सुलर एक्सेस का प्रावधान होने पर आरोपी को हाई कमीशन के जरिए मदद मिलती है जाधव को बलूचिस्तान से गिरफ्तार किया पाकिस्तानी सेना ने 3 मार्च 2016 को बताया था कि उसने कुलभूषण जाधव को बलूचिस्तान प्रांत से गिरफ्तार किया था। पाकिस्तान ने कुलभूषण पर जासूसी और देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया था। पाकिस्तान ने एक वीडियो जारी किया था, जिसमें जाधव ने कथित तौर पर स्वीकार किया था कि वह भारतीय खुफिया एजेंसी तॉ के लिए काम कर रहे थे और बलूचिस्तान और कराची में अस्थिरता फैलाने में शामिल थे। हालांकि, भारत ने इसे खारिज करते हुए कहा था कि यह जबरन लिया गया बयान है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों ने जाधव को ईरान से अगवा किया। जाधव रिटायरमेंट के बाद ईरान में बिजनेस कर रहे थे।

हसीना को रेड कॉर्नर नोटिस जारी करे इंटरपोल

11 अन्य लोगों पर भी ऐसी ही मांग, तख्तापलट के बाद 9 महीने से भारत में रह रहीं पूर्व पीएम

ढाका। बांग्लादेश पुलिस ने इंटरपोल से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ रेड कार्नर नोटिस जारी करने की मांग की है। हसीना के अलावा 11 अन्य लोगों के खिलाफ भी ऐसी ही मांग की गई है। शेख हसीना पिछले साल अगस्त में हुए तख्तापलट के बाद से भारत में रह रही हैं। बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने शेख हसीना, उनके पूर्व मंत्रियों, सलाहक. ारों और अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। इन पर मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार के आरोप थे। इंटरपोल का रेड नोटिस किसी व्यक्ति को ढूंढ़ने और उसे प्रत्यर्पण या कानूनी कार्रवाई से पहले अस्थाई रूप से गिरफ्तार करने में मदद करता है। शेख हसीना ने 8 अप्रैल को सोशल मीडिया पर बात करते हुए कहा था कि पहले बांग्लादेश को विकास के मॉडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ए आतंकी देश बन गया है। हमारे नेता और कार्यकर्ताओं को जिस तरीके से मारा जा रहा है, उसे बताया भी नहीं जा सकता है। अवामी लीग, पुलिस, वकील, पत्रकार, कलाकार सभी को मारा जा रहा है। हसीना ने कहा कि अब तो इस देश में मीडिया को भी काम नहीं करने दिया जा रहा है। रेप, मर्डर, डकैती किसी चीज की रिपोर्ट नहीं कराई जा रहा है। और अगर इसे रिपोर्ट किया जाता है, तो उस टीवी चौनल या अखबार को टारगेट किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, 'अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से जिंदा रखा है। मैं वापस लौटूंगी। वो दिन जरूर आएगा जब अवामी लीग के नेताओं को निशाना बनाने वालों को इंसाफ के कठघरे में लाया जाएगा। शेख हसीना पिछले साल 5 अगस्त को देश छोड़कर भारत आ गई थीं। उनके खिलाफ देशभर में छात्रों ने प्रदर्शन किए थे। दरअसल बांग्लादेश में 5 जून को हाईकोर्ट ने जाब में 30 प्रतिशत कोटा सिस्टम लागू किया था, इस आरक्षण के खिलाफ ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेना. नियों के परिवारों को दिया जा रहा था। हालांकि हसीना सरकार ने यह आरक्षण बाद में खत्म कर दिया था, लेकिन इसके बाद छात्र उनके इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। बड़ी संख्या में छात्र और आम लोग हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आए थे। इस प्रोटेस्ट के दो महीने बाद 5 अगस्त को उन्होंने पीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। बाद में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार का गठन किया गया था।

हमास ने बंधक वापसी के सौदे को किया खारिज

जेरूसलम। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार शाम को कहा कि हमास ने युद्ध की समाप्ति और गाजा से इजरायली सैन्य वापसी की मांग करके गाजा में आधे बंधकों को वापस करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। नेतन्याहू ने एक रिकॉर्ड किए गए वीडियो बयान में कहा, अगर हम अब हमास के हुक्म के आगे झुक जाते हैं, तो युद्ध की सभी महान उपलब्धियां गायब हो जाएंगी। बयान में इजरायली प्रधानमंत्री ने इस विचार को भी खारिज कर दिया कि इजरायल हमास को धोखा देकर सभी बंधकों को मुक्त कर सकता है और फिर युद्ध फिर से शुरू कर सकता है, उन्होंने तर्क दिया कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय इस तरह के कदम को स्वीकार नही करेगा। इससे पहले दिन में हमास की सशस्त्र शाखा अल-क़स्साम ब्रिगेड ने एक नया वीडियो जारी किया, जिसमें गाजा में एक इजरायली बंधक को दिखाया गया था। चार मिनट के वीडियो में इजरायली बंधक एल्काना बोहबोट लैंडलाइन फोन पर बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो अपने परिवार को उनकी रिहाई के लिए प्रयास जारी रखने के लिए कॉल कर रहे हैं।

रिकॉर्डिंग के अंत में उन्होंने कहा, मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं है। मैं मौत के लिए चिल्ला रहा हूं। कृपया, मेरे लिए यह करो। अल-क़स्साम ब्रिगेड ने बंधकों के संदर्भ में संदेश के साथ वीडियो का समापन किया, वे केवल एक क्षमता के साथ ही वापस आएंगे। यह स्पष्ट नही है कि वीडियो कब रिकॉर्ड किया गया था। इजरायली मीडिया ने बताया कि वीडियो के जारी होने से तेल अवीव, यरुशलम, बीरशेबा और हाइफ़ा में प्रदर्शन शुरू हो गए।

राहुल गांधी अमेरिका पहुंचे

वाशिंगटन। कांग्रेस लीडर और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अमेरिका के दौरे पर पहुंचे हैं। वे स्थानीय समयानुसार बास्टन लोगन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरे। इस दौरे पर राहुल गांधी रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे, जहां वे फैकल्टी और छात्रों से संवाद करेंगे। इसके अलावा राहुल प्रवासी भारतीय समुदाय, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के पदाधिकारियों और सदस्यों से भी मुलाकात कर सकते हैं।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने राहुल गांधी के इस दौरे की जानकारी एक्स पर दी थी। इसमें बताया गया था कि राहुल का यह दौरा 21 और 22 अप्रैल को रहेगा। राहुल ने इससे पहले सितम्बर 2024 में 3 दिन का अमेरिका का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने डलास शहर में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों और शिक्षकों से बातचीत की थी और भारतीय समुदाय को संबोधित किया था।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति आज से चार दिन के भारत दौरे पर

नई दिल्ली। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 अप्रैल को भारत के चार दिन के दौरे पर आ रहे हैं। उनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस और तीनों बच्चे भी इस ट्रिप पर आएंगे। वे इटली का दौरा कर भारत आ रहे हैं। सोमवार सुबह 10 बजे जेडी वेंस दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे। इसके बाद वे अक्षरधाम मंदिर जाएंगे और पारंपरिक भारतीय हस्तशिल्प देखने किसी शापिंग कॉम्प्लेक्स भी जाएंगे। इस दौरे पर जेडी वेंस पीएम मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्री और अमेरिका में भारतीय दूत विनय मोहन क्वात्रा से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी जेडी वेंस के लिए डिनर आयोजित करेंगे। इसके बाद वेंस सोमवार रात को ही जयपुर रवाना होंगे, जहां वे मंगलवार को रुकेंगे। बुधवार को वे आगरा घूमने जाएंगे। अमेरिका का उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है।

चीन ने आपातकालीन मानवीय सहायता के लिए सातवीं खेप भेजी म्यांमार

यांगून। चीन की सरकार की ओर से भेजी गई आपातकालीन मानवीय सहायता की सातवी खेप रविवार को म्यांमार के यांगून अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। म्यांमार में 28 मार्च को आए 7.9 तीव्रता के भूकंप से अब तक 3,726 लोगों की मौत हो चुकी है और 5,105 घायल हुए हैं।

यमन में अमेरिकी स्ट्राइक तीन लोगों की मौत, 4 घायल

सना। यमन की राजधानी सना, इसके बाहरी इलाकों और अन्य प्रांतों पर ताजा अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम तीन लोग मारे गए और चार अन्य घायल हो गए। हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी ने स्वास्थ्य अधिकारियों का हवाला देते हुए शनिवार रात यह जानकारी दी। टेलीविजन के अनुसार अमेरिकी सेना ने सना और इसके पश्चिमी बाहरी इलाकों में 21 हवाई हमले किए, जिसमें उत्तरी सना के अल-नहदा इलाके में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। दक्षिणी सना के सफियाह इलाके में एक कब्रिस्तान में तीसरा व्यक्ति घायल हो गया। हूती टेलीविजन ने कहा कि सना के पश्चिमी बाहरी इलाके में बानी मातर जिले में हवाई हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि पीड़ित नागरिक थे या हूती कार्यकर्ता।

सना के निवासियों के अनुसार, राजधानी पर हवाई हमलों में कई अन्य स्थानों को भी निशाना बनाया गया, जिनमें पूर्वी सना के माउंट नुकुम में अल-हफा सैन्य शिविर में हथियार डिपो और उत्तर-पूर्वी सना में दो सैन्य स्थल शामिल हैं।

उत्तरी गाजा में इजरायली सैनिक की मौत

यरूशलेम। उत्तरी गाजा पट्टी के बेत हनौन में इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के एक सैनिक की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। आईडीएफ ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

बयान के अनुसार मारा गया सैनिक दक्षिणी इजराइल के बेडौइन शहर राहत का 35 वर्षीय ट्रैकर गालेब स्लीमन अलनासरा था। इसमें कहा गया कि एक अन्य आईडीएफ ट्रैकर और दो महिला सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गईं। इजरायल के चैनल 12 न्यूज ने बताया कि हमास के आतंकवादी एक छिपी हुई सुरंग से निकले और आईडीएफ बल पर आरपीजी से फायर किया, जिससे दो महिला सैनिक घायल हो गईं।

चीन की पहली अनोखी रेस: रोबोट हारा, इंसान जीता

बीजिंग। चीन की राजधानी बीजिंग में इंसानों और 21 रोबोट्स के बीच अनोखी हॉफ मैराथन दौड़ हुई। यह पहली बार था जब मशीनों ने 21 किलोमीटर (13 मील) की दूरी तक इंसानों के साथ दौड़ लगाई। यह इवेंट बीजिंग के दक्षिण-पूर्वी यिझुआंग जिले में हुआ, जहां चीन की कई बड़ी टेक्नोलाजी कंपनियों का ऑफिस है। इसका मकसद रोबोटिक्स और टेक्नोलाजी की दुनिया में चीन की तरक्की दिखाना था। चीन की ड्रायडअप और नोएटिक्स रोबोटिक्स जैसी कंपनियों के रोबोट्स ने भी इस रेस में हिस्सा लिया। रेस में शामिल कुछ रोबेट्स का साइज 120 सेमी (3.9 फीट) से कम था, जबकि कुछ 1.8 मीटर (5.9 फीट) तक ऊंचे थे। बीजिंग इनोवेशन सेंटर आफ ह्यूमन रोबोटिक्स के रोबोट तियांगोंग अल्ट्रा ने मशीनों में सबसे पहले 2 घंटे 40 मिनट में इस रेस को पूरा किया, जबकि इंसानी विजेता ने रेस पूरी करने के लिए 1 घंटे 2 मिनट का टाइम लिया। सबसे कम वक्त में 21 किमी की मैराथन पूरी करने का रिकार्ड जैकब किप्लिमो (56 मिनट 42 सेकेंड) के नाम है। रेस के दौरान जिस तरह इंसानों को बीच में पानी पीने की जरूरत पड़ती है उसी तरह रोबोट्स को बैटरियां बदलने की परमिशन दी गई थी।

रोबोट के साथ इंसानी ट्रेनर भी थे, जिन्होंने दौड़ के दौरान मशीनों को सहारा भी दिया। कुछ रोबोट्स ने रनिंग शूज पहने थे, एक ने बॉक्सिंग ग्लव्स पहने थे और दूसरे ने लाल रंग का हेंड-बैंड पहना था जिस पर चीनी भाषा में बाउण्ड टू विन (जीतने के लिए तैयार) लिखा था। रोबोटिक्स सेंटर के चीफ टेक्नोलाजी अफसर तांग जियान ने कहा कि तियांगोंग अल्ट्रा को रेस के दौरान लंबी टांगों और एक एल्गोरिथ्म की मदद मिली। इस वजह से यह इंसानों की तरह मैराथन दौड़ पाया।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108